राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-108
लखनऊ, मंगलवार 05 दिसंबर, 2023
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 4.00
लखनऊ व कानपुर से प्रकाशित

आमंत्रण मूल्य ₹3

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





पैसे के अभाव में अब नहीं रुकेगा किसी का इलाज : मुख्यमंत्री योगी 03

2024 में तेलंगाना की सभी लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा : जी किशन रेड्डी 12


## संक्षिप्त समाचार

### दो गुटों में भड़की हिंसा गोलीबारी में 13 की मौत

**इंफाल।** मणिपुर में सोमवार सुबह 10:30 बजे दो गुटों के बीच हुई गोलीबारी में 13 लोगों की मौत हो गई। घटना म्यांमार बॉर्डर से लगे कुकी बहुल इलाके टेंग्नौपाल जिले के लीथू गांव की है। असम राइफल्स के मुताबिक, इलाके के एक विद्रोही समूह ने म्यांमार जा रहे उग्रवादियों पर ये हमला किया है। मारे गए लोगों की पहचान नहीं हो पाई है। मणिपुर सरकार ने 3 दिसंबर को कुछ इलाकों को छोड़कर राज्य में मोबाइल इंटनेट सेवाएं 18 दिसंबर तक के लिए बहाल की थीं। इसके बाद गोलीबारी की यह पहली घटना है। राज्य में कुकी और मैतेई समूह के बीच आरक्षण को लेकर 3 मई से हिंसा जारी है। हिंसक घटनाओं में अब तक 200 लोग मारे गए हैं। 50 हजार लोग रिलीफ कैंप्स में रह रहे हैं।

### तेलंगाना में एयरफोर्स का ट्रेनर एयरक्राफ्ट क्रैश

**हैदराबाद।** इंडियन एयर फोर्स का एक ट्रेनिंग विमान सोमवार सुबह तेलंगाना में क्रैश हो गया। इस हादसे में दो पायलटों की मौत हो गई। प्लेन मेडक के बाहरी इलाके परिधि रवेली में क्रैश हुआ। विमान में दो पायलट मौजूद थे। जिसमें एक ट्रेनर थे जो नए कैडेट को प्लेन उड़ाना सिखा रहे थे। सोमवार सुबह डिंडिगुल के एयर फोर्स एकेडमी से विमान ने उड़ान भरी और 8:55 बजे क्रैश हो गया। स्थानीय लोगों के मुताबिक, प्लेन कुछ मिनटों में ही जलकर खाक हो गया। पिछले 8 महीनों में एयर फोर्स का यह तीसरा प्लेन एक्सीडेंट है। इससे पहले जून में ट्रेनी विमान किरण क्रैश हो गया था। मई में मिग-21 प्लेन क्रैश हो जाने से तीन पायलटों की मौत हो गई थी।

### राजस्थान में कांग्रेस विधायकों की बैठक आज

**जयपुर।** राजस्थान कांग्रेस विधायक दल (सीएलपी) की मंगलवार को जयपुर में बैठक होने वाली है जिसमें विधानसभा में विपक्ष के नए नेता (एलओपी) पर फैसला किया जाएगा। बैठक में फैसला आलाकमान पर छोड़ने का प्रस्ताव पारित हो सकता है। बैठक में विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार के कारणों पर भी चर्चा होगी और इसकी समीक्षा के लिए एक समिति गठित किए जाने करने की संभावना है। पार्टी की हार के बाद अशोक गहलोत ने रविवार शाम को मुख्यमंत्री पद से अपना इस्तीफा राज्यपाल कलराज मिश्र को सौंप दिया। हार स्वीकार करते हुए और नई सरकार को बधाई देते हुए उन्होंने कहा, हम विनम्रतापूर्वक जनादेश स्वीकार करते हैं। यह सभी के लिए अप्रत्याशित परिणाम है।

### लोकसभा में अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक पारित

**ई दिल्ली।** अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 को संसद से मंजूरी मिल गई है। लोकसभा ने आज इसे ध्वनिमत से पारित कर दिया। राज्यसभा इसे 03 अगस्त को पिछले सत्र में इसे पारित कर दिया था। केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने अधिवक्ता (संशोधन) विधेयक, 2023 को विचार और पारित करने के लिए आज लोकसभा में पेश किया। उन्होंने कहा कि यह विधेयक अपनी उपयोगिता खो चुके सभी अप्रचलित कानूनों या स्वतंत्रता-पूर्व अधिनियमों को निरस्त करने के केंद्र सरकार के प्रयास का हिस्सा है।

# पीएम मोदी के नेतृत्व में बना खेलों का शानदार माहौल

**सीएम योगी ने किया यूपी ग्रामीण खेल लीग का शुभारंभ**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले नौ-दस वर्षों में देश के अंदर खेलों की गतिविधियों का शानदार माहौल बना है। इन गतिविधियों का परिणाम है कि देश खेल के क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स में प्रतिभागी खिलाड़ियों और उनके द्वारा जीते जा रहे पदकों की संख्या से इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री योगी सोमवार को उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के शुभारंभ एवं ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता के समापन-पुरस्कार वितरण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने ग्रामीण खेल लीग की मशाल को प्रज्वलित कर लीग का शुभारंभ किया और कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला समाप्त



करने के बाद खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि खेलो इंडिया, फिट इंडिया मूवमेंट और सांसद खेल स्पर्धा से खेल और खिलाड़ियों को काफी प्रोत्साहन मिला है। इसे और गति देने के हर जिले में स्पोर्ट्स सेंटर बनाए जा रहे हैं। महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को शुभकामना देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जीत से हमे और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है और हार से कमियों को परिमार्जित करने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ी अपने मेहनत व पुरुषार्थ से अपनी पहचान बनाकर क्षेत्र व देश का नाम रोशन करता है। यदि अभ्यास पर ध्यान देते हुए टीम भावना से परिश्रम किया जाता है तो उसके सफल परिणाम आते हैं।

**सभी विकास खंडों में होगी ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता**

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग का शुभारंभ करते हुए कहा कि यह प्रतियोगिता प्रदेश के सभी विकास खंडों में होगी। इसमें कई तरह की खेल प्रतियोगिताएं होंगी। ब्लॉक स्तर के बाद ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को जनपद, जोन और प्रदेश स्तर पर मौका मिलेगा। इससे लाखों खिलाड़ी लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने खेल विभाग को निर्देशित किया कि ग्रामीण खेल लीग में पुरस्कार राशि बेहतरीन होनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ स्मृति अखिल भारतीय प्राइजमनी कबड्डी प्रतियोगिता में अगले वर्ष पुरस्कार राशि दोगुनी करने का निर्देश भी खेल विभाग को दिया। उन्होंने कहा कि कबड्डी भारत की पहचान रही है। उत्तर प्रदेश ने देश को कई उत्कृष्ट और अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने देश को कई खेल विभूतियां दी हैं। एशियन गेम्स में देश ने पहली बार पदकों का आंकड़ा सौ पार किया तो इसमें यूपी के खिलाड़ियों की भी बड़ी भागीदारी रही।

**राष्ट्र प्रथम रहा महाराणा प्रताप का ध्येय : योगी**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि महाराणा प्रताप, महंत दिग्विजयनाथ, महंत अवेद्यनाथ जैसे ऋषि मुनि और महापुरुष का एक ही ध्येय 'राष्ट्र प्रथम' का रहा है। महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के 91वें संस्थापक सप्ताह समारोह के शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए श्री योगी ने सोमवार को कहा कि 1932 में ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ द्वारा स्थापित और उनके बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ द्वारा पुष्पित.पल्लवित महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद अपने संस्थापकों की भावनाओं के अनुरूप तय लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सतत प्रयत्नशील है। शैक्षिक पुनर्जागरण के साथ ही यह परिषद स्वास्थ्य और सेवा के अन्य तमाम प्रकल्पों को लेकर आगे बढ़ रही है।

**खिलाड़ियों को दी जा रही भरपूर धनराशि-नौकरी**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार भरपूर धनराशि देने के साथ उन्हें सरकारी नौकरी दे रही है। डेढ़ लाख रुपये मासिक मानदेय पर कई कोच नियुक्त किए गए हैं। एकलव्य क्रीड़ा कोष से भी खिलाड़ियों को मदद दी जा रही है। उन्होंने कहा कि ओलंपिक, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स, विश्व चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने और पदक जीतने वाले प्रदेश के खिलाड़ियों को भरपूर पुरस्कार राशि तो दिया ही जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतने वालों को राजपत्रित पदों पर नियुक्त किया जा रहा है। प्रदेश में 500 खिलाड़ियों को नियुक्ति दी जा चुकी है।

**खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ा रही सरकार**

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश में खेल के संसाधनों और गतिविधियों को बढ़ाने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इसके तहत हर गांव में खेल के मैदान व ओपन जिम विकसित किए जा रहे हैं। जिला स्तर पर स्टेडियम व ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम बनाए जा रहे हैं। वर्तमान में उत्तर प्रदेश में दो अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम हैं। वाराणसी में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम का कार्य युद्ध स्तर पर जारी है। प्रदेश में 15 सिंथेटिक हॉकी ट्रैक, 03 सिंथेटिक रनिंग ट्रैक, 67 बहुउद्देश्यीय स्पोर्ट्स हाल, 15 इनडोर बास्केटबॉल हाल, 02 जुडो हाल, 06 शूटिंग रेंज बनाए जा चुके हैं। मेरठ में मेजर ध्यानचंद के नाम पर प्रदेश में पहला विश्व स्तरीय स्पोर्ट्स विश्वविद्यालय का निर्माण युद्ध स्तर हो रहा है।

### उड़ान के तहत 78 रूट पर तीन वर्ष बाद भी उड़ानें जारी

**नयी दिल्ली।** केन्द्रीय नागर विमान मंत्री ज्योतिदारित्य सिंधिया ने आज राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार की उड़ान योजना के तहत 76 ऐसे हवाई अड्डा विमानन नक्शे पर आये हैं जिनका कोई अस्तित्व ही नहीं था और इस योजना के तहत 78 रूट पर तीन वर्ष बाद भी उड़ानें जारी है। श्री सिंधिया ने शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर के कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आम आदमी को भी हवाई जहाज से उड़ने के सपने को साकार करने की परिकल्पना के तहत शुरू की गयी इस योजना से प्रति दिन 1.03 लाख लोग उड़ान भर रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत विमानन कंपनियों को तीन वर्षों तक वीजीएफ के तहत मदद दी जा रही है। इस योजना के तहत 78 रूटों पर तीन वर्ष के बाद भी विमान परिचालन जारी है।

# विपक्ष का हंगामा, लोकसभा की कार्रवाई हुई स्थगित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** बसपा के कुंवर दानिश अली की ओर से पिछले सत्र में अपमानित करने के मामले को उठाने की कोशिश के दौरान विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण लोकसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन समवेत होते ही दिवंगत पूर्व सांसद सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उसके बाद गले में तख्ती लटकाकर आए कुंवर दानिश अली ने कहा कि पिछले सत्र में सदन में उनके साथ जिस प्रकार का दुर्व्यवहार किया गया और इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुई है। उन्होंने अध्यक्ष से इस मामले में कार्यवाही की माँग की। इस दौरान विपक्ष के अन्य सैसी भी खड़े होकर हंगामा करने लगे। लोकसभा अध्यक्ष ने कुंवर दानिश अली से कहा कि सदन के अंदर इस प्रकार का व्यवहार सही नहीं है। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों ने से नियमों का पालन करने का आग्रह करते हुए कहा कि इस सदन के अंदर प्लेकार्ड नहीं चलेगा। विपक्ष का हंगामा जारी रहने पर सदन को दोपहर 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने दानिश अली के प्लेकार्ड लाने पर आपत्ति जताई। गौरतलब है कि संसद के विशेष सत्र में लोकसभा में 'चंद्रयान-3 की सफलता और अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत की उपलब्धियां' पर चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने 21 सितंबर को दानिश अली के लिए आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया था।

# काशी के 21 वैदिक ब्राह्मणों को मिली रामलला की प्राण प्रतिष्ठा की जिम्मेदारी

**18 जनवरी से होगी प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में भगवान राम की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होगी। इस प्राण प्रतिष्ठा की सारी जिम्मेदारी काशी के 21 वैदिक ब्राह्मणों के हाथ में रहेगी। 21 वैदिक ब्राह्मण अच्छे से इस कार्यक्रम को पूरा कराएंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शामिल होंगे और मृगशिरा नक्षत्र में मूर्ति स्थापित कराएंगे।

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा समारोह की शुरुआत 18 जनवरी से हो जाएगी। विधिवत प्राण प्रतिष्ठा की




विधि का आरंभ गणेश, अंबिका पूजन, वरुण पूजन, मातृका पूजन, ब्राह्मण वरण, वास्तु पूजन से होगा। काशी के वैदिक पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित के आचार्यत्व में वैदिक ब्राह्मणों की टोली 17 जनवरी को अयोध्या के लिए रवाना होगी। मुख्य आचार्य पं. लक्ष्मीकांत दीक्षित होंगे और उनके पुत्र जयकृष्ण दीक्षित और सुनील दीक्षित पूजन कराएंगे। 17 जनवरी को ही रामलला की प्रतिमा अयोध्या में नगर भ्रमण पर निकलेगी।22 जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह होगा। इसमें शामिल होने के लिए बड़े-बड़े साधु-संतों को निमंत्रण भेजा जा रहा है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट डाक विभाग के जरिए साधु-संतों को निमंत्रण पत्र भेज रहा है। जिसकी एक तस्वीर सामने आई है। निमंत्रण पत्र के लिफाफे पर श्प्राण प्रतिष्ठा समारोह लिखा गया है। इसके अंदर एक पत्र है। जिसमें साधु-संतों को रामलला प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होने के लिए निमंत्रण दिया गया है। निमंत्रण पत्र के साथ ही संतों महंतों से एक अपील भी की जा रही है कि संत छत्र चवर और निजी ठाकुर जी को लेकर कार्यक्रम स्थल पर न पहुंचें। राम मंदिर के गर्भगृह को सरयू से लाए गए 81 कलशों के जल से धोने के बाद वास्तु शांति और अन्नाधिवास कर्मकांड होंगे।

# चालू वित्त वर्ष में 1.66 लाख करोड़ पहुंचा मासिक जीएसटी कलेक्शन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को संसद में बताया कि चालू वित्त वर्ष में अब तक औसत मासिक संग्रह 1.66 लाख करोड़ रुपये है। लोकसभा में एक प्रश्न का लिखित उत्तर देते हुए सीतारमण ने कहा कि चालू वित्त वर्ष के हर महीने में 1.50 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा रहा व अप्रैल, 2023 में 1.87 लाख करोड़ के रिकार्ड स्तर पर पहुंच गया।

2022-23 में औसत मासिक जीएसटी कलेक्शन 1.50 लाख करोड़ रुपये से अधिक था। 2021-22 में ये आंकड़ा 1.23 लाख करोड़ और 2020-21 में 94,734 करोड़ रुपये था। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि 2021-22 और 2022-23 के



लिए औसत मासिक जीएसटी कलेक्शन में साल-दर-साल 30 प्रतिशत और 22 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।

वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने सोमवार को कहा कि देश 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर अग्रसर है और अमृत काल की शुरुआत में पांच ट्रिलियन डालर की आर्थिकी बन जाएगा। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भारत को 2027-28 में पांच ट्रिलियन डालर के साथ दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान लगाया है।

### कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी

**वाराणसी।** कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला के खिलाफ लंबित मुकदमे की सुनवाई सोमवार को विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) अवनीश गौतम की अदालत में हुई। सुनवाई में लगातार अनुपस्थित रहने के कारण अदालत ने सुरजेवाला के खिलाफ गैरजमानती वारंट जारी किया है। इसका तामिला सुनिश्चित कराने के लिए दिल्ली पुलिस कमिश्नर को जिम्मेदारी सौंपी है। गिरफ्तारी पर सुप्रीम कोर्ट की ओर से 14 दिसंबर तक रोक है। इसे देखते हुए अदालत ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 16 दिसंबर दी है। बहुचर्चित संवासिनी कांड में कांग्रेस नेताओं को आरोपित बनाए जाने के विरोध में 21 अगस्त 2000 को तत्कालीन युवक कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरजेवाला, कांग्रेस नेता एसपी गोस्वामी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने आयुक्त कार्यालय परिसर में नारेबाजी की थी।

# मिजोरम में जेडपीएम को भारी बहुमत

एजेंसी

**एजल।** मिजोरम विधान सभा चुनाव में सत्ता विरोधी तेज लहर के बीच प्रदेश के सबसे नए राजनीतिक दल जोरम पीपुल्स मूवमेंट (जेडपीएम) ने शानदार जीत दर्ज करते हुए 40 में से 27 सीटें जीत कर मिजो नेशनल फ्रंट (एमएनएफ) को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया।

मुख्यमंत्री जोरमथांगा एजल पूर्व-1 की अपनी सीट से चुनाव हार गए हैं। इस चुनाव ने मिजोरम के राजनीतिक इतिहास को एक नया मोड़ दिया है। मिजोरम को राज्य का दर्जा मिलने के बाद से यहां की सत्ता कांग्रेस और एमएनएफ के बीच घुमती चली आ रही थी । सत्ता की इस द्विध्रुवीय राजनीति को जेडपीएम ने भंग किया है। एमएनएफ लगातार तीन बार से राज्य में सत्ता में थी और पिछले विधानसभा चुनावों में इसे 26 सीटें हासिल हुई थीं,



इस पार्टी ने उसके बाद हुए उपचुनावों में दो और सीटें हासिल की थीं। इस बार चार अन्य राज्यों के साथ नवंबर में कराए गए मिजोरम के चुनाव की सोमवार को हुई मत गणना के बाद एमएनएफ केवल 10 सीटों पर सिमट कर रह गयी है। भाजपा ने भी पिछले चुनाव में एक विधायक की तुलना में दो सीटें जीतकर कुछ बेहतर प्रदर्शन किया है।

ईसाई-बहुल इस राज्य में कांग्रेस केवल एक सीट पर जीत हासिल कर पाई। वयोवृद्ध कांग्रेसी नेता सी न्गुनलियानचुंगा लॉन्टलाई पश्चिम सीट पर लगातार तीसरी बार विजय दर्ज करने में सफल रहीं। वहीं केन्द्र की सत्ता में आसीन भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को दो सीटों पर ही जीत हासिल हुई है। वर्ष 2017 में स्थापित जेडपीएम ने अपने गठन के बाद मिजोरम विधानसभा के दूसरे चुनाव में अपनी धाक जमायी है।

इस पार्टी के उत्थान के साथ एमएनएफ और कांग्रेस जैसी राज्य की पुरानी पार्टियां इस बार हासिए पर चली गयीं। तीन बार के मुख्यमंत्री जोरमथांगा और उप-मुख्यमंत्री तावंलुइया सहित कई दिग्गज समझे जाने वाले उम्मीदवारों को इस चुनाव में मुंह की खानी पड़ी है। श्री जोरमथांगा (79) एजल पूर्व-1 विधान सभा सीट पर जेडपीएम उम्मीदवार और पूर्व विधायक लालथनसांगा से 2101 वोटों से हारे। उप मुख्यमंत्री और जेडपीएम के अस्सी वर्षीय उम्मीदवार तावंलुइया को तुइचांग निर्वाचन क्षेत्र में जेडपीएम उम्मीदवार डब्ल्यू छुआनावमा पराजित किया।

### नहीं होगा डाकघरों का निजीकरण : वैष्णव


**नई दिल्ली।** संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि डाकघरों का निजीकरण नहीं किया जायेगा और सरकार की ऐसी कोई मंशा भी नहीं है। श्री वैष्णव ने सोमवार को राज्यसभा में डाक घर विधेयक 2023 पर हुयी चर्चा का जबाव देते हुये कहा कि कुछ सदस्यों ने डाकघरों के निजीकरण किये जाने की आशंका जतायी है जो सही नहीं है। डाकघरों का निजीकरण नहीं किया जा रहा है और सरकार की ऐसी कोई मंशा भी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस विधेयक के माध्यम से डाकघर का विस्तार कर कई तरह की सेवायें शुरू करने के प्रावधान किये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि डाकघर अब बैंक बन चुके हैं। डाकघर के बचत खातों में 17 लाख करोड़ रुपये से अधिक जमा है। इसके साथ ही सुकन्या समृद्धि योजना में भी एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा है।

# भाजपा के सत्ता से बेदखल होते ही अग्निवीर की व्यवस्था हटाएंगे

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी से लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया। पांचों राज्यों के चुनाव परिणाम और सपा के निराशाजनक प्रदर्शन के बीच अखिलेश यादव ने आयर बाजार चोलापुर में आयोजित 12 दिवसीय बिरहा दंगल के समापन समारोह में केन्द्र सरकार पर जमकर निशाना साधा।

काशी से देश में बदलाव का आह्वान कर अखिलेश यादव ने कहा कि चाहे हम इसको सबसे पुरानी नगरी कहें, चाहे हम इसको अपने धर्म की सबसे प्राचीन जगह कहें, बनारस में



हम आपसे अपील करते हैं कि आने वाले समय में जो लोकतंत्र, संविधान को खतरा है, उसको बचाने के लिए समाजवादी आंदोलन की आप लोग मदद कीजिएगा। उन्होंने कहा कि आप भाजपा की सरकार हटाओ, अग्निवीर की व्यवस्था को हम लोग हटाएंगे।यह आधी अधूरी नौकरियां जो 4 साल की दी जा रही हैं, इससे हमारे देश की सीमाओं की सुरक्षा नहीं हो सकती। सीमाओं को सुरक्षा तभी मिलेगी जब अग्निवीर जैसी व्यवस्था खत्म होगी।

**समारोह**


**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह में घोषणा करते हुए कहा**

# भारतीय संस्कृति के अनुसार किया जाएगा नौसेना में रैंकों का नाम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग में 'नौसेना दिवस 2023' समारोह में घोषणा करते हुए कहा कि भारतीय नौसेना में रैंकों का नाम बदल कर भारतीय संस्कृति के अनुसार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने कहा कि सरकार सशस्त्र बलों में महिलाओं की संख्या बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

प्रधानमंत्री ने नौसेना दिवस के अवसर पर भारतीय नौसेना के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज किसी भी देश के लिए समुद्र में ताकत के



महत्व को जानते थे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सिंधुदुर्ग के राजकोट किले में छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा का अनावरण किया।

उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज की समृद्ध समुद्री विरासत को भी श्रद्धांजलि अर्पित की, जिन्होंने सिंधुदुर्ग किले सहित कई तटीय और समुद्री किलों का निर्माण कराया था।

प्रधानमंत्री मोदी ने नौसेना दिवस के मौके पर भारतीय नौसेना के ऑपरेशनल प्रदर्शन को भी देखा। नौसेना दिवस कार्यक्रम में मोदी ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने राष्ट्र के लिए नौसेना के महत्व को समझा था। प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया आज भारत को 'विश्व मित्र' के रूप में देख रही है।

आज स्पेस हो या फिर समुद्र, हर जगह दुनिया को भारत का सामर्थ्य दिख रहा है। विविध क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियां दुनिया में स्थिरता ला रही हैं और यह विश्व-मित्रग के रूप में उभरा है। उन्होंने देश की बढ़ती वैश्विक प्रोफाइल को बड़ी उपलब्धि के रूप में पेश करते हुए कहा कि आज का भारत अपने लिए बड़े लक्ष्य तय कर रहा है और उसे पाने के लिए अपनी पूरी क्षमता का उपयोग कर रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा, अपनी विरासत पर गर्व करते हुए, मुझे यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि भारतीय नौसेना में रैंकों का नाम भारतीय संस्कृति के अनुसार बदला जाएगा। हम सशस्त्र बलों में अपनी नारी शक्ति की संख्या बढ़ाने पर भी जोर दे रहे हैं। मैं नौसेना जहाज पर देश की पहली महिला कमांडिंग ऑफिसर की नियुक्ति के लिए नौसेना को बधाई देना चाहता हूं।

**संसद को हार का गुस्सा निकालने का मंच न बनाए विपक्ष**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विपक्ष का आज आह्वान किया कि वे संसद को पराजय का गुस्सा निकालने का मंच ना बनायें और नकारात्मकता एवं नफरत छोड़ कर सकारात्मक विचार के साथ आये और देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने के लिए जनता की आकांक्षा को पूरा करने में सहयोग करें। श्री मोदी ने यहां संसद के शीतकालीन सत्र की शुरुआत के पहले संसद भवन परिसर में मीडिया को दिये अपने वक्तव्य में चार राज्यों के चुनावी परिणामों को नकारात्मकता के विरुद्ध जनादेश बताते हुए कहा, कल ही चार राज्यों के चुनाव नतीजे आए हैं। बहुत ही उत्साहवर्धक परिणाम आए हैं। ये उनके लिए उत्साहवर्धक हैं, जो देश के सामान्य मानवी के कल्याण के लिए, देश के उज्ज्वल भविष्य के लिए समर्पित हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, फ्सभी समाजों और सभी समूहों की महिलाएं, युवा, हर समुदाय और समाज के किसान और मेरे देश के गरीब। ये चार ऐसी महत्वपूर्ण जातियां हैं जिनके सशक्तिकरण, उनके भविष्य को सुनिश्चित करने वाली ठोस योजनाएं और अंतिम व्यक्ति तक पहुंच के उसूलों पर जो चलता है, उन्हें भरपूर समर्थन मिलता है। उन्होंने कहा कि इतने उत्तम जनादेश के बाद आज हम संसद के इस नए मंदिर में मिल रहे हैं। जब इस नए परिसर का उद्घाटन हुआ था, तो उस समय एक छोटा सा सत्र था और एक ऐतिहासिक निर्णय हुआ था।

# नपं के जिम्मेदार बेपरवाह, जलभराव नागरिकों के लिए बनी परेशानी

**जैदपुर बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

नगर पंचायत जैदपुर के कस्बा वसीनगर स्थित सुरेश राइस मिल के पास एक हिस्से मे महीनो से बारिश के चलते जलभराव बना हुआ है।जिसके चलते यहां रहने वाले लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ रहा है।जलभराव के चलते हर वर्ष यहां रहने वाले कुछ लोग अपना मकान छोड़कर किसी रिश्तेदार के यहा रहने चले जाते है।वही जो किसी रिश्तेदार के यहा नही जा पाते वह बांस और लकड़ी के पटरे का पुल बनाकर उससे निकलने को मजबूर हो जाते है।उसी बांस और लकड़ी के पटरे के पुल से ही मासूम बच्चे स्कूल आदि भी आते जाते है।जिससे उन मासूमो को पानी मे गिरने का खतरा भी बना रहा है।जबकि जनपद के मुखिया जिलाधिकारी ने बारिश के दौरान ही कही भी जलभराव न हो इसके लिए आदेश भी दिया था जिसके बाद यहां भी नगर पंचायत के अधिकारी और कर्मचारियो ने आकर खानापूर्ति कर चले गये।लेकिन यहा के लोगो को इस जलभराव से आज महीनो बीत जाने के बाद भी छुटकारा नही मिला है।वही संक्रामक बीमारियो का खतरा अलग बना हुआ है।जलभराव के चलते इनके घरो मे लगे हैंडपंप बदबूदार पानी दे रहे।जिसको मजबूरी मे इन्हे पीना पड़ रहा है।यहा रहने वाले लोगो ने बताया की पिछले साल एक छोटी बच्ची इसी पुल से पानी मे गिर गयी थी।गनीमत यह रही कि तत्काल उसे निकाल लिया गया था जिससे कोई अनहोनी नही हुई।लोगो ने नगर पंचायत से इस जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।आपको बताते चले कि नगर पंचायत विस्तार मे इसी चुनाव से पहले नगर पंचायत जैदपुर मे शामिल मोहल्ला



वसीनगर के सुरेश राइस मिल के पास एक हिस्सा नीची जमीन पर बसा है जिसमे कई लोग मकान बनाकर रह रहे है वही कुछ लोगो के मकान बन रहे है। ग्राम पंचायत मे रहने के दौरान किसी ने भी इस ओर ध्यान नही दिया जिससे हर वर्ष यहा जलभराव के चलते यहा रहने वाले लोगो को भारी परेशानियो का सामना करना पड़ता है।जब बारिश के चलते तीन से चार फीट पानी यहा भर जाता है तब लोगो को यहा से निकलना दुश्वार हो जाता है।जलभराव के चलते जहां कई परिवार अपने घर छोड़कर रिश्तेदारो के यहा पनाह लेते है।वही जो परिवार कही नही जा पाते वह लोग निकलने के लिए बांस और लकड़ी के पटरो से पुल बनाकर उससे निकलते है जो काफी खतरनाक होता है।क्योकि इसके टूटने के साथ ही इसपर से छोटे बच्चो के गिरने का खतरा भी बना रहता है।यहां के निवासी फूलबाबू फूलन ने बताया कि पिछले वर्ष उनकी 4 वर्षीय भतीजी इसी तरह बने पुल से पानी मे गिर गयी थी वह तो गनीमत रही कि तत्काल उसे पानी से निकाल लिया गया वर्ना बड़ी घटना घट सकती थी।उन्होने बताया कि जलभराव के चलते बच्चो को स्कूल आने जाने मे भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मोहल्ले के ही अकरम खान, नफीसुल निशा,शमीम बानो, राजू,मुन्नू आदिल,नसीम, शीबू, मुनव्वर आदि ने बताया कि जलभराव के चलते या तो उन्हे घर छोड़कर किसी रिश्तेदार के यहा पनाह लेनी पड़ती है या आने जाने के लिए बांस और पटरे का पुल बनाकर उसपर से आना जाना पड़ता है जो बच्चो के आने जाने मे काफी खतरा रहता है।सभी मोहल्लावासियो ने नगर पंचायत से जलभराव की समस्या को खत्म करने के लिए मार्गो के निर्माण की मांग की है।वही वार्ड के सभासद प्रतिनिधि निजामुद्दीन निजामू ने बताया कि उन्होने नगर पंचायत को कई बार इस जलभराव की समस्या से अवगत कराया जा चुका है लेकिन अभी तक जलनिकासी के लिए कोई कार्रवाही नही हुई है।

# माफियाओं के खनन पर पासी समाज आक्रोशित

**गंगा बक्श रावत के किले के ध्वंसावशेष में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर खनन रोकने की मांग**

**मसौली बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

पासी समाज के अंतिम शासक राजा गंगाबख्श रावत के क़िले के ध्वंशावशेष मे दबँग माफियाओ द्वारा खनन किये जाने पर इण्डियन पासी समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज रावत के नेतृत्व में पासी समाज के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मौक़े पर पहुँच कर आक्रोश व्यक्त किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आये सभी कार्यकर्ताओं को अवगत कराया कि यह पासी समाज की धरोहर है इसे कुछ लोगों द्वारा मिटाए जाने हेतु मिट्टी उठाकर



समतलीकरण करके खेत बनाने का प्रयास किया गया है। जिसे क़तई बर्दस्त नहीं किया जाएगा।

प्रदेश अध्यक्ष राम सहाय ने कहा कि क़िले की मिट्टी को ले जाने हेतु किए गए रास्ते को चिन्हीकरण कर उसे रास्ते को लिंक रोड से जोड़ने का कार्य शासन द्वारा कराया जाये। कार्यकर्ताओं द्वारा उक्त प्रशासन को उपज़िलाधिकारी नवाबगंज को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया गया । इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सरोज रावत, प्रदेश अध्यक्ष राम सहाय, उपाध्यक्ष श्रवण कुमार, ज़िलाध्यक्ष सत्यनाम रावत, ज़िला उपाध्यक्ष देशराज रावत, इण्डियन पासी समाज के संस्थापक राम नरेश रावत के सुपुत्र अरुण रावत, जगतजीत सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कृष्ण विदुर की कथा सुन स्रोता हुए भाव-विभोर

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

मां आदिशक्ति दुर्गा मंदिर लाही में डा विजय कुमार मिश्रा के आयोजन में कथा व्यास पंडित उदय मिश्र प्रेमी जी महाराज अवध धाम के द्वारा आज भागवत कथा के तृतीय दिवस की प्रथम पाली में विदुर एवं भगवान श्री कृष्ण के भाव भक्ति प्रसंग पर सभी श्रोता विभोर हो गए उन्होंने बताया कि भगवान केवल भाव के भूखे है दुर्योधन घर मेवा त्यागियो साग विदुर घर खायो के प्रसंग के माध्यम से सभी भक्त गोविंद की भक्ति में डूब गए सृष्टि विस्तार एवं कर्दम जी की पावन कथा का भक्तों ने रसपान किया श्रीमद् भागवत कथा का समापन 8 दिसंबर को होगा कल



से बहुत ही रोचक लीलाएं भगवान राम का जन्म एवं श्री कृष्ण भगवान का जन्म की कथा भक्तों को श्रवण करने के लिए मिलेगी यह जानकारी आयोजन डॉ विजय कुमार मिश्रा जी ने दी प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ रही है और अपने गीत संगीत भजनों के माध्यम से श्री उदय प्रेमी जी महाराज सभी श्रोता जनों का मन आनंदित कर रहे हैं।

# नौ को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत, डीजे ने दिए निर्देश

**बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

जनपद न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रवीन्द्रनाथ दूबे की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत दिनांकित-09.12.2023 के आयोजनार्थ विभिन्न प्रकृति के दीवानी वादों एवं फौजदारी वादो को नियत व निस्तारित कराये जाने के क्रम में जनपद न्यायालय के समस्त सम्मानित न्यायिक अधिकारीगण के साथ विचार-विमर्श बैठक आहूत की गई। जनपद न्यायाधीश द्वारा दिनांक नौ दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा, जिसकी तैयारी पर प्रकाश डाला गया और इस सम्बन्ध में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण तथा उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जारी पत्रों पर चर्चा की गई। आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये जाने



हेतु ज्यादा से ज्यादा वादों के चिन्हित कर निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, एवं न्यायिक अधिकारियों को विभिन्न प्रकीर्ण वादों, विभिन्न अधिनियमों के निस्तारण योग्य वादों तथा पराक्रम्य लिखत अधिनियम के अधिकाधिक वादों करने पर बल दिया गया तथा राष्ट्रीय आयोजन में अधिक से अधिक वादों को निस्तारित करने के लिये निर्देशित किया गया। सभी अधिकारियों को यह भी सुझाव दिया गया कि वह अपने अपने न्यायालयों में निस्तारण योग्य सभी प्रकृति के वादों के लिए संबंधित को नोटिस जारी करें तथा नजारत अनुभाग से एवं आवश्यकतानुसार पुलिस विभाग को सम्मन एवं नोटिसों के शत प्रतिशत तामीला लोक अदालत के पूर्व कराने हेतु भी निर्देशित किया गया। बैठक में सभी न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहें। इसके अतिरिक्त अनिल कुमार शुक्ल नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत द्वारा सम्मन तामिला समिति की बैठक की गई जिसमें पुलिस विभाग से अपर पुलिस अधीक्षक एवं उपजिलाधिकारी उपस्थित रहें एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु जनपद न्यायालय के समस्त लिपिक/ मुंसरिम/रीडर के साथ बैठक की गई जिसमें राष्ट्रीय लोक अदालत में चिन्हित वादों को सीआईएस पोर्टल पर अपलोड करने एवं चिहिन्त वादों में नोटिस निर्गत करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

## बाराबंकी सिविल बार में मनाया गया डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का जन्म दिवस

**बाराबंकी।** सिविल बार में भारत गणराज्य के प्रथम राष्ट्रपति स्वतंत्रा संग्राम सेनानी अधिवक्ता समाज के गौरव बाबू राजेन्द्र प्रसाद का जन्म दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। बाबू राजेन्द्र प्रसाद का जन्मदिवस ''अधिवक्ता दिवस'' के रूप में मनाया जाता है, उपस्थित अधिवक्ताओं ने उनके कृतित्व व्यक्तित्व पर चर्चा की एवं उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। अधिवक्ताओं ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर शासकीय अधिवक्ता रामलखन शुक्ला, आशीष दत्त पाण्डेय, विष्णु रस्तोगी, रचना सिंह, अनूप पाण्डेय, मुकेश दीक्षित, रामओतार प्रजापति सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में 130 मरीजों की हुई जांच

**हैदरगढ़, बाराबंकी। समृद्धि न्यूज**

**शिविर में मौजूद डॉक्टर ने बताया- लगभग 130 मरीजों की आंखों की हुई जांच**

सुबेहा कस्बा स्थित सपा कार्यालय पर सपा नेता हुमायूं हुसैन के सौजन्य से निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे सिंह केयर हास्पिटल संभई चौराहा जिला अमेठी के कुशल चिकित्सकों द्वारा मरीजों की आखों की निशुल्क जांच कर उन्हें जरूरी परामर्श दिया गया। शिविर में मौजूद डॉक्टर आनंद कुमार ने बताया की इस शिविर में लगभग 130 मरीजों की आखों की जांच की गई जिसमे से 30 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हित किए गए।

गरीब मरीज जिसके पास आयुष्मान कार्ड बने हैं उनका निशुल्क इलाज अस्पताल में किया जाएगा। इस दौरान हुमायूं हुसैन ने कहा की आंखे अनमोल रत्न है इसलिए इसके प्रति लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए जरा सी दिक्कत होने पर तत्काल जांच करवानी चाहिए। गरीब व्यक्ति पैसे के अभाव में जांच व इलाज नहीं करवा पाता है। सिंह आई केयर हास्पिटल के चिकित्सक द्वारा शिविर लगाकर मरीजों की निशुल्क जांच व परामर्श देकर उन्हें जागरुक किया जा रहा है जो सराहनीय है इस मौके पर सभाजद राधेश्याम यादव , कुंवर बहादुर शाहू , सहित बड़ी संख्या में कस्बा के लोग मौजूद रहे।

# खबरें एक नजर में

## नेपाली शराब के साथ दो अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी समृद्धि न्यूज।** 04 दिसंबर 2023 को थाना गौरीफंटा पुलिस द्वारा दो अभियुक्त संदीप पुत्र खेमकरन व सूरज पुत्र सिपाही निवासी बनगवां थाना गौरीफन्टा जनपद खीरी को 30-30 पौआ अवैध नेपाली शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना गौरीफंटा पर मुकदमा दर्ज किया गया। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में उनि अभिषेक कुमार पाण्डेय,का0 मोहित कुमार,का0 राजीव सिंह,का. शिवम मौजूद रहे।

## मौसम ने ली करवट, पूरे दिन रुक-रुककर हुई बारिश

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** मौसम ने बदला मिजाज ,हल्दी हवाओं के साथ पूरे दिन रुक रुक कर होती रही बारिश।इन सर्द हवाओं के साथ बदल रहा मौसम का मिजाज। बारिश से अस्त व्यस्त हुई लोगो की जिंदगी,पूरे दिन शहर लखीमपुर की मेन मार्केटो में छाया रहा सन्नाटा ।

## मच्छरों की बढ़ोतरी से जन मानस परेशान

**लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।** इस समय मौसम बदल रहा है। शहर में बरसात व घरों से निकलने वाला पानी सीधे नालियों में जाना चाहिए। परन्तु ज्यादातर जगहों पर नाली साफ न होने के कारण मच्छरों का लार्वा गंदे पानी में पनप रहे हैं। जिस कारण मच्छरों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। जिससे मलेरिया, चिकुनगुनिया, डेंगू जैसे रोग समाज में फैल रहे हैं। कहीं कोई दवा का छिड़काव नहीं होता है न ही फॉगिंग कराई जाती हैं। सिर्फ दिखाने को कभी कभार फागिंग करा दिया जाता है। लेकिन मच्छरों की संख्या जैसे को तैसे हैं। शहर लखीमपुर में मच्छरों की भरमार है। मोहल्ला संतोष नगर कॉलोनी के रेलवे लाइन के किनारे काशीराम कॉलोनी, हाथीपुर, फतेहपुर, अर्जुनपुरवा,संकटादेवी,महाराज नगर सहित मुहल्ले वाले काफी मच्छरों से लोग परेशान है। लेकिन मच्छरों से कोई निजात नहीं मिल पा रही है। अगर कभी भी इस सम्बन्ध में जिम्मेदारो से बात की जाती है तो वह आज कल कहकर टाल देते हैं।

## कारों की आमने-सामने भिड़ंत, बाल-बाल बचे लोग

**मसौली, बाराबंकी।** गोंडा बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग पर नेवला गांव के निकट हाइवे पर आमने सामने दो कारो मे हुई भिंडत के बाद एक कार सड़क के किनारे गड्ढे मे पलट गयी। गनीमत रही हादसे मे दोनो कारो मे सवार सभी लोग सुरक्षित रहें मौक़े पर पहुंची मसौली पुलिस ने क्रेन की मदद से खाई मे पलटी कार को बाहर निकलवाया दुर्घटना मे किसी ओर से कोई तहरीर नही मिली है। सोमवार को सिफ्ट डिजायर चालक राणा प्रताप सिंह पुत्र चंद्रभान सिंह निवासी गंगा विहार कालोनी चिनहट अपने भाई निर्भय प्रताप सिंह व पत्नी व पुत्र के साथ अपनी सिफ्ट डिजायर गाड़ी नंबर डीएल 6 सीपी 2095 से गोंडा से लखनऊ की ओर जा रहे थे कि सामने से आ रहे ग्राम पेनीपुर थाना इटावा जनपद सिद्धार्थनगर निवासी सूर्यमणि पाण्डेय पुत्र कन्हैया पाण्डेय की कार नंबर यूपी 55 एके 3012 की हाइवे पर स्थित ग्राम नेवला के निकट आमने सामने टक्कर हो गयी जिसमे सिफ्ट डिजायर कार अनियंत्रित होकर हाइवे के किनारे गहरी मे पलट गयी। गनीमत रही दोनो कारो मे सवार सभी लोग सुरक्षित रहे। सूचना पर पहुंची मसौली पुलिस ने खाई मे पलटी कार को क्रेन के जरिये निकालकर बाहर किया। दोनो ओर से कोई तहरीर नही मिली है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

**रामनगर, बाराबंकी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की आवश्यक लिखा पढ़ी कर शव को शिनाख्त के लिये जिला मुख्या लय भेज दिया है।खबर लिखे जाने तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार थाना रामनगर के अन्तर्गत हाईवे पर स्थित ग्राम मलिहामऊ के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक 30 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई।ग्रामीणों के द्वारा जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंचकर मृतक की जामा तलाशी लेते हुए आसपास के लोगों से पूछताछ की।लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चल सका।पुलिस ने आवश्यक लिखा पढ़ी के बाद शव को शिनाख्त के लिये जिला मुख्यालय भेजा है।

# डीएम के आदेश पर ऑन स्पॉट बहाल हुई फरियादी की पेंशन

**लखीमपुर खीरी। समृद्धि न्यूज**

तहसील मितौली क्षेत्र के मैगलगंज गांव निवासी राधिका देवी पत्नी रज्जन लाल अपनी फरियाद लेकर सोमवार को जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनता दर्शन में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह के सामने उपस्थित होकर कहा कि साहब सत्यापन के दौरान कागजों में सचिव ने मुझे मृत दिखा दिया, जिस कारण मेरी पेंशन रोक दी गई है। डीएम ने तत्काल जिला समाज कल्याण अधिकारी को तलब किया। उसकी पेंशन तत्काल शुरू कराने की कार्रवाई अमल में लाने के निर्देश दिए। दोषी कर्मियों के खिलाफ जांच के निर्देश भी दिए हैं। डीएम के निर्देश पर कलेक्ट्रेट पहुंचे डीएसडब्लूओ सुधांशु शेखर ने पूरे मामले को चेक कराया, जिसमें पेंशनभोगी महिला की शिकायत सही मिली। सत्यापन के दौरान सचिव ने फरियादी महिला को मृतक दिखा दिया, जिस कारण इसकी पेंशन ब्लॉक कर दी।

उन्होंने पेंशन को ऑन स्पॉट अनब्लॉक कराया। फरियादी महिला की केवाईसी कराते हुए विकास भवन स्थित इंडियन बैंक पहुंचकर एनपीसीआई कराया। अगले माह को मिलने वाली किस्त में महिला को पेंशन का लाभ मिलेगा। डीएम की दरियादिली से खुश होकर गरीब वृद्ध ढेरों दुआएं देता हुआ चैंबर से विदा हो गया। डीएम ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को यह भी निर्देश दिया कि सत्यापन की जांच कर दोषी अधिकारी व कर्मचारी के विरुद्ध कार्रवाई भी की जाए।

# कार्रवाई : अपात्रों को आवास देने पर वीडीओ निलंबित, उप मुख्यमंत्री से की थी शिकायत

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज**

गोला गोकर्णनाथ के कुंभी ब्लॉक के धर्मेन्द्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी विकास खण्ड कुम्भी (गोला) खीरी को खण्ड विकास अधिकारी, कुम्भी (गोला) व भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती द्वारा की गयी संयुक्त जांच आख्या दिनांक 09. 11.2023 के क्रम में ग्राम पंचायत सैदापुर विकास खण्ड कुम्भी (गोला) में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के 04 अपात्र व्यक्तियों को नियम विरूद्ध लाभ प्रदान कराये जाने का प्रथम दृष्टया दोषी पाये जाने के कारण अनुशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित करते हुए तात्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया। बता दे विकास खण्ड कुम्भी (गोला) की ग्राम पंचायत सैदापुर में जसपाल सिंह पुत्र चंचल सिंह के द्वारा उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या जी के यहा दिये गये प्रार्थना-पत्र दिनांक-12.09.2023 की जांच खण्ड विकास अधिकारी, कुम्भी (गोला) व भूमि संरक्षण अधिकारी गोमती द्वारा संयुक्त रूप से की गयी थी जिसमें दीपा देवी पत्नी रोहित कुमार, रोली देवी पत्नी पवन कुमार, बेबी / सतीश कुमार तथा रामगुनी पत्नी बनवारी लाल के अपात्र होने के उपरान्त भी प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण का लाभ देते हुए इनकी संस्तुति के आधार पर एफ0टी0ओ0 के माध्यम से प्रथम किश्त की धनराशि 40,000/- रू0 उपलब्ध करायी गयी थी। इस प्रकार अपात्र व्यक्तियों को नियम विरूद्ध लाभ प्रदान कराये जाने के दोषी सिद्ध हुए। इसके साथ साथ धर्मेन्द्र कुमार, ग्राम विकास अधिकारी द्वारा योजनान्तर्गत अपने पदीय दायित्वों का सही ढंग से निर्वहन न किये जाने, तथा शासन द्वारा संचालित योजना के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करने के पूर्णरूपेण उत्तरदायी माने गए। जिसको लेकर धर्मेंद्र कुमार को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। निलम्बन अवधि में धर्मेन्द्र कुमार को विकास खण्ड फूलबेहड-खीरी से सम्बद्ध करते हुए अनुशासनिक कार्यवाही हेतु खण्ड विकास अधिकारी फूलबेहड-खीरी को जांच अधिकारी नामित किया गया है। जांच अधिकारी 15 दिन के अन्दर निलम्बित कर्मचारी को आरोप पत्र अधोहस्ताक्षरी से अनुमोदित कराकर प्राप्त करायेंगे तथा अपनी जांच आख्या 01 माह के अन्दर प्रस्तुत करेंगे।

# बूथ लाने के लिए 400 वोटरों ने चुनाव आयोग में लगाई अर्जी

**ईसानगर खीरी,समृद्धि न्यूज।**

धौरहरा तहसील व ईसानगर ब्लॉक के लखपेड़ा गांव के लोगों ने अपने वोट अपने गांव में बनवाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग से गुहार लगाई है। लखपेड़ा के वोटरों का कहना है कि उनके वोट पड़ोस के खनवापुर गांव के बूथ पर पड़ते हैं जबकि लखपेड़ा में भी पोलिंग स्टेशन है। राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उप जिलाधिकारी धौरहरा/ निर्वाचन अधिकारी धीरेंद्र कुमार सिंह ने निस्तारण के लिए शनिवार को लखपेड़ा में खुली बैठक की।



लखपेड़ा गांव के वोट करीब 3 किलोमीटर दूर खनवापुर में पड़ते रहे हैं। 3 किलोमीटर की दूरी होने की वजह से तमाम मतदाता वोट डालने नहीं जाते थे। लंबे समय तक चली जद्दोजहद के बाद भी लखपेड़ा गांव के सरकारी स्कूल में पोलिंग बूथ बन पाना संभव नहीं दिख पा रहा। आश्वासन के सहारे ग्रामीण बैठे रहे। 145 वोटर खनवापुर गांव की वोटर लिस्ट के भाग संख्या 297 से ही जुड़े रह गए जबकि लखपेडा के 162 वोट खनवापुर भाग संख्या 296 में जुड़ गए। फिर भी अगर वर्तमान समय में सूची देखें तो भाग संख्या 297 लखपेड़ा की सूची वर्तमान संशोधन पूर्ण सूची पर 853 मतदाता अंकित हैं, जिसमें 130 मतदाता भाग संख्या 296 खनवापुर के सामाजित हैं, 723 वोट भाग संख्या 297 लखपेड़ा के सूची मे मौजूद है, साथ ही लखपेड़ा के तमाम वोट बन ही नहीं पाए। जिसकी प्रक्रिया चल रही है। इस बाबत गांव के सरोज तिवारी तथा अन्य ग्रामीणों ने लखपेड़ा के मतदाताओं को उनके मूल गांव की मतदाता सूची में जोड़ने के लिए स्थानीय प्रशासन को प्रार्थना पत्र दिये। आरोप है कि राजस्व निरीक्षक और लेखपाल आदि ने बिना सच जाने उप जिलाधिकारी को भ्रमित करने वाली रिपोर्ट बनाकर सौंप दी जिससे करीब 400 मतदाताओं का मताधिकार अधर में लटक गया। स्थानीय स्तर पर निस्तारण न होने की दशा में मामला राज्य निर्वाचन आयोग के पास पहुंच गया। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर उप जिलाधिकारी/निर्वाचन अधिकारी धौरहरा धीरेंद्र कुमार सिंह गांव पहुंचे और मामले का सच जाना।

गांव पहुंचे एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह जब गांव पहुंचे तो ग्रामीणों ने उन्हें हालातों से अवगत कराया। एसडीएम ने लोगों को भरोसा दिया कि यथासम्भव प्रयास रहेगा आपका बूथ आपके ही गांव में लगे। अगर कोई समस्या होती है तो अगला मतदान आपकी ही ग्राम पंचायत के प्राथमिक स्कूल में लगाया जाएगा। अगले चुनाव तक खनवापुर और लखपेड़ा की मतदाता सूचियां भी दुरुस्त कर ली जाएंगी।

# बीड़ी न देना पंडित जी को बड़ा महंगा, अराजक तत्व ने लगाई आग

**गोला गोकर्णनाथ खीरी, समृद्धि न्यूज।**

जनपद लखीमपुर खीरी की छोटी काशी गोला गोकरन नाथ में बीती रात पंडित रामकुमार को जला कर जान से मारने की कोशिश की गई लेकिन पंडित जी सकुशल बच गए।

मिली जानकारी अनुसार एक अराजक व्यक्ति ने तीर्थ पर रह रहे पंडित जी से रात में बीड़ी मांगी पंडित जी ने बीड़ी देने से मना कर दिया पंडित जी ने बताया वे बीड़ी नही पीते हैं। उक्त दबंग व्यक्ति ने कहा अगर बीड़ी नही दोगे तो रुपए दो नही तो मैं तुमको फूक दूंगा। बताते है यू ही बकवास करते हुए और गंदी गंदी गालियां देते हुए उस वक्त वहां से चला गया। फिर देर रात पेट्रोल लेकर आया और पेट्रोल डालकर आग लगा दी,आग देख बुजुर्ग पंडित जैसे तैसे बाहर निकले और शोर मचाया। तीर्थ पर रह रहे लोगों ने आग बुझाई। पंडित जी तो बच गए लेकिन उनका सारा सामान जलकर खाक हो गया। बता दे पंडित जी पिछले कई वर्षो से तीर्थ सरोवर पर ही रहते है और पूजा पाठ कर्म काण्ड करवाते है। पूर्व में भी तीर्थ पर इस प्रकार की आगजनी जैसी घटनाएं घट चुकी है लेकिन पुलिस आज तक खुलासा नही कर सकी। रात में हुई घटना को लेकर तीर्थ पर रह रहे दुकानदारों में भारी अक्रोश व्याप्त है वही दुकानदारो ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था और गस्त पर भी सवालिया निशान उठाए हैं।

**सफलता** | **तीन राज्यों में भाजपा की जीत मोदी पर विश्वास का परिणाम**

# जहां से उम्मीदें खत्म होती हैं, वहीं से मोदी की गारंटी शुरू होती है : अचिन मेहरोत्रा

**सीतापुर। समृद्धि न्यूज**

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हर किसी का दिल जीत रखा है। वे रात व दिन सिर्फ व सिर्फ देश की तरक्की व खुशहाली के लिए सोंचते हैं। जहां से लोगों की उम्मीदें खत्म होती हैं, वहां से मोदी की गारंटी शुरू होती है। यह बात भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने कैंप कार्यालय पर कही।

वे कैप कार्यालय पर कार्यकर्ताओं के साथ मध्य प्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में भाजपा की बंपर जीत का जश्न मना रहे थे। मिठाई से कार्यकर्ताओं का मुंह मीठा करते हुए



निवर्तमान जिलाध्यक्ष ने कहा कि एक तरफ तमाम दल एकजुट होकर नरेंद्र मोदी को हराने में जुटे हैं। दूसरी तरफ अकेले मोदी इन सभी दलों का सामना कर रहे हैं। इसकी वजह यह है कि नरेंद्र मोदी के साथ पूरा देश खड़ा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीबो, पिछड़ो, दबे कुचलों के उत्थान के लिए रातदिन काम किया है। गरीबों को पक्की छत, शौंचालय व मुफ्त राशन की व्यवस्था की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजनाओं ने सबका साथ- सबका विकास तो किया ही है। उन्हीं योजनाओं के बदौलत सबका विश्वास जीतने का काम किया है। तीन राज्यों में आए विधानसभा के चुनाव परिणाम इसी विश्वास की जीती जागती मिसाल है। जहां लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को सरकार बनाने का मौका दिया है। हर कोई जान चुका है कि भाजपा ही निष्पक्षता से कार्य करती है। भाई भतीजा वाद से दूर सिर्फ व सिर्फ आम जनमानस की भलाई पर ध्यान देती है। इस मौके पर उन्होंने कहा कि संगठन के शीर्ष नेतृत्व ने उन्हें मध्य प्रदेश की शहपुरा विधानसभा सीट पर प्रचार के लिए भेजा था। अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि वे जब क्षेत्र में गए और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट मांगी, तब लोगों ने हाथों-हाथ लिया। नतीजा अब सामने है। चुनाव परिणाम आया तो ओम प्रकाश धुर्वे जी को जीते हैं। इससे साफ है कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भरोसा जताया है। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने अचिन मेहरोत्रा को माला पहनाकर शुभकामनाएं दीं। कार्यकर्ताओं का कहना है कि मध्य प्रदेश में प्रवास करके अचिन मेहरोत्रा ने शाहपुरा सीट को जिताने का काम किया है। यह सीतापुर के लिए भी गौरव का विषय है। इस मौके पर युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, विवेक विश्वकर्मा, उत्तम पांडेय, सत्यम सिंह आदि मौजूद रहे।

## कोटवाधाम के सरोवर सुंदरीकरण के लिए उपवास शुरू

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** श्री समर्थ साहेब जगजीवन दास बड़े बाबा के पौराणिक अभरन सरोवर का डेढ वर्ष से अधिक समय बंद पड़े सौन्दर्यीकरण निर्माण को चालू कराने को लेकर श्रीकोटवाधाम की समाजसेवी गुड़िया देवी ने उपवास शुरू किया वैसे ही ब्लाक प्रशासन दरियाबाद के हाथ पांव फूल गए। , अवर अभियंता के के वर्मा , सहायक विकास अधिकारी समाज कल्याण दिवाकर यादव एंव तकनीकी सहायक जियाउल हसन आदि अभरण सरोवर पर पंहुच कर उपवास पर बैठीं गुड़िया देवी से विस्तृत रुप से वार्ता कर शीघ्राति शीघ्र अभरण सरोवर का निर्माण कार्य शुरू कराये जाने के आश्वासन पर ज्ञापन लेकर उपवास समाप्त करा दिया गया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, जोन-1 जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ**

पत्रांक-1187/EE-1/नि.                                        दिनांक- 04.12.2023

**अति-अल्पकालीन निविदा सूचना**

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-1 द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती है उक्त निविदायें दिनांक 11.12.2023 तक जलकल विभाग जोन-1 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि देकर प्राप्त की जा सकती है भरी हुई समस्त निविदाएं दिनांक 11.12.2023 को जलकल विभाग जोन-1 के कार्यालय में अपरान्ह 3 बजे तक प्राप्त की जाएगी तथा उसी दिन सायं 4 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी।

उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी/ जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-1 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अंतिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेगी एवं खोली जायेगी।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | अनुमानित धनराशि | अर्नेस्टमनी | निविदा का मूल्य | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Repairing of motorpump set 15 hp of Prem nagar nalkoop and 15 hp of chopad nalkoop and 10 hp of raja oyal nalkoop. | 87518/- | 1800/- | 100/- | 7 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-1
जलकल विभाग, नगर निगम लखनऊ

# सड़क निर्माण में नवीन तकनीकी के प्रयोग पर मिलेगा यूपी सीएम मेडल

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** इण्डियन रोड कांग्रेस आईआरसी परिषद ने सड़क निर्माण में नवीन तकनीकी के प्रयोग पर राष्ट्रीय स्तर पर प्रत्येक वर्ष एक राजकीय संस्था को उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री यूपी सीएम मेडल देने का निर्णय लिया है। गुजरात राज्य के गाँधीनगर में 02 से 04 दिसम्बर तक चार दिवसीय इण्डियन रोड कांग्रेस के 82वें सम्मेलन में यह निर्णय लिया गया हैं।

उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग के विभागाध्यक्ष एके जैन ने बताया कि पिछले वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश में भारतीय सड़क कांग्रेस के 81वें अधिवेशन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने सम्बोधन में कहा था कि सड़क निर्माण में नवीनतम एवं उच्चतम तकनीकि का प्रयोग करने वाली राजकीय संस्थाओं को मेडल प्रदान किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री के इस सुझाव के परिप्रेक्ष्य में आईआरसी ने अगले वर्ष से सड़क निर्माण में नवीन तकनीक का बेहतर उपयोग करने वाली एक सरकारी संस्था को यूपी सीएम मेडल प्रदान कर सम्मानित करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक कमेटी बनाई जायेगी, जो मेडल के लिये संस्था का चयन करेगी। आईआरसी के 82वें सम्मेलन के 226वीं परिषद की बैठक में श्री जैन द्वारा वाइस प्रेसिडेंट आईआरसी के रूप में भाग लिया गया।

# सभी जिला अस्पतालों में हो रही इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेटी की स्थापना

## लैब के शुरू होते ही मरीजों को बड़ी जांचों के लिए राजधानी और निजी अस्पतालों के चक्कर लगाने से मिलेगी निजात

▸ स्वास्थ्य सेवा के ढांचे को मजबूत करने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही योगी सरकार



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को मिशन के रूप धरातल पर उतारने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ युद्धस्तर पर काम करे हैं। इसी क्रम में प्रदेश की स्वास्थ्य सेवा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन (पीएम अभीम) के तहत कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।

प्रदेश में पीएम अभीम योजना के तहत ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, जिला चिकित्सालय और मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण किया जा रहा है। इसके अलावा जिला चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक और स्वास्थ्य उपकेंद्र की स्थापना की जा रही है। प्रदेश के सभी 75 जिला अस्पताल में इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री (आईपीएचएल) की स्थापना की जा रही है। इन लैब्स में करीब 150 से अधिक प्रकार की जांचें हो सकेंगी।

इसके लिए लैब टेक्नीशियन, एक माइक्रोबॉयलॉजिस्ट, एक बायोकेमिस्ट के साथ में पैथोलॉजिस्ट डॉक्टर की नियुक्त होगी। इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैबोरेट्री लैब से हर जिला अस्पताल में माइक्रोबायोलॉजी से संबंधित सारी जांचें होने लगेगी। ऐसे में मरीजों को जांच के लिए बड़े और निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। मालूम हो कि माइक्रोबायोलॉजी में वायरोलॉजी, बैक्टीरियोलॉजी, प्रोटिस्टोलॉजी, माइक्रोलॉजी, इम्यूनोलॉजी और पैरासिटोलॉजी की जांच होती है।

### चार हजार करोड़ से स्वास्थ्य सेवाएं होंगी और मजबूत

योगी सरकार पीएम अभीम योजना के तहत वर्ष 2025-26 तक प्रदेश में 515 ब्लॉक पब्लिक हेल्थ यूनिट, 75 डिस्ट्रिक्ट इंटीग्रेटेड पब्लिक हेल्थ लैब, प्रदेश के 22 जिला चिकित्सालय और 22 मेडिकल कॉलेज में 50 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक, 30 जिला चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर हॉस्पिटल ब्लॉक का निर्माण करेगी। इसके अलावा प्रदेश में 1670 स्वास्थ्य उपकेंद्र एवं हेल्थ वेलनेस सेंटर का निर्माण किया जाएगा जबकि 674 स्वास्थ्य उपकेंद्रों को अपने भवन में शिफ्ट किया जाएगा। इसके लिए केंद्र सरकार ने 4892.53 करोड़ की धनराशि स्वीकृत की है।

## खबरें एक नजर में

### आईएमए के वार्षिक चुनाव में डॉ सरिता सिंह बनीं अध्यक्ष




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** को रिवर बैंक कॉलोनी स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, लखनऊ शाखा पर वार्षिक चुनाव का अयोजन किया गया। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के इतिहास में पहली बार सर्वाधिक वोट के लिए लखनऊ के सभी चिकित्सकों में बड़ चढ़ कर वोट कर अपने कार्यकारणी नेता को चुना। वोटिंग दोपहर 2 बजे शुरु हुई और शाम 5 बजकर 20 मिनिट तक चली। इस वोटिंग के दौरान सदस्यों में मूल रुप से अध्यक्ष, ज्वाइंट सेक्रेटरी और एक्जीक्यूटिव कमिटी मेंबर के लिए चुनाव हुए, अन्य पदों के उम्मीदवार निर्विरोध चयनित हुए। अध्यक्ष पद के लिए डॉ सरिता सिंह और डॉ आर बी सिंह के बीच काटे कि टक्कर रही और डॉ सरिता सिंह ने अध्यक्ष पद के लिए चुनाव जीता। वहीं ज्वाइंट सेक्रेटरी के पद के लिए डॉ प्रांजल अग्रवाल, डॉ ऋतु सक्सेना, डॉ वारिजा सेठ और डॉ शाश्वत विद्याधर जीत हासिल की। कार्यकारणी सदस्य (एक्जीक्यूटिव कमिटी मेंबर)के लिए भी कांटे की टक्कर रही। डॉ श्वेता श्रीवस्तवा, डॉ अजय पटवा, डॉ अनिल त्रिपाठी, डॉ अर्चिता गुप्ता, डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, डॉ राजीव सक्सेना, डॉ मोना बजाज, डॉ पियूष कुमार, डॉ एस के रावत, डॉ सुमित सेठ , डॉ सुमित रूंगटा, डॉ शाश्वत सक्सेना, डॉ निशी टंडन, डॉ सरस्वती और डॉ राकेश दीक्षित ने जीत हासिल की। डॉ संजय सक्सेना निर्विरोध सचिव बने । अगले सत्र के लिए यही टीम इंडियन मेडीकल एसोसिएशन, लखनऊ ब्रांच के लिए कार्य करेगी।

### मतदान एक राष्ट्रीय कर्तव्य विषय पर निबंध प्रतियोगिता

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** नवयुग कन्या महाविद्यालय,राजेंद्र नगर, लखनऊ में आज प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय तथा एनसीसी अधिकारी मेजर डॉ मनमीत कौर सोढ़ी के नेतृत्व में महाविद्यालय की एनसीसी विंग द्वारा विधानसभा निर्वाचन नामावलियों के विशेष पुनरीक्षण 2024 अभियान के अंतर्गत कोई मतदाता ना छूटे- इस उद्देश्य से नए युवा मतदाताओं को जोड़ने का प्रयास लगातार किया जा रहा हैं। जिसके अंतर्गत आज बड़ी संख्या में छात्राओं के वोटर आईडी कार्ड बनवाने के फार्म भरवाए गए और साथ ही मतदान-एक राष्ट्रीय कर्तव्य विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें 21 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। महाविद्यालय परिसर में रंगोली तथा पोस्टर के माध्यम से भी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें कैडेट नैंसी विश्वकर्मा, युक्ता सिंह, माया यादव, प्रज्ञा शुक्ला, दिव्या बर्थवाल शिवानी वर्मा ने परिसर में रंगोली बना कर सभी को प्रेरित किया।

### कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में लगी आग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के सुल्तानपुर रोड पर बने कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर इंस्टिट्यूट में आज दोपहर अचानक से आग लग गई। एकाएक ओटी यानी ऑपेरशन थिएटर ब्लॉक में आग लगने की खबर से संस्थान में हड़कंप जैसा माहौल बन गया। इस बीच आनन फानन में फायर ब्रिगेड और भारी पुलिस फोर्स भी मौके पर पहुंची। चौथे माले पर आग लगने से तेज धुंआ निकलने लगा। दमकल की 4 गाड़ियों की मदद से आग पर काबू करने का प्रयास किया जा रहा हैं। जानकारी के मुताबिक दोपहर करीब 1 बजे संस्थान के ओटी ब्लॉक के चौथे माले पर अचानक से आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें तेजी से बढने लगी। हालांकि आग बढ़ने से पहले ही सैम आईसीयू वार्ड में भर्ती करीब 10 मरीजों और उनके तीमारदारों को बिल्डिंग से बाहर निकाल लिया गया। बिल्डिंग में बड़ी संख्या में स्टॉफकी भी मौजूदगी रही पर सभी समय से बाहर निकलने में सफल रहे। वही संस्थान प्रशासन ने किसी के भी अंदर न फंसे होने की बात कही हैं। चश्मदीद की माने तो दोपहर करीब 1 बजे शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। चौथे फ्लोर पर ओटी ब्लॉक में आग लगने के कारण धुंआ भरने लगा। इस बीच सभी को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। इस बीच मौके पर पहले 2 दमकल आए।

### नौ दिसम्बर को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव संजय सिंह प्रथम ने बताया कि 09 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रदेश के प्रत्येक जिले में सभी प्रकार के दीवानी वाद, आपराधिक वाद राष्ट्रीय लोक अदालत एवं राजस्व वादों का अधिकाधिक संख्या में सुलह समझौतो के आधार पर त्वरित निस्तारित किया जायेगा।

### प्रोटेक्शन वॉल-सीसी लाइनिंग निर्माण को तीन हजार करोड़ स्वीकृत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा गाजीपुर में जमानियाँ पम्प नहर प्रणाली के अंतर्गत सिंचाई निर्माण खण्ड, वाराणसी के नहरो पर आवश्यक पुल पुलियोंके प्रोटेक्शन वॉल एवं सीसी लाइनिंग का निर्माण कुलाबो तथा बैंकों के सुदृढ़ीकरण निर्माण कार्य 03 करोड़ 74 लाख 92 हजार रुपए की धनराशि प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस संबंध में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर कर दिया गया हैं। जारी शासनादेश में निर्देश दिए गए हैं कि मात्राओं को निर्माण के समय सुनिश्चित किए जाने का पूर्ण उत्तरदायित्व कार्यदायी संस्था विभाग का होगा। परियोजना का निर्माण कर ससमय पूर्ण करा लिया जाना सुनिश्चित किया जाएगा अन्यथा की स्थिति में किसी प्रकार की अनियमितता के लिए इसका समस्त उत्तरदायित्व विभाग का होगा। विभाग द्वारा नियमानुसार आवश्यक वैधानिक अनापत्तियां पर्यावरण क्लीयरेंस सक्षम स्तर से प्राप्त करके निर्माण का प्रारंभ कराया जायेगा।

# पैसे के अभाव में अब नहीं रुकेगा किसी का इलाज : मुख्यमंत्री योगी

▸ सीएम ने लगाया जनता दरबार, सुनीं 200 लोगों की फरियाद

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ/गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर में अपने दो दिवसीय दौरे पर है। आज दूसरे दिन सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम ने जनता दरबार लगाया और आमजन की फरियाद सुनीं। जनता दरबार में करीब 200 लोग अपनी समस्या लेकर पहुंचे। सीएम ने सभी की समस्याएं सुनने के बाद अधिकारियों को हर जरूरतमंद को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

उन्होंने सब की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करने के निर्देश दिए। बता दें कि हमेशा की तरह आज भी सीएम योगी ने सुबह गोरखनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया और फिर जनता दरबार लगाया। मंदिर परिसर के बाहर कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और बड़े इत्मीनान से उनकी बात सुनने के बाद उनके प्रार्थनापत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी पात्र लोगों का आयुष्मान हेल्थ कार्ड बनाने और किसी के पास यह कार्ड न होने पर, बड़े संस्थानों में उसके इलाज के लिए 'इस्टीमेट बनाकर शासन को भेजने की हिदायत दी है।

जनता दर्शन में सीएम ने सभी की समस्या सुनी और सबको भरोसा दिलाया की जल्द उनकी समस्या दूर होगी और पैसे के अभाव से किसी का भी इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सबकी समस्या का समाधान सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशान न होना पड़े। उन्होंने हिदायत देते हुए कहा, हर व्यक्ति की समस्या का पूरी प्रतिबद्धता और पारदर्शिता से न्यायोचित समाधान शासन-प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता होती है।

### जनता की समस्याओं को तेजी से करें निस्तारित



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि वह जन समस्याओं का निराकरण इस प्रकार करें कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने 7 कालीदास मार्ग स्थित कैम्प कार्यालय पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक-एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन मे लगभग 2 दर्जन से जिलों से आये कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं उप मुख्यमंत्री के समक्ष रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत कई जिलों के वरिष्ठ अधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की। जनता दर्शन में भूमि विवाद, दुर्घटनाओं से संबंधित, अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूलनिर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने, सड़क बनवाने, विजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने से संबंधित समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। उप मुख्यमंत्री फरियादियों के पास खुद चलकर गये और एक एक व्यक्ति की समस्या को उनसे सीधे रू-ब-रु होकर सुना और आश्वस्त किया।

# किसानों के 31 मार्च से पूर्व के बकाया बिलों में सरचार्ज पर शत-प्रतिशत छूट

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** विद्युत उपभोक्ताओं के बकाये बिलों में सरचार्ज पर छूट के लिए एकमुश्त समाधान योजना का दूसरा चरण 01 से 15 दिसम्बर तक चलेगा। ओटीएस के दूसरे चरण में भी एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं और किसानों को बिलों के विलम्बित अधिभार में शत-प्रतिशत छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा दी जा रही। साथ ही अन्य उपभोक्ताओं, औद्योगिक प्रतिष्ठानों एवं संस्थानों को भी पहले चरण में मिली छूट के सापेक्ष इस चरण में 10 प्रतिशत कम छूट के साथ किश्तों में भुगतान की सुविधा मिल रही है।

ओटीएस के पहले चरण 08 से 30 नवम्बर तक छूट लेने वाले उपभोक्ताओं को सर्वाधिक लाभ मिला।प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि ओटीएस के दूसरे चरण में दी जा रही छूट का लाभ लेने तथा अपने बकाये बिलों के झंझटों से हमेशा के लिए मुक्त होने के लिए शीघ्र पंजीकरण कराएं। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही लाभप्रद, जन-कल्याणकारी योजना संचालित की गयी है और उपभोक्ताओं को अपने बकाये के भुगतान का स्वर्णिम अवसर मिला है। प्रदेश के किसानों के निजी नलकूपों में 01 अप्रैल से आने वाले विद्युत बिलों को माफ किया गया है। 31 मार्च, से पहले के बकाये बिलों में सरचार्ज पर शत-प्रतिशत की छूट दी जा रही है। किसान भाई भी योजना के तहत लाभ लेकर अपने बकाये का भुगतान कर दें।ऊर्जा मंत्री ने विद्युत अधिकारियों को निर्देशित किया है कि उपभोक्ताओं को ओटीएस योजना का सही से लाभ मिले इसके लिए सजग और सतर्क होकर कार्य करें। योजना के तहत अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को लाभ मिले, इस सम्बंध में योजना की सही से जानकारी उपलब्ध कराएं और कार्यों में तेजी लाएं। बड़े बकायेदारों से सम्पर्क करने का भी प्रयास किया जाय।

# चार राज्यों के चुनाव नतीजों पर मायावती ने उठाए सवाल

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को कहा कि मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्यों के विधानसभा चुनाव परिणाम लोगों के गले से नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल हैं और ऐसे रहस्यात्मक मामले पर गंभीर चिंतन और उसके समाधान की जरूरत है। मायावती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर डाले गए सिलसिलेवार संदेशों में विस्तार से अपनी बात कही और चुनाव परिणाम के संदर्भ में जमीनी रिपोर्ट लेकर आगामी लोकसभा चुनाव की नए सिरे से तैयारी के लिए आगामी 10 दिसंबर को लखनऊ में पार्टी की अखिल भारतीय बैठक बुलाई है।

उन्होंने कहा, देश के चार राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव के परिणाम एक पार्टी के पक्ष में एकतरफा होने से लोगों का अचंभित और चिंतित होना स्वाभाविक है। चुनाव के पूरे माहौल को देखते हुए ऐसा विचित्र परिणाम लोगों के गले के नीचे उतर पाना बहुत मुश्किल है। बसपा अध्यक्ष ने एक अन्य पोस्ट में कहा, पूरे चुनाव के दौरान माहौल एकदम अलग, कांटे के संघर्ष वाला और दिलचस्प था मगर चुनाव परिणाम उससे बिल्कुल अलग होकर पूरी तरह से एकतरफा हो जाना, यह ऐसा रहस्यात्मक मामला है जिस पर गंभीर चिंतन व उसका समाधान जरूरी है। लोगों की नब्ज पहचानने में भयंकर भूल-चूक चुनावी चर्चा का नया विषय है। मायावती ने अगले पोस्ट में कहा, बसपा के सभी लोगों ने पूरे तन मन धन व दमदारी के साथ यह चुनाव लड़ा। उन्हें ऐसे अजूबे परिणाम से निराश कतई नहीं होना है बल्कि बाबा साहब डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के जीवन संघर्षों से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ने का प्रयास करते रहना है। उन्होंने एक अन्य पोस्ट में कहा, इस चुनावी परिणाम के संदर्भ में जमीनी रिपोर्ट लेकर आगे लोकसभा चुनाव की नए सिरे से तैयारी पर विचार विमर्श के लिए पार्टी की अखिल भारतीय स्तर पर बैठक आगामी 10 दिसंबर को लखनऊ में बुलाई गई है।

### हज ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि 20

**लखनऊ।** हज कमेटी द्वारा वेबसाइट पर हज सत्र 1445 हि.-2024 की घोषणा की गयी है, जिसमें अवगत कराया गया है कि हज ऑनलाइन आवेदन फार्म 04 दिसंबर से भरे जायेंगे। आवेदन की अन्तिम तिथि 20 दिसंबर है। ऑनलाइन आवेदन फार्म हज कमेटी आफइण्डिया मुम्बई की वेबसाइट पद पर व मोबाइल एप हज सुविधा पर भरा जा सकेगा। प्रत्येक इच्छुक आवेदक आवेदन फार्म भरने से पूर्व गाइडलाइंस व घोषणा पत्र अवश्य पढें। गाइडलाइन्स वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन हेतु मशीन पठित वैध अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट का होना आवश्यक है, जो आवेदन की अन्तिम तिथि से पूर्व का जारी हो व 31 जनवरी 2025 तक इसकी वैद्यता होना आवश्यक है। यह जानकारी सचिव, कार्यपाल अधिकारी एसपी तिवारी ने दी। इच्छुक हज आवेदकों से अनुरोध है कि जिला स्तर पर हज सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे व स्वयं ऑनलाइन वेबसाइट व मोबाइल एप हज सुविधा के माध्यम से आवेदन करें। लखनऊ जिले हेतु राज्य हज समिति कार्यालय में हज सुविधा केन्द्र स्थापित रहेगा।

# सरकार ने जारी किया 2024 का छुट्टी कैलेंडर

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने 2024 का सरकारी कैलेंडर जारी कर दिया है। सोमवार को सरकार की ओर से जारी कैलेंडर में 23 दिसंबर में पड़ने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह के जन्मदिन के दिन भी सरकारी छुट्टी की घोषणा की गई है। 2024 के कैलेंडर में पूरे साल पड़ने वाले 24 सार्वजनिक अवकाश हैं, जबकि 29 दिन निर्बन्धित अवकाश शामिल हैं। 31 मार्च को क्लोजिंग होने के चलते एक अप्रैल को बैंक, कोषागार और उपकोषागारों में छुट्टी रहेगी। 17 जनवरी को पड़ने वाले गुरु गोविंद सिंह जयंती और 24 नवंबर को होने वाले गुरु तेग बहादुर शहीद पर भी सरकारी अवकाश रहेगा।

सरकार की ओर से कैलंडर जारी किया गया है उसमें जनवरी में पड़ने वाली सात, फरवरी में तीन, मार्च में छह, अप्रैल में आठ, मई में तीन, जून में दो, जुलाई में दो, अगस्त में तीन, सितम्बर में दो, अक्टूबर में आठ, नवंबर में छह, दिसंबर में तीन दिन की सरकारी छुट्टी शामिल हैं। सार्वजनिक अवकाश में क्रमशः 25 जनवरी मोहम्मद हजरत अली का जन्मदिवस गुरुवार, 26 जनवरी गणतंत्र दिवस शुक्रवार, 08 मार्च महाशिवरात्रि शुक्रवार, 24 मार्च होलिका दहन रविवार, 25 मार्च होली सोमवार, 29 मार्च गुड फ्राइडे शुक्रवार,11 अप्रैल ईद-उल-फितर गुरुवार,14 अप्रैल अंबेडकर जयंती रविवार 17 अप्रैल रामनवमी बुधवार, 21 अप्रैल महावीर जयंती रविवार, 23 मई बुद्ध पूर्णिमा गुरुवार, 17 जून बकरीद सोमवार 17 जुलाई मोहर्रम बुधवार, 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस गुरुवार, 19 अगस्त रक्षा बंधन सोमवार, 26 अगस्त जन्माष्टमी सोमवार, 16 सितंबर ईद-ए-मिलाद सोमवार, 2 अक्टूबर गांधी जयंती बुधवार, 12 अक्टूबर महानवमी दशहरा शनिवार, 31 अक्टूबर दिवाली गुरुवार, 02 नवंबर गोवर्द्धन पूजा शनिवार ,03 नवंबर भैयादूज, चित्रगुप्त जयंती रविवार,15 नवंबर गुरु नानक जयंती शुक्रवार और 25 दिसंबर क्रिसमस बुधवार को रहेगा। वही 2024 के निर्बन्धित अवकाश क्रमशः 1 जनवरी नव वर्ष सोमवार,15 जनवरी मकर संक्रांति सोमवार18 जनवरी हजरत ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती अजमेरी गरीब नवाज का उर्स गुरुवार 24 जनवरी जननायक कर्पूरी ठाकुर जन्मदिन बुधवार 14 फरवरी बसंत पंचमी बुधवार 24 फरवरी संत रविदास जयंती शनिवार 26 फरुवरी शबे बारात सोमवार 26 मार्च होली मंगलवार 01 अप्रैल ईस्टर मन्डे सोमवा 05 अप्रैल अलविदा रमजान शुक्रवार 09 अप्रैल चेटी चंद मंगलवार 12 अप्रैल ईद-उ-फितर शुक्रवार 17 अप्रैल चंद्रशेखर जयंती बुधवार 09 मई लोक नायक महाराणा प्रताप जयंती गुरुवार 10 मई परशुराम जयंती शुक्रवार 18 जून बकरीद मंगलवार 18 जुलाई मोहर्रम गुरुवार 25 अगस्त चेहल्लुम रविवार 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा रविवार 03 अक्टूबर दशहरा शुक्रवार 17 अक्टूबर महर्षि बल्मीकि जयंती गुरुवार 31 अक्टूबर सरदार बल्लभ भाई पटेल जयंती गुरुवार 07 नवंबर छठ पूजा गुरुवार 23 दिसंबर चौधरी चरण सिंह जन्मदिवस सोमवार और 24 दिसंबर क्रिसमस मंगलवार को छुट्टी रहेगी।

# 'इसरो स्पेस प्रदर्शनी' छात्रों, शिक्षकों व प्रबुद्धों के लिए अमूल्य सौगात : जगदीश गांधी

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, कानपुर रोड कैम्पस की मेजबानी में तीन दिवसीय इसरो स्पेस प्रदर्शनी 'विक्रम साराभाई स्पेस साइन्स प्रदर्शनी' का भव्य आयोजन आगामी 7, 8 व 9 दिसम्बर को सी.एम.एस. कानपुर रोड ऑडिटोरियम में किया जा रहा है। इसी अनूठी प्रदर्शनी की विस्तृत जानकारी आज यहाँ आयोजित एक प्रेस कान्फ्रेन्स में देते हुए सी.एम.एस. संस्थापक व प्रख्यात शिक्षाविद् डा. जगदीश गाँधी ने कहा कि 'इसरो स्पेस प्रदर्शनी' छात्रों, शिक्षकों व सभी प्रबुद्ध नागरिकों के लिए अमूल्य सौगात है, जो हम सभी को अपने देश की वैज्ञानिक उपलबध्यिों पर गर्व करने का अनूठा अवसर उपलब्ध करायेगी। प्रदर्शनी का आयोजन स्पेस एप्लीकेशन सेन्टर, इसरो, अहमदाबाद के सहयोग से किया जा रहा है।

प्रेस कान्फ्रेन्स में पत्रकारों से बातचीत करते हुए डा. गाँधी ने आगे कहा कि यह प्रदर्शनी सिर्फ मनोरंजन के लिए ही नहीं अपितु शिक्षा का अभिन्न अंग है, जो सभी छात्रों व जनमानस को अन्तरिक्ष विज्ञान की जानकारियों से रूबरू करायेगी। डा. गाँधी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह प्रदर्शनी एक बार फिर से हम सभी को चन्द्रयान-2 की एतिहासिक उपलब्धि को अपने दिलों में ताजा करने का अवसर उपलब्ध करायेगी। प्रदर्शनी की खास बात यह है कि इस अवसर पर छात्र व आम जनमानस वरिष्ठ वैज्ञानिकों के वार्तालाप कर जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त कर सकते हैं। डा. गाँधी ने आगे बताया कि इस प्रदर्शनी में स्पेस साइन्स एवं टेक्नोलॉजी के विविध आयामों के प्रदर्शन के साथ ही रॉकेट लांचिंग का विशेष प्रदर्शन किया जायेगा। इस प्रदर्शनी में रिमोट सेन्सिंग एवं कम्यूनिकेशन सेटेलाइट, नेविगेशन, चन्द्रयान, मार्स आर्बिटर मिशन, सेटेलाइट इमेजेज एण्ड एप्लीकेशन्स, माडल्स ऑफकैमरा ऑफ मार्श मिशन, माडल ऑफ लांच व्हिकल (पीएसएलवी एवं जीएसएलवी) एवं विभिन्न प्रकार के सेटेलाइट्स माडल्स का प्रदर्शन किया जायेगा।

उन्नति की ओर

### नवंबर में 11,489 सामूहिक विवाह हुए संपन्न, दिसंबर-जनवरी में 50,000 शादियों का लक्ष्य

# प्रदेश में धूमधाम से हो रहे हैं मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश की बेटियों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक पिता की तरह आगे बढ़कर अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हैं। उन्होंने बेटियों की पढ़ाई की व्यवस्था की है तो उनके हाथ पीले करने की जिम्मेदारी भी पूरी प्रतिबद्धता से निभा रहे हैं। इसी क्रम में शुरू की गई

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हर वर्ग की बेटियों का सहारा बन रही है। इस योजना के तहत समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश भर में स्थित जनपदों में सामूहिक शादी समारोह का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-2024 के लिए प्रदेश भर में 109883 बेटियों के विवाह का लक्ष्य निर्धारित किया गया हैं। इस लक्ष्य के सापेक्ष नवंबर में हुए समारोह में शुभ मुहूर्त में प्रदेश भर में 11,489 सामूहिक विवाह संपन्न करवाए गए हैं, जबकि दिसंबर और जनवरी में 50,000 शादियां करवाया जाना प्रस्तावित है। इसके लिए सभी जनपदों को बजट भी आवंटित कर दिया गया है। अभी तक लगभग 68,825 आवेदन आ चुके हैं। वहीं ऑनलाइन पोर्टल पर हर दिन करीब 1000 आवेदन आ रहे हैं।



### ये दी गई सहायता

सामूहिक विवाह समारोह में दाम्पत्य जीवन में खुशहाली एवं गृहस्थी की स्थापना के लिए कन्या के खाते में 35000 रुपये सहायता राशि अंतरित की गई। वहीं विवाह संस्कार के लिए आवश्यक सामग्री जैसे कपड़े, बिछिया, पायल, बर्तन आदि पर 10 हजार रुपये खर्च किए गए। विधवा, परित्यक्ता/ तलाकशुदा के मामले में 5000 रुपये तक की वैवाहिक सामग्री दी गई और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं के लिए 6000-/ प्रति जोड़ा व्यय किया गया।

### पूरी पारदर्शिता से संचालित हो रही योजना

सीएम योगी के मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग के राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण का प्रयास है कि समस्त निराश्रित, निर्धन और जरूरतमंद बेटियों को इस योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने योजना की पारदर्शिता के लिए ऑफलाइन आवेदन को खत्म कर ऑनलाइन आवेदन की व्यवस्था शुरू की है। इससे जहां पात्रों को सहूलियत हो रही है, वहीं बिचौलियों का काम भी खत्म हो गया है। वहीं विवाह के लिए लाभार्थी के मोबाइल पर ही विवाह की तारीख और सूचना एसएमएस से भेजी जा रही है। यही वजह है कि पोर्टल बनने के बाद अगस्त से अभी तक 68,825 आवेदन ऑनलाइन आ चुके हैं। इस योजना के तहत कन्या का बैंक खाता होना अनिवार्य है। इन खातों को आधार कार्ड से लिंक करवाया जा रहा है।

# भारतीय सीमा में घुसी चीनी महिला गिरफ्तार

**एसएसबी ने पुलिस को सौंपा, पुलिस ने केस दर्ज कर भेजा जेल**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

भारत-नेपाल सीमा पर सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने रिक्शा सवार महिला की जांच की तो वह चीन की निकली। महिला के पास वीजा भी नहीं था। जिस पर उसे हिरासत में लेकर थाने लाया गया। पूछताछ में महिला किसी सवाल का जवाब नहीं दे पा रही है। उसके विरुद्ध एसएसबी के एएसआई ने थाने में केस दर्ज कराया है। साथ ही उसे मजिस्ट्रेट के यहां रविवार को पेश किया गया। भारत नेपाल सीमा पर रुपईडीहा में स्थित सशस्त्र सीमा बल 42वीं वाहिनी के कमांडेंट बासुकी नाथ पांडेय के निर्देशन में एसएसबी के जवान सीमा से आने जाने वाले लोगों की तलाशी ले रहे थे। एसएसबी के कमांडेंट ने बताया कि रूपईडीहा चेक पोस्ट पर जांच के दौरान एएसआई जीडी अरूप डोवरी की अगुवाई में महिला और पुरुष जवान शनिवार शाम को रिक्शे पर सवार विदेशी महिला की जांच की तो उसके पास नेपाल का वीजा मिला।जबकि वह चीन की निवासी निकली। इस पर जवानों ने सूचना कमांडेंट को दी। कमांडेंट ने महिला से अंग्रेजी और हिन्दी में पूछताछ की, लेकिन महिला कुछ नहीं बता पाई। कमांडेंट ने बताया



कि महिला भारतीय क्षेत्र से नेपाल की ओर जा रही थी। तभी उसे जांच के दौरान पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि महिला को थाने लाया गया। उसकी तलाशी महिला जवानों ने ली तो ज्यादा सामान नहीं मिला। उसके पास दो जोड़ी कपड़ा, नेपाली पासपोर्ट और कुछ रूपये बरामद हुए।उन्होंने बताया कि महिला की पहचान चीन के सेम डांग प्रदेश निवासी ली जिन मेयी पुत्री ली यू हाई के रूप में हुई है। एसएसबी के एएसआई ने महिला के विरुद्ध रूपईडीहा थाने में विदेशी विषयक अधिनियम में केस दर्ज कराया है। मामले की जांच उप निरीक्षक विजय कुमार को सौंपी गई है। रविवार को पुलिस ने महिला कोर्ट में पेश किया। इसके बाद वह कहां गई, किसी को पता नहीं चल पाया है।इस मामले में पुलिस अधीक्षक प्रशांत वर्मा से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महिला सीमा पर बरामद हुई है। वह बिना भारतीय पासपोर्ट के आई थी। एसएसबी के एएसआई की तहरीर पर रूपईडीहा थाने में केस दर्ज किया गया है।

**महिला को भेजा गया जेल**

चीनी महिला की रविवार को न्यायालय में पेश करने के बाद पुलिस ने जेल भेज दिया है। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि पुलिस द्वारा चीनी महिला को जेल में लाया गया है, उसे निगरानी में रखा गया है।

**पहले भी पकड़े गए चीनी नागरिक**

भारत नेपाल सीमा पर नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश करते समय दो चीनी नागरिकों को सशस्त्र सीमा बल के जवानों ने पहले भी पकड़ा है। यह सभी जवान वर्ष 2009-10 में भारतीय सेवा में प्रवेश कर गए थे पूछताछ के बाद इनको जेल भेज दिया गया था।


**फेल हुआ खुफिया विभाग**

चीनी महिला के रूपईडीहा में रिक्शा से मिलने पर कई सवाल उठ रहे हैं। जिले की पुलिस, रा, आईबी, एलआईयू और इमिग्रेशन के अधिकारी सीमा पर मौजूद हैं। इसके बाद भी किसी को भनक नहीं लगी। महिला सीमा पर किस तरह और कैसे पहुंची, यह भी सवाल उठ रहा है।

## मोबाइल की दुकान में आग लगने से लाखों का नुकसान

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

शहर के घंटाघर के निकट स्थित थोक मोबाइल की दुकान में देर रात को अज्ञात कारणों से आग लग गई। जिसमें मोबाइल दुकान पूरी तरह से जलकर राख हो गई। अग्निकांड में लाखों का नुकसान हुआ है।कोतवाली नगर के घंटाघर के निकट पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर कार्यालय के निकट एक मोबाइल की दुकान संचालित है। चांदपुरा मार्ग पर एसबी थोक और फुटकर मोबाइल के विक्रेता हैं। रविवार देर रात को मोबाइल की दुकान में अज्ञात कारणों से आग लग गई।आसपास के लोगों ने सोमवार सुबह चार बजे दमकल विभाग को सूचना दी। प्रभारी अग्नि



शमन अधिकारी गेंदालाल, लाखन सिंह, सरफराज चालक टीम के साथ मौके पर पहुंचे। दमकल कर्मियों ने कड़ी मशक्कत कर आग पर काबू पाया। प्रभारी अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि प्रथम दृष्ट्या आग शार्ट सर्किट से लगने की संभावना जताई जा रही है। दुकान मालिक के मुताबिक तीन से चार लाख के बीच नुकसान हुआ है।

## जिले के पहले सीएनजी पंप का हुआ उद्घाटन

**पूर्व सपा जिलाध्यक्ष की माता ने फीता काट कर किया सीएनजी पंप का उद्घाटन**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को लखनऊ- गोंडा हाईवे पर अलीनगर स्थित जिले के पहले सीएनजी पंप का उद्घाटन समाजवादी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव की माता ने फीता काट कर किया। जिन वाहनों में सीएनजी किट है वैसे वाहनों को अब सीएनजी के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। वही जो लोग सीएनजी ईंधन युक्त वाहन खरीदना चाहते हैं उनके लिए भी यह अच्छी खबर है। क्योंकि सोमवार को लखनऊ गोंडा हाईवे पर अलीनगर स्थित ज्योति फ्यूल सेंटर में जिले का




पहला सीएनजी पंप का उद्घाटन सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मी नारायण यादव की माता ने पूजन अर्चन के तत्पश्चात फीता काटकर किया। वहीं उद्घाटन समारोह में अपने विचार व्यक्त करते हुए सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष लक्ष्मीनारायण यादव ने कहा कि सीएनजी पेट्रोल पंप की शुरुआत से प्रदूषण रहित वातावरण मिलेगा। सीएनजी गैस के द्वारा खर्च भी कम वाहनों पर आएगा। लागत भी कम लगेगी और प्रकृति की भी सुरक्षा होती रहेगी क्योंकि इससे प्रदूषण न के बराबर होगा।

इस मौके पर शेषनारायण यादव, विवेक मिश्रा, माधव राम शुक्ला, डॉ रामू सैनी, पूर्व प्रधान जतौरा राकेश राव, बबलू यादव, सुनील कुमार यादव, शंकर वर्मा, मनीष यादव, आरिफ टेंट सहित ज्योति फ्यूल सेंटर के कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## वरिष्ठ बाबू की सेवानिवृत्ति पर लोगों ने दी शुभकामनाएं



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** आवास विकास परिषद गोंडा के वरिष्ठ बाबू अशोक कुमार श्रीवास्तव जी के सेवानिवृत होने पर अवध टैक्स बार संगठन देवी पाटन मंडल के महामंत्री एवं आवास विकास परिषद के अधिवक्ता अमित कुमार गर्ग ने उनके अच्छे कार्यकाल के लिए एवं दूसरी पारी के लिए बहुत बधाई और शुभकामनाएं दी,इस अवसर पर आवास विकास परिषद के अधिकारी मुकेश पाल जी और बाबू नरेंद्र कुमार गिरी मनीष श्रीवास्तव और काफी संख्या में बधाई देने वाले मौजूद रहे7 सेवानिवृत्ति अशोक कुमार श्रीवास्तव जी को सभी लोगों ने कार से ले जाकर उनके आवास पर छोड़ा।

## होटल में तोड़फोड़ के आरोप में सात पर केस दर्ज

**नानपारा और महसी विधायक ने एसपी को दी बवाल की जानकारी**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

सीतापुर रोड स्थित एक होटल में रविवार रात को वैवाहिक समरोह के दौरान कुछ लोगों ने जमकर तोड़फोड़ की। इसके बाद कैश काउंटर से नकदी निकालने और जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप है। पुलिस ने सात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली देहात के बहराइच सीतापुर मार्ग पर लेज़र रिसॉर्ट स्थित है। इस होटल में रविवार को वैवाहिक कार्यक्रम चल रहा था। कोतवाली देहात में तहरीर देकर होटल के मैनेजर आनंद प्रकाश द्विवेदी ने तहरीर




दी है। उनका कहना है कि रात में 10 से 11 बजे के मध्य दुर्गेश सिंह, पंकज दीक्षित, हर्षित मिश्रा, शिवनाथ रस्तोगी, नीरव प्रताप, अमित वर्मा और जग्गू उर्फ जगन्नाथ आदि लेजर रिसार्ट परिसर में नशे का सेवन कर रहे थे। मैनेजर का कहना है कि इसका विरोध करने पर सभी ने होटल में तोड़फोड़ शुरू कर दी। इसके बाद कैश काउंटर तक आए।

सभी ने 50 हजार रूपये नकदी छीन ली। सभी ने पुलिस कार्यवाई करने पर जान से मारने की धमकी दी।बवाल और तोड़फोड़ की जानकारी मिलने पर एसपी सिटी कुंवर ज्ञानजय सिंह, सीओ सिटी राजीव सिसोदिया, कोतवाल ब्रह्मा गौड़ पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने मामले की जांच की। होटल के कर्मी आनंद प्रकाश त्रिवेदी, आकाश त्रिवेदी, महेश और सुभाष के बयान दर्ज किए। कोतवाल ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि सात लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

**विधायकों ने दी जानकारी**

शादी समारोह के दौरान रात में होटल लेजर में महसी से भाजपा विधायक सुरेश्वर सिंह और नानपारा से अपना दल एस विधायक राम निवास वर्मा भी मौजूद थे। बवाल की जानकारी विधायकों ने एसपी को दी। इसके बाद भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंची।

## खबरें एक नजर में

### रोजगार मेले का आयोजन सात दिसम्बर को

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़।** सहायक निदेशक, सेवायोजन आशा वर्मा ने बताया की शासन के निर्देशानुसार निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने हेतु आगामी 07 दिसंबर, 2023 को प्रातः 10:30 बजे क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय सिविल लाइन गोंडा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया है कि इसमें कई कंपनियों द्वारा प्रतिभा किया जाना है इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त प्रमाण पत्रों सहित 07 दिसंबर, 2023 को सेवायोजन कार्यालय में उपस्थित हो सकते हैं।

### चौदहवीं बार अभिषेक ने किया रक्तदान



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मानवता की मिसाल पेश करते हुए सोमवार को आयोध्या धाम रामादल ट्रस्ट उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे ने रक्तदान कर एक मरीज की जान बचाई। तेजवापुर विकासखंड के सिसई हैदर निवासी राजकुमार (18) वर्षीय कि कई दिनों से उनकी तबीयत खराब है। उनको एक यूनिट ब्लड की आवश्यकता थी। कई दिनों से वो शहर के संगम हास्पिटल में भर्ती है। डाक्टर ने तीमारदारों से तुरंत एक यूनिट खून की व्यवस्था करने को कहा। मगर राजकुमार के परिजनों ने जल्द ही रक्तदान करने की बात कहकर तुरंत रक्तदाता लाने में असमर्थता जताई। जब इसकी जानकारी अयोध्या धाम रामादल ट्रस्ट के उपाध्यक्ष पंडित अभिषेक चौबे को हुई तो उन्होनें सोमवार सुबह मेडिकल कालेज के ब्लड बैंक पहुंचकर रक्तदान किया और मरीज राजकुमार जिंदगी बचाई। उन्होंने कहा कि हमारा पेशा लोगों की जान बचाना है,रक्तदान करने पर सुखद महसूस होता है। हम हमेशा गरीब लोगों की सेवा करते रहते है। लगभग पांच वर्ष में चौदहवीं बार आज हमने रक्तदान किया है। साथ ही साथ गौ सेवा भी करते हैं।

### कबड्डी में पयागपुर, योगासन में फखरपुर रहा अव्वल

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** सोमवार को जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्त राम तिवारी के द्वारा जिला खेल कूद मैदान इंदिरा स्टेडियम बहराइच में बाल क्रीडा प्रतियोगिता का भव्य आयोजन कराया गया। बाल क्रीडा प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि महसी विधायक सुरेश्वर सिंह व विशिष्ट अतिथि विधायक नानपारा राम निवास वर्मा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी राम्या आर ने की। कार्यक्रम की शुरुवात मां सरस्वती कि पूजा वंदना व दीप प्रज्वलित कर किया गया। विधायक सुरेश्वर सिंह,राम निवास वर्मा, बीएसए अव्यक्त राम तिवारी ने कबूतर व गुब्बारें उड़ाकर कार्यक्रम की शुरुवात किया गया।ा शिक्षिका रचना श्रीवास्तव,प्रियंका मौर्या,दीपांजलि वर्मा,मोनिका वर्मा के द्वारा रंगोली बनाया गया। रंगोली ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया। बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता जिला व्यायाम शिक्षक वीरेंद्र पाल सिंह,समर फिरदौस,विनोद कुमार यादव,कुशमेंद्र सिंह,रुचि चौधरी,संजय यादव,जगदीश प्रसाद के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में कबड्डी बालिका वर्ग में पयागपुर,योगासन में फखरपुर,100 मीटर दौड़ में विशेश्वरगंज, 50 मीटर दौड़ में पयागपुर विजयी रहा।

## पिकअप वाहन की ठोकर से युवक की मौत

**सामान लेकर बाइक से अपने गांव लौटते समय हुआ हादसा परिवार में कोहराम**

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।**

जिले के ग्राम पंचायत मिर्जापुर के मजरा तिवारीपुरवा निवासी युवक रात में सामान खरीदकर वापस बाइक से घर जा रहा था तभी पिकअप वाहन ने बाइक सवार को टक्कर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।राम गांव थानाक्षेत्र के ग्राम पंचायत मिर्जापुर तिलक के मजरा तिवारीपुरवा निवासी 39 वर्षीय आनन्द कुमार तिवारी पुत्र किरण प्रकाश तिवारी रविवार देर रात सड़क मार्ग बहराइच से काठाई घाट रोड से कुछ सामान लेकर बाइक से अपने



गाँव लौट रहे थे। जहाँ घर की ओर मुड़ते ही एक गिरे पेड़ की आड़ के चलते सामने से अचानक आई अज्ञात पिक अप वाहन की टक्कर से गिरकर बाइक सवार गम्भीर रूप से घायल हो गए। सिर में अत्यधिक चोट के चलते घायल होकर बेहोश होकर जमीन पर गिर गए। आसपास के लोगों ने इनको पहचानकर परिजनों को सूचना दी। परिजनों ने आनन फानन में इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भर्ती कराया। लेकिन अत्यधिक रक्तस्राव हो जाने के कारण आनंद कुमार तिवारी का निधन हो गया। रामगांव पुलिस ने सूचना पाकर पोस्टमार्टम कराया।

इस दौरान भाजपा नेता शिवा तिवारी, स्वाती तिवारी, पुण्डरीक पाण्डेय, संजीव शर्मा, कांग्रेस नेता, डॉ. राजेश तिवारी, ज्ञानू, रिंकू बाजपेयी,अभिषेक तिवारी समेत सैकड़ों क्षेत्रवासियों की उपस्थिति में सोमवार अपराह्न मिर्जापुर में अंतिम संस्कार के दौरान उपस्थित रहकर परिजनों को ढांढस बंधाया। मृतक आनंद की पत्नी प्रिया तिवारी व 4 वर्षीय इकलौते पुत्र शिवाय तिवारी तथा माता पिता व परिजनों, ग्रामीणों व क्षेत्रवासियों शुभ चिंतकों का रो रोकर बुरा हाल है। घटना से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है।

## तीन राज्यों में बीजेपी को मिले बहुमत से मना जश्न

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

ढ़ोल भंगड़ा बजे, गोले एवं पटाखों से हुई आतिशबाजी, उड़े फूल एवं गुलाल तथा भाजपाइयो ने खिलाई एक दूसरे को मिठाई। भाजपा कार्यालय पर मना जश्न।

जिलाध्यक्ष अमर किशोर कश्यप की अगुवाई में मनाया गया। जिला मीडिया प्रभारी राघवेन्द्र ओझा पट्टू ने बताया कि सांसद गोण्डा कीर्ति वर्धन सिंह सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह विधायक रमापति शास्त्री बावन सिंह प्रेम नारायण पांडे विनय कुमार द्विवेदी प्रतीक भूषण सिंह अजय कुमार सिंह एमएलसी अवधेश कुमार सिंह मंजू सिंह एवं जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्र इत्यादि ने तीन प्रदेशो में भाजपा की सरकार बनने पर कार्यकर्ताओं को



बधाई दी। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि देश के यशस्वी एवं लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी पर लोगो का विश्वास अडिग है। आज के कार्यक्रम में जिला महामंत्री राकेश तिवारी, उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, संदीप पाण्डेय, अनुपम प्रकाश मिश्रा, अंजू सिंह खरवार,जिला मंत्री विनय शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप मिश्रा,युवा मोर्चा अध्यक्ष दीपक गुप्ता, विद्या भूषण द्विवेदी, नन्द कुमार नंदू, राम नाथ मौर्या, अर्चना उपाध्याय, श्याम सुन्दर मौर्या, सिद्धार्थ मिश्रा, मनीष द्विवेदी, विनीत सिंह, अनुभव शुक्ला, अमरजीत सिंह इत्यादि भाजपाई उपस्थित रहे।

## दर-दर भटक रहा है पीड़ित नहीं लिखा गया एनसीआर

**मनकापुर /गोन्डा ,समृद्धि न्यूज़**

मनकापुर तहसील के मछली गाँव नानकार का थाना कोतवाली मनकापुर गोन्डा का है पीड़ित गगां राम गुप्ता पुत्र मल्लेगुप्ता के मोबाइल फोन नम्बर 9696247543 और मो.न. 8948196507 तथा मोबाइल नंबर 9336242739 व7054345878 किसी अज्ञात ब्यक्ति गगां राम एव उसके बेटे को3/11/2023 को समय लगभग एक बजे दिन में आई टी आई गेट नम्बर दो पर थे बुलाया और गगां राम अपनी पत्नी के साथ मनकापुर मार्केट के लिए सीधा जाने लगा पजाबं नेशनल बैक शाखा के पास पहुंचा ही था कि पीछे से अज्ञात बदमाशों ने सरिया से हमला



कर दिया तथा कट्टे से फायर किया गगा राम गिर गया सर फट गया और शरीर पर काफी चोट आगया तथा जेब से पचास हजार रुपया जो बाजार से लाई चूरा लाने के लिए जा रहा था उसको निकाल लिया साथ में गगां राम की पत्नी के शोर मचाने पर बदमाश फरार हो गये गगां राम की पत्नी पुलिस चौकी मछली गाँव लाद कर लेकर गयी जहाँ उसने तहरीर दिया परन्तु कोई सुनवाई नहीं हुई गग राम गुप्ता ने यह भी अपने प्रार्थना पत्र कहा था मेरे कि पिकी गुप्ता पत्नी हृदयराम गुप्ता का और राधेश्याम ऊर्फ घल्लू पुत्र हरी राम का आपसी विवाद है।

## प्रचार मंत्री ने ऋषि को श्रद्धा सुमन गीत के माध्यम से किया नमन

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत एवं आर्य समाज संस्थापक महर्षि दयानंद सरस्वती के 200 जन्म जयंती पर देवीपाटन मंडल मुख्यालय भगत सिंह इंटर कॉलेज गोंडा में 3 दिसंबर 2023 को प्रातः 200 कुंडीये यज्ञ ऋषि संदेश एवं आर्यवीर शौर्य प्रदर्शन में भारी संख्या में लोगों ने शिरकत की प्रचार मंत्री अशोक तिवारी ने ऋषि को श्रद्धा सुमन गीत के माध्यम से नमन किया मुख्य अतिथि उद्बोधन में महर्षि दयानंद सरस्वती औरशहीद मंगल पांडे एक ही कालखंड एवं एक ही मार्ग के अनुयाई रहे। इस अवसर पर क्रांतिकारी मंगल पांडे के प्रपौत्र रघुनाथ पांडे विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष राजीव रस्तोगी खरगूपुर विधायक मनकापुर पलटू राम, विधायक



कैलाश नाथ शुक्ला तुलसीपुर आर्य प्रतिनिधि सभा उत्तर प्रदेश वैदिक प्रवक्ता आचार्य विमल कुमार आर्य आर्यवीर बौद्धिक अधिष्ठाता आचार्य अखिलेश मेधावी उपमंत्री आर्य प्रतिनिधि सभा तृप्ति आर्या प्रदेश संचालक आर्य वीर दल पंकज आर्य आचार्य डॉ हरि सिंह आर्य विशिष्ट अतिथि रहे कमिश्नरीआर्य समाज गुरुकुल विद्यालयों के हजारों बच्चों ने समारोह में शौर्य प्रदर्शन कर श्रृषि को नमन किया सभा संचालन शास्त्री विनोद आर्य प्रधान जिला आर्य प्रतिनिधि सभा ने करते हुए कहा महर्षि पूरे संसार को एक सूत्र में पिरोने व समाज में व्याप्त पाखंड कुरीति कोआर्य समाज की स्थापना की समारोह का आकर्षण दयानंद आर्य वैदिक इंटर कॉलेज वजीरगंज,गुरुकुल इकौना सरस्वती विद्या मंदिर आदि विद्यालयों के छात्रों ने शौर्य प्रदर्शन कर महर्षि को नमन किया। इस अवसर पर वृंदावन मथुरा के मनमोहन दास डॉ. वीवी मिश्रा मनोहर लाल,सत्य प्रकाश,डॉ. आभा आर्या,कृष्ण कुमार आर्य शिवम एडो,डॉ. शुभम,डॉ. रमेश मौर्य,राजेश पंछी,अमर दीक्षित ब्रह्मचारी प्रदीप आर्य,दुर्गा प्रसाद गुप्ता,शिवनंदन वैश्य, आर्य कुमार लक्ष्मण,चंद्रकेतु आर्य,संतोष आर्य, मीडिया महेंद्र उपाध्याय शिक्षक गौरव आर्य नितेश आर्य अर्जन आर्य शिव दत्त आर्य पूनम तिवारी अरविंद गुप्ता सोम प्रकाश एसडीओ प्रज्ञा आर्य इ0 सत्यम, मंगली प्रसाद तिवारी,शैलेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ समारोह में शिरकत की,समारोह के माध्यम से संगठन कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार के आकस्मिक निधन 27 नवंबर 2027 की स्मृति में श्रद्धांजलि दी गयी समारोह में प्रांत भर से आए सभी आर्यजनों का आभार संचालन शास्त्री विनोद आर्य ने किया।

## ठोरिया में हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम

**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** विकसित भारत संकल्प यात्रा अभियान के तहत विकास खण्ड बिशेश्वरगंज के ग्राम ठोरिया में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक प्रतिनिधि पयागपुर निशंक त्रिपाठी ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित किया। उन्होंने केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार में प्रदेश का विकास तेजी से हो रहा है। उन्होंने का प्रदेश में कानून व्यवस्था सुदृढ़ हुई है महिलाओं को उनका हक व सम्मान मिला है। साथ ही उन्होंने राजस्थान, मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ में भाजपा की प्रचंड जीत की बधाई भी दिया। उन्होंने कहा भाजपा की जीत लोगों का मोदी व योगी के प्रति बढ़ रहे विश्वास की जीत है।

## बच्चों के साथ मनाया गया जन्मोत्सव का कार्यक्रम

**गोंडा ,समृद्धि न्यूज़**

महिला कल्याण विभाग द्वारा जनपद में संचालित बालगृह शिशु व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण में जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों ने यहां आवासित बच्चों के साथ केक काटकर जन्मोत्सव का शुभारंभ किया। संरक्षण अधिकारी चन्द्रमोहन वर्मा ने कहा कि बालगृह शिशु व विशेषज्ञ दत्तक ग्रहण अभिकरण संस्थाएं महिला कल्याण द्वारा अनुदानित है, जिनका संरक्षण व देखभाल शासन की मंशानुरूप किया जा रहा है। महिला कल्याण अधिकारी ज्योत्सना सिंह ने कहा कि इस जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पखवाड़े के तहत किया गया, जो अनवरत 15 दिसम्बर तक चलेगा।जिला समन्वयक राज कुमार आर्य ने बच्चों को केक खिलाया और उन्हे खुशियां बांटी। संस्था के बच्चों को बेबी किट व कपड़ा वितरित किया गया। संस्था के चीफ कोआर्डिनेटर ने अधिकारियों का स्वागत करते हुए उनके प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान अधीक्षिका अर्चना श्रीवास्तव व सपना श्रीवास्तव, प्रदीप जायसवाल, दिनेश कुमार, सुनीता, अर्चना पाण्डेय, सुशीला पाण्डेय, सरस्वती, सूरजकला, वेदप्रकाश आदि मौजूद रहे।

**पहल** — **जनपदवासियों को दिया ऐतिहासिक कॉफी टेबल बुक का हिस्सा बनने का अवसर**

## डीएम की पहल, अब तैयार होगी जनपद की कॉफी टेबल बुक

**डीएम ने बताया है कि जनपद अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के चलते प्रदेश में एक अलग स्थान रखता है**

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़**

जिलाधिकारी नेहा शर्मा (छ्रूरू हृद्गद्धड्ड स्ह्वड्डह्द्धड्ड) ने जनपद के गौरवशाली अतीत, बदलते वर्तमान और सुनहरे भविष्य की रूपरेखा को एक सूत्र में पिरोने के लिए अनूठी




पहल की है। जिलाधिकारी के प्रयासों से जनपद की कॉफी टेबल बुक तैयार की जा रही है। इस कॉफी टेबल बुक में जनपद के गौरवशाली अतीत की झलक के साथ - साथ भविष्य का भी एक विजन प्रस्तुत किया गया। खास बात यह है कि यह पहली कॉफी टेबल बुक होगी जिसमें आम जनता को सीधे तौर पर जुड़कर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का अवसर दिया गया है। इस पहल को देश और दुनिया में जनपद की तस्वीर को बेहतर बनाने की दिशा में एक अहम कदम माना जा रहा है। उम्मीद जताई जा रही है कि अगले वर्ष जनवरी माह में इस कॉफी टेबल बुक को जनपद वासियों को समर्पित किया जाएगा। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया है कि जनपद गोण्डा अपनी सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक विरासत के चलते प्रदेश में एक अलग स्थान रखता है। जनपद की समृद्ध विरासत को देश और दुनिया के सामने रखने का प्रयास इस कॉफी टेबल बुक के माध्यम से किया जा रहा है।

### यह विषयवस्तु की गई है शामिल

इस कॉफी टेबल बुक में गोण्डा के अतीत, वर्तमान और भविष्य तीनों को एक सूत्र में पिरोने का प्रयास किया गया है। जहां शुरुआत जनपद के गौरवशाली अतीत के साथ की गई है, वहीं अंत में भविष्य का एक खाका भी प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया। कॉफी टेबल बुक में जनपद की संस्कृति, साहित्य, ऐतिहासिक धरोहरों, जनपद के राजघरानों से लेकर देश दुनिया में जनपद का नाम रोशन करने वाली 30 दिग्गज हस्तियों को भी शामिल किया गया है।

### जनपदवासी ऐसे हो सकते हैं शामिल

इस कॉफी टेबल बुक को और समृद्ध बनाने के लिए जनता को सीधे तौर पर जोड़ने का फैसला लिया गया है। आप जनपद के इतिहास, साहित्य, संस्कृति से संबंधित कोई तथ्य, फोटो या लेख ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध करा सकते हैं। आपके द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले कंटेंट का परीक्षण ऐडिटोरियल टीम करेगी। ऐडिटोरियल टीम के निर्णय के आधार पर प्रकाशन किया जाएगा।

# खेल प्रतियोगिताओं मे बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



शहर के प्रभुटाउन स्थित राइजिंग चाइल्ड स्कूल मे खेल दिवस का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण मे सम्पन्न हुआ। दो चरणों में संपन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं के प्रथम चरण का उदघाटन जिला अधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा किया गया। विद्यालय के प्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, एडवोकेट द्वारा आये हुए अतिथियों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। प्रथम चरण में प्री-प्राइमरी के बच्चों के मध्य हुई हर्डल रेस, स्पून रेस, फ्रैंडशिप रेस, ईट एंड रन रेस, फ्रूट रेस, बकेट रेस, जंपिंग रेस मे क्रमशः मोक्षिता, भव्य, शिवांग, आदविक, वाम्मी, अयंतिका, गुरीक, फ़ातिमा ने बाजी मारी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पूजा मिश्रा विशिष्ट अतिथि के रूप मे उपस्थित रहीं। जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने विजयी बच्चों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि बच्चों में आत्मविश्वास बढ़ाने और शिक्षा को मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत करने में राइजिंग चाइल्ड स्कूल बखूबी कार्य कर रहा है, जो बदलते परिवेश में अत्यंत आवश्यक है। द्वितीय चरण का उद्घाटन उपजिलाधिकारी नवदीप शुक्ला और उपजिलाधिकारी सर्वेश यादव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस मौक़े पर नगर शिक्षा अधिकारी धर्मेश यादव, तहसीलदार दीपिका सिंह, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. ज्ञानेन्द्र चतुर्वेदी, गौरव अवस्थी, पुलक त्रिपाठी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष राकेश कक्कड़, समाजसेवी महेन्द्र अग्रवाल, भारत विकास परिषद के सचिव राजा राम मौर्य द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। प्राइमरी एवं जूनियर कक्षाओं के बच्चों के बीच हुई विविध प्रतियोगिताओं में कल्पित, जतिन, बिलाल, वसुंधरा, अदिति, शिवांश, आराध्या, अनय, विशाखा, मानस आदि बच्चे अव्वल स्थान पर रहे। तिश्या, मरियम, तनीषी, आविशी, विहर्ष, मानिक, आरूष, अरशद, अंशिका, ओजस का प्रदर्शन अत्यंत सराहनीय रहा। राइजिंग चाइल्ड स्कूल की प्रधानाचार्या सीमा श्रीवास्तव ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए राइजिंग चाइल्ड स्कूल कृत संकल्पित है।

## क्वालिटी असेसमेन्ट टीम ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**उन्नाव।** क्वालिटी असेसमेण्ट टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सफीपुर का औचक निरीक्षण किया गया। टीम ने इमरजेंसी, जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष, लैब आदि सभी वार्डों को देखा। निरीक्षण के बाद टीम ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा की सराहना की। सोमवार को एसीएमओ डॉ. हरिनंदन के नेतृत्व में क्वालिटी असेसमेण्ट टीम द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के इमरजेंसी, जनरल वार्ड, प्रसव कक्ष, जांच केंद्र तथा ऑपरेशन थियेटर का बारीकी से निरीक्षण किया गया। निरीक्षण करने पहुंची टीम ने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. राजेश कुमार वर्मा द्वारा मरीजों को स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर मुहैया कराने के लिए उनकी सराहना की। निरीक्षण टीम में प्रमुख रूप से बाराबंकी से आए डॉ. पंकज, इकबाल शंकर वार्डब्वॉय, सफाईकर्मी सागर उपस्थित रहे।

# कमल के कमाल पर भाजपाइयों ने मनाई खुशी

**डलमऊ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



हाल ही में संपन्न हुए पांच राज्यों के चुनाव के बाद कल घोषित हुए परिणाम के बाद भाजपा की स्पष्ट लहर दिखाई पड़ी पांच राज्यों में हुए चुनाव के बाद तीन राज्यों राजस्थान मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में स्पष्ट रूप से बहुमत प्राप्त करने तथा कमल के अप्रत्याशित कमाल पर भाजपायों ने जमकर खुशी जताई।

डलमऊ क्षेत्र के भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने तीन राज्यों में विधानसभा चुनाव में भाजपा के स्पष्ट बहुमत एवं अप्रत्याशित जीत के बाद मुराई बाग मुख्य चौराहे पर एकत्रित होकर जमकर आतिशबाजी की एवं ढोल नगाड़े की धुन पर थिरकते हुए सभी का मुंह मीठा कराया और एक दूसरे को जीत की बधाइयां एवं शुभकामनाएं दी भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी विनीत त्रिवेदी महेंद्र पटेल सुधीर जायसवाल ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव के पूर्व पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत पार्टी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है इस जीत से भाजपाइयों में जोश दोगुना हो गया है आने वाले 2024 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी पूरे देश में अच्छा प्रदर्शन करेगी और पुनः पूर्ण बहुमत की सरकार बनाएगी इस मौके पर सुशील कुमार अमित तिवारी पवन जायसवाल मनोज सोनकर आशीष जायसवाल आदित्य कौशल विमलेश चौधरी सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आशीष कुमार पटेल को मिली पीएचडी की उपाधि

**माता-पिता, गुरुजनों व परिवार के सदस्यों को दिया उपलब्धि का श्रेय**

**सरेनी ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



जनपद रायबरेली के एक छोटे से गांव मर्दईखेड़ा के आशीष कुमार पटेल पुत्र राजकुमार को पीएचडी की उपाधि मिली है!प्राथमिक शिक्षा प्राइमरी से ग्रहण करने के बाद उन्होंने महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय (केन्द्रीय विश्वविद्यालय) वर्धा से वैकल्पिक विकास में जैविक खेती की भूमिका एक विश्लेषणात्मक अध्ययन विषय पर डॉ. चित्रा माली शोध निर्देशिका के कुशल निर्देशन में पीएच.डी. (डॉक्टरेट ऑफ फिलासफी) की डिग्री न्यूनतम मानक एवं प्रक्रिया,विनियम 2009 के अनुसार प्राप्त की है!आशीष कुमार पटेल ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता,गुरुजनों व परिवार के सदस्यों एवं मित्रों को दिया। उन्होंने इस लक्ष्य की प्राप्ति अपनी कठिन परिश्रम तथा अपने परिजनों के निरंतर सहयोग से की !आशीष ने बताया कि यह उनका व उनके परिजनों का सपना था जिसे उन्होंने साकार किया है। परिवार में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

# कॉलेज में अर्धवार्षिक परीक्षाफल का हुआ वितरण

**डलमऊ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



न्यू आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज में अर्धवार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया परीक्षा फल में मेधावियों को प्रबंधक के द्वारा सम्मानित भी किया गया मुराई बाग कस्बे के शिक्षा के क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बनाने वाले न्यू आदर्श इंटरमीडिएट कॉलेज का हमेशा बोर्ड परीक्षा में दबदबा रहा है यहां के पढ़ने वाले छात्र उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की टॉप सूची में भी अपना नाम दर्ज कर चुके हैं सोमवार को विद्यालय के अर्धवार्षिक परीक्षा फल का वितरण किया गया परीक्षा फल में मेधावियों को सम्मानित किया गया बाबू किशोरी लाल यादव व प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया हाई स्कूल की अंग्रेजी माध्यम में अभिनव नेगी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया वहीं पर अंग्रेजी माध्यम की रिया ने कक्षा 9 में पहले स्थान प्राप्त किया है।

इंटरमीडिएट की परीक्षा में सुजीत कुमार व नैमिष यादव को पहला स्थान मिला है परीक्षा फल वितरण करते समय प्रधानाचार्य राकेश कुमार यादव ने कहा कि शिक्षकों की लगन व बच्चों की मेहनत से ही आज विद्यालय का नाम रोशन हो रहा है बाबू किशोरी लाल यादव ने कहा कि शिक्षा यही एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा व्यक्ति ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है उनका प्रयास रहा है कि हमेशा ही विद्यालय में अच्छी शिक्षा दी जाए जिसे पढ़ने वाले बच्चे निरंतर आगे की ओर आकर्षित हो इस मौके पर शिक्षक कुलदीप अवस्थी आनंद त्रिवेदी तौफीक खान आशीष जायसवाल राजेश शर्मा शशिकांत साहू अंकित बाजपेई सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे।

# कार्यकर्ता बताएंगे सरकार की उपलब्धियां : पीयूष मिश्रा

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यकारिणी की बैठक जिला कार्यालय अटल भवन में संपन्न हुई बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष बुद्धिलाल पासी ने किया बैठक में मुख्य अतिथि जिला प्रभारी पीयूष मिश्रा ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से कार्यकर्ता घर-घर संपर्क करके बताएंगे सरकार की उपलब्धियां विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रचार वाहन माध्यम से विधानसभा मंडल बूथ शक्ति केंद्र एवं ग्राम सभा स्तर पर किया जायेगा बैठक में वोटर चेतना महा अभियान की समीक्षा की गई एवं आगामी अभियानों को लेकर के कार्यकर्ताओं बताया गया इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सुशील शर्मा जिला महामंत्री दिनेश त्रिपाठी शरद सिंह जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र सिंह जन्मेजय सिंह मोहित अग्रवाल राजेंद्र चतुर्वेदी वीरेंद्र सिंह दल बहादुर सिंह जिला मंत्री विवेक शुक्ला संतोष गुप्ता कृष्ण चौधरी मंडल अध्यक्ष अभिषेक वर्मा अखिलेश तिवारी शिवराम सिंह विनायक प्रताप सिंह भागवत किशोर सिंह वीरेंद्र गौतम सुनील सिंह कालिका पंडित राधेश्याम पाल राम सुमेर लोधी सहित सभी जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंडल प्रभारी बैठक में उपस्थित रहे।

## आटा चक्की में हाथ फंसने से युवक हुआ जख्मी

**डलमऊ,रायबरेली।** आटा चक्की में काम करते समय एक युवक का हाथ फसने से बुरी तरह से जख्मी हो गया जिसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया डलमऊ कोतवाली क्षेत्र के सूरजपुर बना पर निवासी रामविलास का 20 वर्षीय बेटा सचिन गांव में ही आता चक्की में काम करता था सोमवार दोपहर को वह काम कर रहा था तभी उसका हाथ फस गया जिससे वह बुरी तरह से जख्म हो गया लहू लोहान स्थिति में परिजनों के द्वारा उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डलमऊ पहुंचाया गया जहां से चिकित्सकों ने जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## खबरें एक नजर में

### अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की मौत, दूसरा घायल

**महराजगंज, रायबरेली।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक की हुई मौत दूसरा लड़ रहा है जीवन की जंग इस समय बांदा बहराइच मार्ग के पुल के टूटने की वजह से हैदरगढ़ से सीधे महराजगंज के लिए आने वाले बड़े-बड़े ट्रैकों और वाहनों की बाढ़ आई हुई है। वही मिली जानकारी के मुताबिक बीती रात केन्द्रीय वाहन यार्ड के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई तो वहीं दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया ।देवी दयाल पुत्र लल्ली निवासी माझगांव ने कोतवाली पुलिस को लिखित तहरीर देते हुए बताया कि शिवा कश्यप पुत्र देवी दयाल संदीप पुत्र रमेश कुमार अपनी बाइक से आ रहे थे तभी किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों घायल हो गए वहीं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज पहुंचाया गया जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद शिवा कश्यप को मृत घोषित कर दिया तो संदीप की हालत ज्यादा गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### चोरी हुआ ट्रैक्टर बरामद, एक गिरफ्तार

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में शनिवार को कटरा गांव के पास खड़ा ट्रैक्टर युवक चोरों से लेकर जा रहा था। सूचना मिली तो ठेकेदार ने पीछा करते हुए अचलगंज के पास ट्रैक्टर को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने ट्रैक्टर कब्जे में लेकर थाने पर खड़ा करा लिया। ट्रैक्टर मालिक ने आसीवन पुलिस को तहरीर दी है पुलिस मामले की जांच कर रही है। हरदोई के कासिमपुर थाना क्षेत्र के बिदौरा गांव निवासी अजय सिंह पुत्र यदुवीर सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि बेहटा मुजावर थाना क्षेत्र के राजाखेडा गांव निवासी जयपाल को 15000 हजार रुपये प्रतिमाह किराए पर ट्रैक्टर दिया था जिसे ठेकेदार विद्युत विभाग के कार्य में लगा रखा था। शनिवार को गौरिया कलां गांव निवासी दीपांशू पुत्र बब्लू बिना ठेकेदार को सूचना दिए ट्रैक्टर लेकर निकल गया। ठेकेदार जयपाल ने पीछा करते हुए अचलगंज थाना क्षेत्र में ट्रैक्टर पकड़ लिया। पुलिस ने दीपांशू को हिरासत में ले लिया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है ठेकेदार और ट्रैक्टर ले जा रहे युवक के बीच पैंसो का लेन-देन है जांच की जा रही है उचित कार्रवाई की जायेगी।

### प्रेमी संग फरार किशोरी बरामद, आरोपी फरार

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पहले नाबालिक किशोरी युवक मित्र के साथ चली गयी थी। पिता की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफमुकद्दमा दर्ज कर लिया था जिसे रविवार की शाम को रुपऊ नहर पुल के पास से बरामद कर उसे मेडिकल जांच के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस आरोपित युवक की तलाश कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया था कि 29 नवम्बर को ग्यारह साल की पुत्री को रुपऊ गांव निवासी विकास पुत्र टेलर जिसका गांव आना जाना था। इसी बीच उसने नाबालिक पुत्री को शादी का झांसा देकर अपने जाल में फंसा लिया और लेकर चला गया। खोजबीन के दौरान जानकारी हुई तो युवक के खिलाफ तहरीर दी। इस सम्बंध में थाना प्रभारी वीर बहादुर ने बताया कि नाबालिक किशोरी को रुपऊ नहर पुल के पास से बरामद कर मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेज दिया गया है जबकि युवक मौके से भाग निकला जिसकी तलाश की जा रही है।

### खेत से थ्रेसर पार कर ले गए चोर

**उन्नाव।** आसीवन थाना क्षेत्र में किसान का खेत पर खड़ा थ्रेशर चोरों ने पार कर दिया। पीड़ित ने अज्ञात चोरों के खिलाफपुलिस को तहरीर दी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। कनिगांव निवासी मुन्ना सिंह पुत्र तुलसी सिंह ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि गांव के बाहर गौशाला के पास 70 हजार रुपये कीमत का थ्रेशर धान की फसल की कटाई के बाद खेत पर ही खड़ा कर दिया था। बीतीरात चोरों ने हाथ साफकर दिया। सोमवार को जब वह खेत पर पहुंचा तो थ्रेशर गायब कर दिया। इस सम्बंध में थाना प्रभारी संदीप कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर मिली है जांच की जा रही है।

## मार्ग दुर्घटना में घायल युवक की उपचार के दौरान मौत

**उन्नाव।** माखी थाना क्षेत्र के उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तीन नवंबर की शाम को कंटेनर चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी थी जिससे युवक गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। रविवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सोमवार को शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के खोखापुर गांव निवासी छबिनाथ 41 पुत्र शिवमंगल 3 नवंबर को उन्नाव गया था जहां से वह वापस लौट रहा था तभी थाना गांव के पास कंटेनर की टक्कर से गंभीर रुप से घायल हो गया था जिसे गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया था। 8 नवंबर को चाचा विजयशंकर ने कंटेनर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी थी। 3 दिसम्बर को इलाज के दौरान मौत हो गयी।

# जनता को सीधा लाभ दे रहे हैं मोदी : डॉ. एमडी पासी

**महराजगंज,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



राजस्थान मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ की जीत पर भारतीय जनता पार्टी के नेताओं द्वारा लगातार एक दूसरे का मुंह मीठा कराया जा रहा है तो वही हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी जा रही है ।बीजेपी प्रांतीय परिषद सदस्य डॉ एमडी पासी ने कहा कि इस जीत ने ये साबित कर दिया है कि जनता आज भी मोदी के नेतृत्व में अपने आप को आगे बढ़ता हुआ देखना चाहती है । श्री पासी ने यह भी कहा बीजेपी सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं से जहां पहले बिचौलिए सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं में जनता तक फायदा नहीं पहुचने देते थे वहीं भाजपा सरकार ने सीधे जनता को ही टारगेट करके मध्यमवर्गीय मजदूर किसान को लाभान्वित कर रही है। इस मौके पर शिवकुमार सिंह शिव वरिष्ठ भाजपा नेता द्वारिका सिंह मंडल उपाध्यक्ष आशा सिंह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य वीरेंद्र वर्मा किसान नेता राममिलन यादव किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष राम सुमिरन यादव रामचंद्र मंडल उपाध्यक्ष बछरावां रामबरन पासी पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुसूचित मोर्चा भाजपा दिनेश कुमार मौजूद रहे।

# महामंडलेश्वर ने उपमुख्यमंत्री से की मुलाकात

**डलमऊ,रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



डलमऊ के ऐतिहासिक नगरी का जीर्णोद्धार एवं घाटों के समतलीकरण एवं मरम्मत कराए जाने को लेकर महामंडलेश्वर ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री से मुलाकात की है और घाटों एवं पौराणिक स्थल का कायाकल्प कराए जाने की मांग की है बड़ा मठ डलमऊ के महामंडलेश्वर श्री देवेंद्र आनंद गिरि ने उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से मुलाकात की।

मुलाकात करके अवगत कराया की धार्मिक स्थलों के जीवनी द्वारा पर सरकार निरंतर प्रयास कर रही है सरकार के द्वारा डलमऊ के विभिन्न घाटों का नमामि गंगे योजना से जीरो द्वारा भी कराया गया है लेकिन कुछ ऐसे घाट हैं जहां पर अभी भी काम होना बाकी है डलमऊ में विशाल कार्तिक पूर्णिमा मेला लगता है जहां पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं लेकिन आधे से अधिक घाट अभी भी कच्ची बने हुए हैं।

जहां पर श्रद्धालुओं को परेशानी होती है महामंडलेश्वर ने बताया कि धार्मिक एवं पौराणिक नगरी होने के चलते यहां पर बड़ी संख्या में लोग भी आते हैं ऐसे में घाटों का सौंदर्य करण करण अति आवश्यक है उप मुख्यमंत्री से महामंडलेश्वर ने मांग की है कि नमामि गंगे योजना के अंतर्गत बजट और मुक्त कराकर घाटों का जीवनी द्वारा कराया जाए इस पर उपमुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर श्री देवेंद्र आनंद गिरि को जल्द ही कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया है।

# वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर भूमि व जल संरक्षण समिति की बैठक सम्पन्न

**रायबरेली। समृद्धि न्यूज**



कृषि विभाग,उप्र वाटरशेड सेल कम डाटा सेंटर भूमि एवं जल संरक्षण समिति की बैठक जिलाधिकारी हर्षिता माथुर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट स्थित बचत भवन में हुई।

बैठक में वाटरशेड विकास घटक के अन्तर्गत जनपद के विकास खण्ड सरेनी/ लालगंज में 11 माइक्रोवाटरशेड कोड जिसमें 54 ग्राम पंचायतें सम्मिलित हैं। जिसमें पांच वर्षों में 5047.00 हे0 क्षेत्रफल उपचारित कर 1110.34 लाख के प्राविधानान्तर्गत आजीविका सम्बर्धन, उत्पादन प्रणाली, प्राकृतिक संसाधन प्रबन्धन एवं ग्रामीण सहभागिता के आधार पर कार्यों को कराये जाने हेतु स्वीकृति प्रदान किया गया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप निदेशक कृषि,उप जिलाधिकारी (वि0/रा0) रायबरेली उपस्थित थे।

## महाविद्यालय में 49 छात्राओं को बांटे गए स्मार्ट फोन

**उन्नाव।** प्रधान प्रतिनिधि ने कन्या महाविद्यालय बड़ादेव बम्हना सफीपुर में 49 बीए पास छात्राओं को स्मार्ट फोन का वितरण किया। फोन पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजना के अंतर्गत स्वर्णलता स्मारक कन्या महाविद्यालय बड़ादेव बम्हना में प्रधान प्रतिनिधि अनूप सिंह चंदेल व सालेहनगर करौंदी के प्रधान प्रतापनारायण ने स्मार्ट फोन का वितरण किया। 49 छात्राओं ने बीए अंतिम वर्ष की परीक्षा पास की थी। सभी को स्मार्ट फोन का वितरण किया गया। इस अवसर पर प्रबंधक श्रीकृष्ण अवस्थी, प्रधानाचार्य आर वी सिंह, पीके शुक्ला, सूरज सिंह चौहान, मलखान आदि लोग उपस्थित रहे।

# उन्नाव के युवक की सैफई में मार्ग दुर्घटना में मौत

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर सैफई कस्बा के पास अज्ञात वाहन चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि साथी गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने शव को पीएम के लिए अस्पताल भेज दिया। आसीवन थाना क्षेत्र के बहादुरखेड़ा गांव निवासी बीरेन्द्र 28 साथी मनोज निवासी बांग्लाखेड़ा के साथ शनिवार की सुबह गमला फैक्ट्री में काम करने के लिए मथुरा के लिए निकले थे अभी दोनों सैफई के पास पहुंचे थे कि पीछे से आ रहे भारी वाहन चालक ने बाइक में पीछे से टक्कर मार दी जिससे बीरेन्द्र सड़क पर गिर गया और टायर के नीचे आ जाने से मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। पीछे बैठा साथी गंभीर रुप से घायल हो गया जिसे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डाक्टर ने उसकी हालत नाजुक होने पर ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पी एम के लिए भेज दिया। रविवार को पीएम के बाद शव मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया शव गांव पहुंचा तो परिजन बस रोए जा रहे थे। मृतक तीन भाई दो बहनों के बीच सबसे छोटा था। मृतक का एक पुत्र कीर्तीमान दो बेटियां प्रतिमा व कीर्ती हैं। मृतक मथुरा स्थिति गमला फैक्ट्री में मजदूरी कर परिवार पाल रहा था। पत्नी फूलमती पति की मौत से आहत है।

# गौवंश को ठंड से बचाने की अनूठी पहल



**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**

राष्ट्रीय सैनिक छात्रसेवा परिषद के संस्थापक/अध्यक्ष अंकित शुक्ला ने शीतलहर को देखते हुए जनपद भर के आवारा पशु व गौवंश को ठंड से बचाने के लिए कंबल रजाई बोरा झूल पहनाकर ठंड से बचाया। संस्था अध्यक्ष ने कहा कि हर कोई ठिठुर रहा है गर्म कपड़ों में भी ठंड नहीं थम रही। ऐसे में जिले में बनी अस्थायी गोशालाओं में रहने वाले गोवंश भी बेहाल हैं टीनशेड और तिरपाल के नीचे रह रहे गोवंश भी ठंड से ठिठुर रहे हैं कुछ तो ठंड लगने से बीमार भी हो गए हैं। अंकित शुक्ला ने जिले में इन अस्थायी गोशालाओं की जांच पड़ताल की तो हकीकत अस्थायी गोशाला में प्रतिदिन सैकड़ों गोवंश ठंड से पीड़ित होकर मर रहे हैं। ठंड से बचाने के लिए अंकित शुक्ला ने गोवंशों को सीमेंट की चादर वाले पक्के छह बरामदों में रखा और हवा ठंड रोकने के लिए रात में तिरपाल लगवाया और गोवंश को रंजाई कंबल से उन्हें ठंड से बचाया। उन्होंने बताया कि जनपद व प्रदेश में सभी गौशालाओं का निरीक्षण करेंगे और सड़क पर घूम रहे आवारा गोवंश को ठंड से बचाएंगे व उन्हें उपचार सुविधा देंगे। किसी भी गौशाला में ठंड से पीड़ित होकर गोवंश मरे तो उनकी खैर नहीं क्योंकि गौशालाओं के कर्मचारी से लगाकर अधिकारी तक अपनी जेब गर्म कर रहे हैं। गोवंश की रक्षा नहीं कर रहे हैं।

**बयान** — **गृहस्थ आश्रम को सभी चार आश्रम में श्रेष्ठतम बताया गया**

# जीवन भर पछताते हैं पैसा देखकर विवाह करने वाले : प्रेमभूषण महाराज

**उन्नाव। समृद्धि न्यूज**



बेटे अथवा बेटी के विवाह में अगर विशेष सावधानी नहीं रखते हैं तो जीवन भर पछताने के अलावा और कुछ नहीं मिलता है। अगर कुल की परंपरा और अपनी स्थिति को ध्यान में रखकर हम विवाह नहीं करते हैं तो अपने बेटे अथवा बेटी को कभी भी सुख नहीं दे सकते हैं। कुछ अपवादों को छोड़ दें तो बेमेल शादी का दंश पूरा परिवार झेलता है।

उक्त बातें उन्नाव के रामलीला मैदान में चल रही नौ दिवसीय श्रीराम कथा के छठे दिन व्यासपीठ से प्रख्यात कथावाचक प्रेमभूषण महाराज ने कहीं। उन्होंने सीता-राम विवाह से जुड़े प्रसंगों की चर्चा करते हुए कहा कि भगवान को तर्क से नहीं जाना जा सकता है। पूज्य महाराज श्री ने कहा कि पैसे वालों का ईमान और भगवान सब कुछ पैसा ही होता है। पैसे के आधार पर खड़ा किया गया कोई भी संबंध स्थाई नहीं हो पाता है। बेटे अथवा बेटी के विवाह के लिए अपनी कुल परंपरा को ध्यान में रखकर ही विवाह करना चाहिए। हम अगर वैष्णव हैं तो वैष्णव परिवार में विवाह करें। शैव अथवा शाक्त हैं तो भी वैसे ही परिवार से वर या वधू ढूंढने का प्रयास करें तभी अपने पुत्र अथवा पुत्री को सुखी बना सकेंगे उनके संसार में सुख बरसा सकेंगे। पूज्यश्री ने कहा सनातन धर्म और परंपरा में गृहस्थ जीवन में प्रवेश करने वाले वर-वधू यहीं से अपने जीवन की परमार्थ यात्रा की शुरूआत करते हैं। गृहस्थ आश्रम को सभी चार आश्रम में श्रेष्ठतम बताया गया है। सनातन परंपरा में विवाह संस्कार को समाज का मेरुदंड बताया गया है। महाराज जी ने कहा कि निरंतर भजन में रहने वाले की कभी मृत्यु नहीं होती है। वह अपनी कीर्ति से कुल परम्परा का निर्माण करते हैं और संसार में अमर हो जाते हैं।

इसलिए सामान्य व्यक्ति के लिए यह आवश्यक है कि वह अपने जीवन के सभी क्रियाओं में संयुक्त रहते हुए भजन में भी प्रवृत्त हों। महाराज जी का सत्कर्म सोचने से नहीं होता है सत्कर्म के लिए सोचने वाले सोचते रह जाते हैं लेकिन करने वाला तुरंत उस कार्य को पूरा कर लेता है। मनुष्य को अपने जीवन में अपने कर्म को हमेशा धर्म सम्मत रखने की आवश्यकता होती है। जब हमारा कर्म बिगड़ता है तो फिर लाख प्रयास करने के बाद भी हमारी मती गति काल के वश में चली जाती है। उन्होंने कहा कि हमारे शास्त्रों का एक सरल सिद्धांत है कि आदमी को सब कार्य छोड़कर भी भोजन करना चाहिए, हजार कार्य छोड़कर स्नान करना चाहिए और एक लाख कार्य छोड़कर भी दान करना चाहिए। चाहे वह दान थोड़ा ही हो लेकिन, यह सभी कुछ छोड़कर भगवान का भजन करना चाहिए। कथा कर्म में महाराज श्री ने कई सुमधुर भजनों से श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। हजारों की संख्या में उपस्थित रामकथा के प्रेमी, भजनों का आनन्द लेते हुए, झूमते नजर आए।

# लोकतंत्र की गारंटी

चार राज्यों के विधानसभा चुनावों के अप्रत्याशित परिणामों ने जहां हिंदी हृदय प्रदेश में भाजपा के वर्चस्व को स्थापित किया है, वहीं अगले वर्ष होने वाले आम चुनावों के महासमर के लिये विपक्षी इंडिया गठबंधन की चिंताओं को बढ़ा दिया है। इन चुनावों ने जहां राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ की जीत से भाजपा को ताकत दी है, वहीं तेलंगाना की हार ने बता दिया कि भाजपा के लिये दक्षिण भारत में आगामी आम चुनाव मुश्किल चुनौती बनने वाले हैं। इस चुनाव का सबसे महत्वपूर्ण पक्ष यह भी है कि चुनाव जातिवाद, धर्म और अन्य संकीर्ण मुद्दों के बजाय विकास के मुद्दों पर लड़ा गया। विपक्ष की जातीय आधार पर सत्ता में हिस्सेदारी की बात को मतदाताओं ने तरजीह नहीं दी। वहीं भाजपा के सुनियोजित चुनाव अभियान, स्टार प्रचारक के रूप में नरेंद्र मोदी की स्वीकार्यता व कांग्रेस की संगठन की खामियों ने समीकरण बदले। निस्संदेह, केंद्र की सत्ता में काबिज भाजपा के डबल इंजन के नारे को तरजीह मिली है। वहीं एक निष्कर्ष यह भी है कि देश का मतदाता चुनावों में राष्ट्रीय दलों पर विश्वास जता रहा है। चारों राज्यों के चुनाव में क्षेत्रीय क्षत्रपों की उम्मीदों पर पानी फिरा है। तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति यानी बीआरएस प्रमुख के. चंद्रशेखर राव की शिकस्त को इस दृष्टि से देखा जा सकता है। लेकिन वहीं भाजपा के लिये यह मंथन का समय भी है कि कांग्रेस फिर से दक्षिण भारत की पहली पसंद बनी हुई है। दक्षिण में पैर जमाने के लिये कर्नाटक व तेलंगाना गंवाने के बाद भाजपा को बहुत कुछ करना बाकी है। इस चुनाव का एक सार्थक संदेश यह है कि मतदाताओं ने भ्रष्टाचार व परिवारवाद को सिरे से खारिज किया है। बीआरएस के सफाये को इस उदाहरण के रूप में देखा जा सकता है। दूसरे शब्दों में कह सकते हैं कि तेलंगाना की जनता ने 2013 में तेलंगाना राज्य गठन में महत्वपूर्ण योगदान के लिये कांग्रेस के प्रति आभार जताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी के रूप में पार्टी को नया उम्मीदों का चेहरा मिला है। बहरहाल, इन चुनाव परिणामों ने आम चुनाव की राह तय कर दी है। यही वजह है कि दिल्ली में भाजपा कार्यालय में आयोजित विजय समारोह में इस जीत को केंद्र सरकार की नीतियों व विकास कार्यक्रमों की जीत बताया गया। नरेंद्र मोदी ने चुनाव अभियान के उस वक्तव्य को दोहराया कि 'मोदी की गारंटी का मतलब होता है, गारंटी की गारंटी मिलना।' जाहिर बात है कि कई गारंटियां कांग्रेस ने भी दी थी लेकिन जनता का सकारात्मक प्रतिसाद मोदी की गारंटी को मिला। इसी उत्साह में पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में आयोजित विजय समारोह में नरेंद्र मोदी ने कहा- 'ये जीत की हैट्रिक, चौबीस की हैट्रिक की गारंटी है।' लेकिन एक बात जरूर है कि बिना मुख्यमंत्री के चेहरों को सामने रखे मध्यप्रदेश, राजस्थान व छत्तीसगढ़ में चुनाव जीतना इस बात का पर्याय है कि मोदी की छवि राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार्य बनी हुई है। बहरहाल, इस जीत में कैडर बेस्ड पार्टी होने का लाभ भाजपा को मिला है।

# पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा जीत के आधार



प्रोफेसर डॉ. योगेन्द्र यादव (गुरुजी)

चुनाव छोटा हो, बड़ा हो, भाजपा के हर नेता, कार्यकर्ता का उसमें शरीक होना, अपनी पूरी ऊर्जा के साथ एक कार्यकर्ता के रूप में चुनाव लड़ना, अपनी गलतियों और खामियों को स्वीकार करना और उसमें सुधार का आश्वासन देना आदि कुछ ऐसे गुण हैं, जिसकी वजह से भाजपा हारी हुई बाजी को भी जीत में बदलने में कामयाब हो जाती है। यही वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में हुआ और यही हालिया सम्पन्न हुए वर्ष 2023 में पाँच राज्यों में समपन्न हुए विधानसभा चुनावों में भी हुआ। इसी कारण भाजपा की प्रशंसा सिर्फ भारतीय मीडिया ही नहीं, विदेशी मीडिया भी कर रही है। भारत के पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों के परिणामों को लेकर सिर्फ भारत में ही नहीं, विदेशों में भी हलचल मची हुई है। इस पर बीबीसी ने लिखा कि राज्यों के चुनाव परिणाम में जीत से भारतीय प्रधानमंत्री मोदी की लोकसभा चुनाव में जीत का रास्ता साफ हो गया है। भारतीय जनता पार्टी उत्तरी और मध्य भारत के हिंदी हार्टलैंड में लगभग अजेय दिख रही है। पीएम मोदी के लिए एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन हैं, जो पहले से ही अगले साल रिकॉर्ड तीसरे कार्यकाल पर अपनी नजरें गड़ाए हुए हैं। अलजजीरा ने लिखा, चार राज्यों के चुनाव नतीजों से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनावों से पहले मतदाताओं के मूड का पता चला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल पर नजर गड़ाए हुए हैं। कांग्रेस को केवल तेलंगाना से ही संतोष करना पड़ा। राजस्थान में वह अपनी सरकार नहीं बचा पाई। क्या अट्ठाईस विपक्षी दलों का नया गठबंधन, जिसे इंडिया कहा जाता है, राष्ट्रीय स्तर पर भारतीय जनता पार्टी को चुनौती देने के लिए तैयार है? ब्लूमबर्ग ने लिखा, भारत की सत्तारूढ़ पार्टी तीन प्रमुख राज्यों में जीतने के बाद लोकसभा चुनाव में फिर विपक्ष को मात देने के लिए तैयार है। मतदाताओं का यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए समर्थन का एक मजबूत प्रदर्शन है। कांग्रेस के लिए एकमात्र खुशखबरी तेलंगाना से आई। कांग्रेस के लिए सबसे बड़ा चौंकाने वाला परिणाम राजस्थान रहा, यहां उसकी करारी हार हुई है। फाइनेंशियल टाइम्स ने लिखा कि पीएम नरेंद्र मोदी की भारतीय जनता पार्टी ने राज्य चुनावों में शानदार जीत दर्ज की, जो अगले साल आम चुनावों से पहले राष्ट्रीय राजनीति पर उनकी पकड़ को और मजबूत करेगी। ये चुनाव परिणाम उत्तर भारत में विपक्ष की सफाए की तरह हैं। परिणाम से अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में मुख्य चुनौती के रूप में विपक्षी दल के प्रयासों को झटका लगेगा। नेपाल के प्रमुख दैनिक अखबार कांतिपुर ने लिखा कि चार राज्यों के परिणाम बता रहे हैं कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा व अन्य प्रयासों का जादू हिंदी भाषी राज्यों में नहीं दिखा। भारतीय जनता पार्टी की जीत बता रही कि पार्टी और मजबूत हुई है। पीएम मोदी की कल्याणकारी योजनाएं जनता को पसंद आ रहीं हैं।

सबसे अप्रत्याशित जीत छत्तीसगढ़ की रही। जिसे न तो पत्रकार समझ पाये और नेता। आइये, भारतीय जनता पार्टी की वहाँ की जीत का भी विश्लेषण कर लेते हैं। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने चौवन सीटें जीत कर सबको विस्मित कर दिया। डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव तक चुनाव हार गए हैं। मोदी की गारंटी पर यहाँ की जनता ने ज्यादा विश्वास किया। भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव से पहले घोषणा की कि अगर उनकी सरकार बनती है तो इक्कीस क्विंटल प्रति एकड़ धान की खरीदी होगी। इकतीस सौ रुपये प्रति क्विंटल धान खरीदी जाएगी। किसानों को एक मुश्त भुगतान किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में हिंदुत्व व आदिवासी क्षेत्रों में मतांतरण के मुद्दे पर भारतीय जनता पार्टी की मुखर रणनीति काम आई। भारतीय जनता पार्टी को हिंदुत्व, मतांतरण, लव-जिहाद जैसे मुद्दों पर संघर्ष का लाभ मिला। भारतीय जनता पार्टी ने महतारी वंदन योजना से महिला मतदाताओं को रिझाया। विवाहित महिलाओं को बारह हजार रुपए सलाना व पाँच सौ रुपए में गैस सिलेंडर देने का भी वादा किया। जिसका असर हुआ। भूपेश सरकार को कोयला परिवहन, शराब घोटाला, डीएमएफ, गोबर खरीदी और गोठान योजना में भ्रष्टाचार का खामियाजा भुगतना पड़ा। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में कथित गुटबाजी और अंतर्कलह की वजह से भी कांग्रेस से मतदाताओं का मोहभंग हो चुका था। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और प्रदेश प्रभारी कुमारी शैलजा के बीच भारी कंट्रोवर्सी की वजह से कांग्रेस को कहीं न कहीं नुकसान उठाना पड़ा।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने एक बार कांग्रेस और एक बार भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने की परंपरा को बदलने के लिए राजस्थान सरकार की तिजोरी को खोल दिया था। गारंटी देने से लेकर कांग्रेस को वोट देने के लिए सचिन पायलट तक का



वीडियो संदेश अपने सोशल मीडिया हैंडल से जारी किया। राहुल गांधी से लेकर मल्लिकार्जुन खरगे तक ने जयपुर में कैंप किए, लेकिन भारतीय जनता पार्टी के हिंदुत्व ध्रुवीकरण की वजह से उनकी एक न चली। सचिन पायलट से अशोक गहलोत का टकराव भारी पड़ा। भारतीय जनता पार्टी की पांच साल बाद फिर सत्ता में वापसी हो गई है। प्रदेश की जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा जताया है। उनके ही चेहरे पर भारतीय जनता पार्टी ने चुनाव लड़ा और जीत हुई। कांग्रेस सरकार के मंत्रियों विधायकों के कामकाज, गहलोत और पायलट के बीच टकराव की वज़ह से वह जनता की दृष्टि में अपना विश्वास खो चुकी थी। महिला अपराध, पेपर लीक मामले, मंत्रियों और अधिकारियों तक पर संगीन आरोपों के बावजूद उन पर कार्रवाई न होने की वजह से लोगों की नाराजगी मतदान वाले दिन दिखी थी। सचिन पायलट को दरकिनार करने की वजह से गुर्जर समाज भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में चला गया। उदयपुर में कन्हैया लाल हत्याकांड। करौली व जोधपुर में दंगों पर पुलिस की नरमी। जयपुर बम धमाके के आरोपियों की कमजोर पैरवी की वजह से सरकार की छवि धूमिल हो चुकी थी। इसी कारण मतदाताओं का भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में ध्रुवीकरण हो गया। मोदी की गारंटी, अमित शाह की रणनीति व जेपी नड्डा का कुशल नेतृत्व जीत का कारण बना।

मध्य प्रदेश में महिलाओं और किसानों पर मोदी की गारंटी, राजस्थान में हिंदुत्व कार्ड, छत्तीसगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के वायदे कांग्रेस की हर चाल पर भारी पड़ गए। इन तीन राज्य के परिणामों के बाद इंडिया गठबंधन के अस्तित्व पर सवाल उठने लगा है। गठबंधन के प्रबल समर्थक और महाराष्ट्र में कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार चला चुकी शिवासने के नेता संजय राऊत ने कहा कि अगर कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन के तहत चुनाव लड़ा होता, तो मध्य प्रदेश का नतीजा अलग होता। कांग्रेस को सहयोगियों के प्रति अपने दृष्टिकोण पर फिर से विचार करना चाहिए। शिवसेना की ही नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने भी कहा कि इंडिया गठबंधन के दलों को आपसी टकराव से बचना चाहिए था। कांग्रेस घटक दलों के प्रति उदार नजरिया अपनाए। जनता दल यूनाइटेड के नेता केसी त्यागी ने कहा कि यह इंडिया गठबंधन की नहीं, कांग्रेस की हार है। अब कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने छह दिसंबर को इंडिया गठबंधन की बैठक बुलायी है। यह बैठक एक माह पहले बुलायी होती तो नतीजा कुछ और होता। क्षेत्रीय राजनीतिक दलों के बगैर, सामाजिक न्याय और समाजवादी विचाराधारा वाले ताकतों के बिना साथ लिये कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी को नहीं हरा सकती है। ओबीसी का आंदोलन नहीं हारा है, केवल कांग्रेस पार्टी चुनाव में हारी है। ओबीसी बड़ी ताकत है और वह आंदोलन नहीं हार सकता। सीतामढ़ी से जनता दल यूनाइटेड के सांसद सुनील कुमार पिंटू ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने अपने सहयोगियों को भाव नहीं दिया। वर्चस्व दिखाने में सहयोगियों को नजर अंदाज किया। इसकी वजह से कांग्रेस पार्टी की करारी हार हुई। वर्ष 2024 के लोकसभा में अगर कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो बनने का प्रयास करेगी तो उस लोकसभा चुनाव का भी यही परिणाम होगा। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को क्षेत्रीय पार्टियों के पीछे बैकफुट पर आना होगा। केरल के मुख्यमंत्री और माकपा नेता पी विजयन ने कहा कि कांग्रेस ने पहले ही सोच लिया कि वह जीत चुकी है और उसे हराया नहीं जा सकता। यही सोच उसके पतन का कारण बना। राष्ट्रीय जनता दल के प्रवक्ता मनोज झा ने कहा कि कांग्रेस को यह समझना चाहिए था कि भारतीय जनता पार्टी की आत्मकेंद्रित राजनीति का मुकाबला करने के लिए सामूहिकता जरूरी थी। नरेंद्र मोदी के अहंकार का मुकाबला अहंकार से नहीं किया जा सकता। तृणमूल कांग्रेस के प्रवक्ता कुणाल घोष

## भारतीय जनता पार्टी इस जीत से उत्साहित

भारतीय जनता पार्टी इस जीत से उत्साहित है। इस जीत ने भारतीय जनता पार्टी को मुद्दा दे दिया। अब इन्हीं मुद्दों पर वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने न सिर्फ स्थानीय समीकरणों का ध्यान रखा, बल्कि हिंदुत्व और स्थानीय मुद्दों के बीच बेहतरीन संतुलन साधा। किसी तरह की घोषणा करते समय सही मौके का चुनाव किया। पार्टी का सामूहिक नेतृत्व और केंद्रीय राजनीति के दिग्गजों के साथ मैदान में उतरने का दांव भी सही बैठा। पीएम मोदी की ने आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आदिवासियों के लिए चौबीस हजार करोड़ की पीएम जनमन योजना की घोषणा की। छत्तीसगढ़ में अस्सी करोड़ गरीबों से जुड़ी मुफ्त अनाज योजना को पांच साल का विस्तार दिया। इससे गरीब मतदाता काफी प्रभावित हुआ और उसने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया। अमित शाह का बूथ प्रबंधन बेमिसाल रहा। मुद्दों और क्षेत्रीय आधार पर अलग अलग नेताओं का चयन परिणाम बदलने में सहायक हुआ। पूरा चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ा गया। जिससे स्थानीय नेताओं के प्रति मतदाताओं के प्रति जो नाराजगी थी, वह समाप्त हो गई।

ने कहा कि तीन राज्यों के नतीजे भारतीय जनता पार्टी की जीत से ज्यादा कांग्रेस की विफलता को दर्शाते हैं। ममता बनर्जी को विपक्षी गठबंधन का चेहरा बनाया जाना चाहिए। टीएमसी ही ऐसी पार्टी है जो भारतीय जनता पार्टी को पराजित कर सकती है।

भारतीय जनता पार्टी इस जीत से उत्साहित है। इस जीत ने भारतीय जनता पार्टी को मुद्दा दे दिया। अब इन्हीं मुद्दों पर वह आगामी लोकसभा चुनाव लड़ेगी। इन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी ने न सिर्फ स्थानीय समीकरणों का ध्यान रखा, बल्कि हिंदुत्व और स्थानीय मुद्दों के बीच बेहतरीन संतुलन साधा। किसी तरह की घोषणा करते समय सही मौके का चुनाव किया। पार्टी का सामूहिक नेतृत्व और केंद्रीय राजनीति के दिग्गजों के साथ मैदान में उतरने का दांव भी सही बैठा। पीएम मोदी की ने आदिवासी बहुल छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में आदिवासियों के लिए चौबीस हजार करोड़ की पीएम जनमन योजना की घोषणा की। छत्तीसगढ़ में अस्सी करोड़ गरीबों से जुड़ी मुफ्त अनाज योजना को पांच साल का विस्तार दिया। इससे गरीब मतदाता काफी प्रभावित हुआ और उसने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान किया। अमित शाह का बूथ प्रबंधन बेमिसाल रहा। मुद्दों और क्षेत्रीय आधार पर अलग अलग नेताओं का चयन परिणाम बदलने में सहायक हुआ। पूरा चुनाव मोदी के चेहरे पर लड़ा गया। जिससे स्थानीय नेताओं के प्रति मतदाताओं के प्रति जो नाराजगी थी, वह समाप्त हो गई। महिलाओं, गरीबों, किसानों और युवाओं को बांधने में मोदी कामयाब रहे। अपने भाषणों में वे कहते रहे कि महिला, गरीब, किसान और युवा ही देश की चार जातियां हैं। परिणाम आने के बाद केंद्रीय भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं अक्सर कहता था कि नारी शक्ति यह ठान कर निकली है कि भारतीय जनता पार्टी का परचम लहराएंगी। आज नारी शक्ति वंदन अधिनियम ने देश की माताओं बेटियों के मन में नया विश्वास जगाया है। चुनाव के नतीजों ने एक और बात स्पष्ट की है कि देश का युवा सिर्फ और सिर्फ विकास चाहता है। जहां भी सरकारों ने युवाओं के खिलाफ काम किया है वे सरकारें सत्ता से बाहर हुई है, चाहे राजस्थान, छत्तीसगढ़ या तेलंगाना हो। जिस कांग्रेस ने आदिवासी समाज को कभी पूछा तक नहीं, उस आदिवासी समाज ने कांग्रेस का सफाया कर दिया। आदिवासी समाज आज विकास का आकांक्षी है और उन्हें भरोसा है कि इस आकांक्षों को सिर्फ भारतीय जनता पार्टी पूरा कर सकती है। मैं तेलंगाना के कार्यकर्ता को विश्वास दिलाता हूं कि भारतीय जनता पार्टी आपकी सेवा में कोई कसर बाकी नहीं छोड़ेगी। आज के चुनाव नतीजों ने वर्ष 2024 की गारंटी दे दी है। आज के नतीजों ने कह दिया है भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और परिवारवाद को लेकर देशवासियों के मन में जीरो टॉलरेंस बन रही है। आज देश को लगता है कि तीन बुराइयों को खत्म करने में अगर कोई प्रभावी है तो वह भारतीय जनता पार्टी ही है। भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने देश में भ्रष्टाचार के विरुद्ध जो अभियान छेड़ा है उसे भारी जनसमर्थन मिल रहा है। ये उन नेताओं को वोटर की साफ चेतावनी है जो भ्रष्टाचारियों के साथ खड़े होने में जरा भी शर्म अनुभव नहीं करते।

इस समस्त विश्लेषण के पश्चात यह कहा जा सकता है कि लोकसभा पूर्व पाँच राज्यों के विधानसभाओं के रूप में हुए सेमी फाइनल में भाजपा ने बाजी मार ली है। इससे हिन्दी पट्टी के लिए जहां मुद्दे तय हुए, वहीं भाजपा के नेताओं और कार्यकर्ताओं का मनोबल भी बढ़ा है। जिससे वह दुगुने उत्साह के साथ लोकसभा की तैयारियां करेगी।

*(पर्यावरणविद, शिक्षाविद, भाषाविद,विश्लेषक, गांधीवादी/समाजवादी चिंतक, पत्रकार, नेचरोपैथ व ऐक्टविस्ट)*

## विचार

# इतनी नफरत इतना जहर ?

तनवीर जाफ़री

पहमारे भारतीय समाज में धार्मिक सद्भावना की जड़ें इतनी गहरी हैं कि दुनिया भारत के इस सद्भवना पूर्ण इतिहास की मिसालें पेश करती है। भारत को श्अनेकता में एकताश् रखने वाले देश के रूप में जाना जाता है। जिस देश में हिन्दू देवी देवताओं के प्रशंसक कवि रहीम,रसखान और जायसी जैसे अनेक कवि हों, जिस देश में अकबर के सेनापति मान सिंह और महाराणा प्रताप के सेनापति हाकिम खान सूर रहे हों, जिस देश में छत्रपति शिवाजी महाराज के कई सेनापति, नेवल कमाण्डर से लेकर उनके गुप्त दस्तावेज पढ़ने व उसका जवाब देने वाले मुस्लिम रहे हों,जिस देश की आजादी की लड़ाई में कुर्बान होने वाले लाखों हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई शहीदों के नाम से पोर्ट ब्लेयर जेल की दीवारें तथा नई दिल्ली के इण्डिया गेट की शिलायें पटी पड़ी हों, जिस देश की सेना में शहीद होकर ब्रिगेडियर उस्मान व वीर अब्दुल हमीद जैसे हजारों शहीदों ने अपनी राष्ट्रभक्ति व कर्तव्यपरायणता की मिसाल पेश की हो। जिस देश की मिसाइल व परमाणु सुरक्षा प्रणाली का जनक भारत रत्न मिसाइल मैन ए पी जे अब्दुल कलाम जैसा महान वैज्ञानिक हो, उसी देश में नफ़रत और जहर से भरा हुआ संकीर्ण मानसिकता रखने वालों का एक छोटा सा वर्ग ऐसा भी है जो न केवल उपरोक्त तथ्यों को नजर अंदाज करने की कोशिश करता रहता है बल्कि इसके विपरीत साम्प्रदायिक विद्वेष फैलाने तथा नफरत के प्रचार प्रसार के काम में भी व्यस्त रहता है।आश्चर्य की बात तो यह है कि इन स्वयंभू राष्ट्रवादियों के पुरखों का न तो देश के स्वतंत्रता संग्राम में कोई योगदान है न ही देश की आजादी के लिये लाठियां-गोलियां खाने वालों में इनका कोई जिक्र है।

परन्तु दुर्भाग्यवश अंग्रेजों की जी हुजूरी करने वाले इसी मानसिकता के लोग नफरत और साम्प्रदायिक दुर्भावना के सहारे, खासकर देश में हिन्दू-मुस्लिम के मध्य खाई गहरी कर सत्ता में जरूर आ गए हैं। और सत्ता में आते ही इनको यह एहसास हो गया है कि चूंकि हमारी सत्ता का आधार ही साम्प्रदायिकता है लिहाजा इसे निरंतर धार देते रहना सत्ता में बने रहने के लिये जरूरी है। इसी मकसद के तहत कहीं जिलों, शहरों, कस्बों व स्टेशन्स के नाम बदले जा रहे हैं, मदरसों के खिलाफ कार्रवाइयां हो रही हैं, हलाल का मुद्दा उठाया जा रहा है, जिहाद, लव जिहाद, अजान और हिजाब जैसे विषय उछाले जाते हैं, इतिहास बदले जा रहे हैं। नये इतिहास गढ़े जा रहे हैं। हद तो यह है कि धार्मिक पहचान देखकर मॉब लिंचिंग की जाती है,ट्रेन में धर्म विशेष के यात्रियों को गोली मार दी जाती है,संतों जैसे दिखाई देने वाले व्यक्ति द्वारा मुस्लिम महिलाओं का बलात्कार करने की धमकी लाऊड स्पीकर पर दी जाती है। पिछले दिनों ऐसी ही ग्रुण मानसिकता के मुत्ठी भर लोगों ने उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के बाद अपनी नफरती हरकतों से विवाद खड़ा कर दिया। दरअसल उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले के बलवा गांव के साम्या माता मंदिर में शतचंडी महायज्ञ कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस यज्ञ के मुख्य आयोजक पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला थे जिन्होंने यज्ञ में स्थानीय समाजवादी पार्टी विधायक सैय्यदा खातून को यज्ञ आयोजन की मुख्य अतिथि के तौर पर आमंत्रित किया था। हालांकि यह आयोजन पूरी श्रद्धा के साथ सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ और विधायक सैय्यदा खातून ने भी इसमें पूरी श्रद्धा व सम्मान के साथ शिरकत की। परन्तु आयोजन समाप्ति के एक दिन बाद नियोजित तरीकध्े से इसी आयोजन में नफरत का एंगल साम्प्रदायिकतावादियों द्वारा ढूंढ कर इसे विवादित बना दिया गया। एक स्थानीय छुटभैय्ये भाजपा नेता द्वारा अपनी पार्टी व हिंदू संगठन के अपने चंद साथियों के साथ उसी साम्या माता मंदिर में पहुंचकर मंदिर को गंगाजल से धुलवाया गया। नफरत के इन सौदागरों का कहना था कि विधायक सैय्यदा खातून और उनके समाज को जब मंदिर से कुछ लेना-देना नहीं हैं तो फिर वह हमारे धार्मिक स्थल पर क्या करने आई थीं? हम लोग हर मंगलवार यहां पर पूजा करते हैं। वो लोग मांस खाने वाले हैं, पता नहीं क्या खाकर यहां आए और मंदिर को अपवित्र कर गए?

जबकि साम्या माता मंदिर में आयोजित शतचंडी यज्ञ के मुख्य आयोजक और मंदिर प्रमुख पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला का इस विषय पर कहना है कि वह मंदिर मेरा है, और आज से नहीं सदियों से हिंदू और मुसलमान इस मंदिर में आते जाते थे। अलग-अलग धर्म के लोग आज भी मंदिर में जाते हैं। ये विवाद किस बात को लेकर फैला रहे हैं हम वे सवाल उठाते हैं, अगर एक मुसलमान के मंदिर जाने पर मंदिर अपवित्र हो जाता है तो हिंदू भी तो मुसलमानों के तीर्थ स्थानों पर जाते हैं। तो उन्हें भी उनके स्थलों पर नहीं जाना चाहिए? पंडित कृष्ण दत्त शुक्ला कहते हैं, हमारे लिए कोई अपवित्र नहीं है।

## साहित्य



# त्योहार लाते हैं...

कुमार अंबुज


त्योहार लाते हैं  
रेशम-गोटे की कढ़ी हुई साड़ियाँ  
और बक्से में रखे आभूषण  
स्त्रियों की देह पर

त्योहार जगाते हैं रात भर  
कथा-कीर्तन के साथ उपवास  
कराते हैं  
दिन भर काम करनेवाली स्त्रियों  
से  
त्योहार कपड़े लाते हैं बच्चों को  
मिठाइयाँ भी  
और लाते हैं पुरुषों के लिए  
असीम प्रार्थनाएँ  
स्त्रियों के रोम-रोम से

त्योहार की अन्तिम-वेला में  
जोड़-जोड़ से तड़की हुई स्त्रियाँ  
पोर-पोर में उल्लास लिए  
बिस्तर पर जा गिरती हैं-

जैसे गिरती हैं  
अगले त्योहार की थकान में !

## झरोखा





# राशिफल

**मेष:-** जीविका क्षेत्र में अवरोधों से मन में निराशा संभव। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है। नई सफलताओं से खुद की क्षमताओं का एहसास होगा। संतान संबंधी दायित्वों की पूर्ति होगी।

**बृषभ:-** शासन-सत्ता से जुड़े लोगों के साथ निकटता बढ़ेगी। नियोजित परिश्रम द्वारा कार्य पूर्ण होने के आसार बनेंगे। पुराने संबंधों से लाभ होगा। पारिवारिक वातावरण सुखद व उत्साहपूर्ण होगा।

**मिथुन:-** संबंधों में व्यवहार कुशल बने। सामाजिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में आपकी भागेदारी संभव। निकट संबंधों में अपनी अच्छी छबि बनायें। कुछ महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता से उत्साहित होंगे।

**कर्क:-** विद्यार्थियों के लिए ग्रहों की अनुकूलता लाभप्रद होगी। कुछ महत्वाकांक्षी योजनाएं सार्थक होंगी। नवीन आशाएं नये उत्साह का संचार करेंगी। कार्यक्षेत्र में संबंधों का भरपूर लाभ उठाएंगे।

**सिंह:-** अंतमरुखी स्वभाव को त्याग बाह्यमुखी बनायें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। घर में खुशहाली रहेगी।

**कन्या:-** पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। ग्रहों की अनुकूलता से अवरोधित कार्य हल होंगे। शिक्षा में समुचित परिश्रम करने में असमर्थ मन नकारात्मक चिंताओं से बोझिल होगा।

**तुला:-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव। पारिवारिक वातावरण में उत्साह का माहौल रहेगा। दुबिधाओं का त्याग कर लक्ष्य पर केंद्रित हों।

**वृश्चिक:-** कुछ महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मन पर प्रभावी होंगी। घरेलू कायरें में ब्यस्तता बढ़ेगी। परिजनों के भावनात्मक सहयोग से मन उत्साहित होगा। हंसमुख स्वभाव से आसपास का माहौल प्रसन्न होगा।

**धनु:-** कठिन एवं विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा में बढ़ेगी। घरेलू दायित्वों की पूर्ति होगी। जीवन साथी के साथ मधुरता कायम रखें।

**मकर:-** कुछ भौतिक आकांक्षाएं अपनी सार्थकता हेतु मन को उद्वेलित करेंगी। निकट संबंधों में भावनात्मक अपेक्षाएं कष्टकारी हो सकती हैं। गैर सांस्कारिक कार्य की आकर्षित मन पर अंकुश लगायें।

**कुंभ:-** कुछ नई इच्छाएं बलवती होंगी। प्रयासरत क्षेत्रों में संघर्ष संभव परंतु निराशावादी विचारों को मन में स्थान न दें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित ऊर्जा की अनुभूति होगी। रोजगार में लाभकारी स्थिति रहेगी।

**मीन:-** नकारात्मक चिंताओ को त्याग अपनी क्षमताओं पर भरोसा करें। नौकरी-पेशे में अधिकारियो व सहकर्मियो के सहयोग से वातावरण सुखद होगा। राजनीति से जुड़े लोगों का सहयोग मिलेगा।

# क्यों हारी कांग्रेस

पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में चार के नतीजे 3 दिसंबर को आ गए। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक चार में से तीन राज्य भाजपा के खाते में और एक कांग्रेस के खाते में जा रहा है। यानी मुकाबला बीजेपी के नाम ही रहा है। तीन में से दो राज्य, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में पिछले पांच साल कांग्रेस की सरकार रही और अब अगले पांच साल के लिए सत्ता भाजपा के खाते में जा रही है। वहीं मध्यप्रदेश की सत्ता इस बार नैतिक तरीके से भाजपा के पास आ गई है। पिछली बार कांग्रेस के हाथों से भाजपा ने छल के जरिए सत्ता हथिया ली थी और विधानसभा चुनावों में यह बड़ा मुद्दा भी बना था। लेकिन जनता को शायद सरकार चुराने के इस खेल से खास फर्क नहीं पड़ा या फिर अन्य कारण कांग्रेस के खिलाफ काम कर गए और सत्ता पूरी तरह से भाजपा के हाथ में आ गई है। ये तीनों हिंदी पट्टी के राज्य हैं, और यहां भाजपा बरसों से कांग्रेस से मजबूत रही है।हिंदी पट्टी राज्यों में धर्म का कार्ड कैसे चलना है, इस की विशेषज्ञ भाजपा है। जबकि कांग्रेस उसकी नकल करने के चक्कर में पिट गई। जब लोगों को धर्म के आधार पर ही वोट देना है, तो वो असली छोड़, नकली माल की ओर क्यों देखेंगे। कांग्रेस पता नहीं कब इस बात को समझेगी कि सॉफ्ट हिंदुत्व से वो बीजेपी का मुकाबला नहीं कर पाएगी। बागेश्वरधाम जैसे बाबा के चरणों में सिर नवाने में किसी कांग्रेस नेता की निजी श्रद्धा हो सकती है, और ऐसा करके वह अपनी और अपने परिवार की जीत सुनिश्चित कर सकता है, लेकिन यहां पार्टी आलाकमान की जिम्मेदारी है कि वे पूछें कि इससे कांग्रेस का भला कैसे हो सकता है। जाहिर है कमलनाथ जैसे नेताओं की इस तरह की मनमर्जी पर आलाकमान रोक नहीं लगा पाया और इसका नतीजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा है। इन नतीजों में भाजपा के लिए दक्षिण के दरवाजे एक बार फिर बंद हो गए हैं। तेलंगाना में कांग्रेस सरकार बनाने जा रही है। इन नतीजों की एक और व्याख्या ये है कि देश में दक्षिण और उत्तर भारत की मानसिकता का फर्क पूरी तरह सतह पर आ गया है। कांग्रेस ने जैसी गारंटियां कर्नाटक में दी थीं, वैसी ही तेलंगाना और छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और राजस्थान में भी दी थीं। लेकिन इन गारंटियों का असर दक्षिण भारत में अलग हुआ और उत्तर भारत में अलग रहा। रोजगार, नौकरियों के लिए परीक्षाएं, सस्ता परिवहन, स्वास्थ्य सुविधाएं, शिक्षा, किसानों, मजदूरों के हित, ओबीसी का हक ऐसे तमाम मुद्दों पर उत्तर और दक्षिण भारत की जनता की सोच अलग नजर आई। कर्नाटक के बाद तेलंगाना के लोगों ने कांग्रेस की विकासपरक सोच को धर्म के ऊपर तरजीह दी, लेकिन हिंदी पट्टी में धर्म बाजी मार गया। इन नतीजों में क्षत्रपों के रवैये ने भी कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया है। तेलंगाना में कांग्रेस अध्यक्ष रेवंत रेड्डी का कहना है कि 20 साल की राजनीति में 15 साल वो विपक्ष में रहे हैं और इसने उन्हें जनता से जोड़ा है, नयी पहचान दी है। गौरतलब है कि एबीवीपी से राजनीति की शुरुआत करने वाले रेवंत रेड्डी टीडीपी में भी रहे और फिर कांग्रेस में आए। दो साल पहले ही उन्हें कांग्रेस की राज्य ईकाई की कमान मिली और अपने पर दिखाए इस भरोसे को उन्होंने गलत साबित नहीं होने दिया। तेलंगाना में बीआरएस, एआईएमआईएम और भाजपा की मिली-जुली घेराबंदी को तोड़ते हुए उन्होंने कांग्रेस को आगे निकाला।

जाहिर है ये काम एक अकेले के बस का नहीं है, बल्कि पूरे संगठन को साथ लेकर चलने की क्षमता की जरूरत होती है। रेवंत रेड्डी ने इसी क्षमता का परिचय दिया। लेकिन छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्यप्रदेश में तीन की जगह केवल एक प्रतिद्वंद्वी यानी भाजपा से ही कांग्रेस को मुकाबला करना था, उसमें भी छत्तीसगढ़ और राजस्थान में तो उसकी अपनी सरकारें थीं, मगर फिर भी कांग्रेस यहां फेल हो गई, क्योंकि उसके क्षत्रपों ने पार्टी की जगह खुद को जरूरत से अधिक तवज्जो दे दी। पार्टी आलाकमान इन्हें साध नहीं पाया या इन क्षत्रपों का अहंकार पार्टी से बढ़कर हो गया, इसकी विवेचना खुद कांग्रेस को करनी होगी। मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान, तीनों जगह कांग्रेस में बड़े पदों पर बैठे नेता भाजपा से अधिक एक-दूसरे से लड़ने में व्यस्त रहे। इस तरह कहा जा सकता है कि इन क्षत्रपों का अहंकार जीत गया, और पार्टी की हार या जीत से इन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता।

क्योंकि फर्क पड़ता होता तो चुनाव के करीब आने पर एकता का दिखावा करने की जगह वे ईमानदारी से अपनी दरारें भरते, ताकि पार्टी को जीत मिलती। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के कांग्रेस नेता न आलाकमान के भरोसे पर खरे उतरे, न स्थानीय कार्यकर्ताओं के। वे केवल अपने अहंकारों की कसौटी पर खरे उतरे। अब ये कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के विचार करने का सवाल है कि इसके बाद इन राज्यों में कांग्रेस को सही अर्थों में वे कैसे पुनर्जीवित करेंगे और कैसे बेलगाम हो चुके नेताओं को काबू में रखेंगे।

कांग्रेस की तीन राज्यों में हार का असर क्या अब इंडिया गठबंधन पर पड़ेगा या 2024 के चुनाव इससे किसी तरह प्रभावित होंगे, अभी ऐसे कुछ सवालों पर चर्चा चलेगी।हालांकि पिछले चुनाव के अनुभव यही बताते हैं कि राज्य जीतने के बावजूद कांग्रेस आम चुनाव हार गई थी। मुमकिन है इस हार से कांग्रेस की तंद्रा भंग हो और वो 2024 की रणनीति तैयार करने में इस बार हुई भूलों से सबक ले सके। अगर कांग्रेस तीन राज्यों में जीत जाती, तो शायद उसके क्षत्रपों की मनमानी और बढ़ जाती और 2024 में उसका अच्छा असर नहीं होता। इस लिहाज से ठीक ही हुआ कि कांग्रेस ने हिंदी पट्टी के राज्यों में हार का स्वाद चख लिया है।देश की असल पहचान और संविधान बचाने के लिए जरूरी है कि उन सामाजिक मूल्यों की पुनर्स्थापना हो, जो बीते दशक में तेजी से दफ्न कर दिए गए हैं। जिन बातों को न्यू नॉर्मल कहकर सहज स्वीकृति मिल चुकी हैं, वे दरअसल भारत की जड़ों को खोखला कर रही हैं। इसलिए सत्ता का केन्द्रीकरण और व्यक्ति केन्द्रित राजनीति दोनों को खत्म करना होगा। इंडिया गठबंधन की जीत से यह मुमकिन हो सकता है, इसलिए 2024 के चुनावों पर अब कांग्रेस और गठबंधन के बाकी दलों का फोकस होना चाहिए। हालांकि भाजपा की पूरी कोशिश रहेगी कि मोदी मैजिक जैसे जुमले को वो भारतीय राजनीति का सच बनाने की कोशिश करे।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक: जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- जितेन्द्र सिंह* मो. : 9554964672

फोन नं. 0522-4077632, 3083627 › *इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी। समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। RNI No. UPHIN/2013/55887 Email : samradhinews@gmail.com

# मुठभेड़ में तीन इनामिया शातिर लुटेरे गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़।



**इटावा।** अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी नगर के नेतृत्व में थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस ने तीन इनामिया शातिर लुटेरों को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया।

जनपद औरैया निवासी वादी विवेक कुमार पुत्र सुरेश चन्द्र द्वारा थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पर सूचना दी गयी कि जब वह एक शादी समारोह से लौटकर मोटर साइकिल से अपनी बहन के गांव दतावली जा रहा था तो तभी रास्ते में थाना फ्रेण्ड्स कालोनी क्षेत्रांतर्गत ग्राम प्रीताम्बरपुर के पास स्विफ्ट कार सवार अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उसकी मोटर साइकिल को छीन लिया। थाना फ्रेण्ड्स कालोनी पुलिस द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत दतावली नहर पुल पर संदिग्ध व्यक्ति/ वाहन चैकिंग की जा रही थी।

इसी दौरान 2 मोटरसाइकिलों पर सवार 3 व्यक्ति आते दिखायी दिये जिन्हे पुलिस टीम द्वारा रोकने का इशारा किया गया तो मोटरसाइकिल सवार व्यक्तियों द्वारा भागने का प्रयास किया गया, जिनका पुलिस टीम द्वारा पीछा किया गया तो उनके द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया।

पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी फायरिंग की गयी जिसमें 20 हजार का इनामी आरोपी शिवम यादव पुत्र सुखसिंह निवासी ग्राम कंचनपुर थाना करहल जनपद मैनपुरी के पैर में गोली लगने के उपरान्त घायल अवस्था मे तथा उसके 2 अन्य साथियों सतेन्द्र उर्फ सोनू यादव पुत्र बृज किशोर निवासी ग्राम कंचनपुर थाना करहल जनपद मैनपुरी 10,000 रूपये का इनामिया, अंशुल यादव पुत्र अरविन्द सिंह निवासी ग्राम कंचनपुर थाना करहल जनपद मैनपुरी 10,000 रूपये का इनामिया को दतावली लोकासाई नहर पटरी पर एमएस एनक्लेव के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के कब्जे से 3 अवैध तमंचा 315 बोर, 2 खोखा कारतूस, 4 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किये गये साथ ही बरामद अपाचे मोटरसाइकिल के संबंध पूछताछ करने पर बताया कि हम तीनों लोगों द्वारा ग्राम प्रीताम्बरपुर के पास से यह मोटरसाइकिल एक व्यक्ति से लूटी थी। इस सफलता में तारिक खान प्रभारी एसओजी, समित चौधरी प्रभारी सर्विलान्स मय टीम तथा सुधीर कुमार सिंह प्रभारी थाना फ्रेण्ड्स कालोनी, उ.नि. मोहनवीर सिंह, उ.नि. प्रेमचन्द्र, उ.नि. विपिन कुमार, है.का रविन्द्र कुमार, है.का. रविशंकर, है.का विपिन कुमार, का. शशि कान्त, का. सौरभ कसाना, का. संसार सिंह, का. गोपाल पाठक, का. बल्देव का सराहनीय योगदान रहा।

## मत्स्य पट्टा आवंटन शिविर 11 को

**इटावा, समृद्धि न्यूज।** जसवंतनगर तहसील के आधा दर्जन गांवो में मत्स्य पट्टा आवंटन शिविर का आयोजन आगामी 11 दिसंबर को मॉडल तहसील के सभागार में किया जायेगा। इस आशय की जानकारी देते हुये उपजिलाधिकारी दीपशिखा सिंह ने बताया कि राजस्व ग्राम जारीखेडा के गाटा संख्या 102 मलाजनी गाटा संख्या 704/1 बनकटी बुजुर्ग गाटा संख्या 261 एवं 255 ख सकौआ गाटा संख्या 28 कैस्त गाटा संख्या 461 खेडा बुजुर्ग गाटा संख्या 646 जो राजस्व अभिलेखो में तालाब के नाम से सुरक्षित हैं। उक्त सभी गाटाओं का आवंटन मत्स्य पालन हेतु आगामी 11 दिसंबर को किया जायेगा।उपजिलाधिकारी ने सम्बन्धित राजस्व ग्रामों के लेखपाल एवं ग्राम प्रधानों को शिविर में प्रतिभाग करने के लिये निर्देशित करते हुये लोगों को आवंटन शिविर में भाग लेने की अपील की है।

# इटावा सफारी में वन्य जीवों की मौतों पर भड़की सपा

समृद्धि न्यूज।



**इटावा।** इटावा सफारी में पिछले चार महीने में 14 वन्य जीवों की दुखद मौत पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में सपाईयों ने कचहरी पहुंच कर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में एसडीएम कौशल किशोर को सौंपा।

जिलाध्यक्ष ने बताया कि सफारी पार्क में पिछले चार महीने में 14 वन्य जीवों की मौत हो चुकी है, इसमें ज्यादातर जीवों की मौत का कारण सफारी पार्क के प्रबंधन की लापरवाही एंव व्याप्त भ्रष्टाचार की अहम भूमिका है, ऐसा प्रतीत होता है कि पिछली सपा सरकार में बने इस विश्व स्तरीय प्रोजेक्ट को वर्तमान भाजपा सरकार के इशारे पर सफारी प्रबंधन संचालित नहीं करना चाह रहा है, मरनें वालों में कुछ जानवर जरूर घायल अवस्था में रैस्क्यू कर लाये गये थे परंतु ज्यादातर यहीं पैदा हुए या स्वस्थ अवस्था में आये थे परंतु क्या कारण है कि इटावा सफारी को यहां के अक्षम प्रबंधन ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के शासन काल में बनें इस प्रोजेक्ट को वन्य जीवों की कब्रगाह बना दिया है।

समाजवादी पार्टी के नेताओं ने महामहिम से मांग की कि वन्य जीवों के मृत्यु की तथा व्याप्त भ्रष्टाचार की जांच केन्द्रीय ऐजेंसी से कराकर दोषी प्रबंधन के अधिकारियों के खिलाफ कठोर कार्यवाही अमल में लाई जाये। ज्ञापन देने वालों में सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य, पूर्व सांसद प्रेमदास कठेरिया, पूर्व जिला अध्यक्ष सपा गोपाल यादव, उत्तम सिंह प्रजापति, सचिन यादव, वीरू भदौरिया, सीमा यादव, सर्वेश शाक्य, उदयभान सिंह, आलोक दीक्षित, हाशिम कुरैशी समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# गरीबी अनुदान से नहीं शिक्षा से होगी दूर : धर्मपाल सिंह

- स्वामी ब्रहमानंद महाराज के 129वें जन्मोत्सव पर पहुंचे पशुधन मंत्री

समृद्धि न्यूज।



**राठ।** बुंदेलखंड मालवीय स्वामी ब्रहमानंद महाराज का 129वां जन्मोत्सव ब्रहमानंद महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह मंत्री पशुधन एवं दुग्ध विकास मुस्लिम बोर्ड एवं हज तथा नागरिक सुरक्षा उप्र, विशिष्ट अतिथि अनिल राजभर मंत्री श्रम एवं सेवायोजन समेत जिला जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, प्रतिनिधि संतराम राजपूत, विधायक मनीषा अनुरागी, सांसद पुष्पेंद्र चंदेल, ब्रहमानंद महाविद्यालय के अध्यक्ष डा. इंद्रपाल सिंह, प्राचार्य प्रो.सुरेंद्र सिंह, डा.अजय पाल सिंह, सचिव डा. कमलेश सक्सेना, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीनिवास बुधौलिया, अनुपमा सिंह, हिंद एंजिल्स की डायरेक्टर शिवांगी राजपूत समेत सैकड़ों लोगों ने स्वामीजी की समाधि पर पुष्प अर्पित कर माथा टेका। दोपहर में हुई श्रद्धांजलि सभा में मुख्य अतिथि धर्मपाल सिंह ने ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्वविद्यालय बनाने के लिए हर संभव कोशिश का आश्वासन दिया। साथ ही छात्रों के विकास को डेयरी उद्योग स्थापित करने का वादा किया। जिससे क्षेत्र में रोजगार के अवसर बढ़ें। उन्होंने कहा गरीबी अनुदान से दूर नहीं बल्कि शिक्षा से दूर होगी। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि समेत अनेक लोगों ने अखंड मंदिर में सजाई गई स्वामीजी के जीवन वृत्त पर आधारित चित्र प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रो. सुरेंद्र सिंह ने सभी माननीय एवं आगंतुकों का स्वागत किया। उन्होंने अपने उद्बोधन के दौरान स्वामी जी के जीवन वृत पर आधारित संस्मरण साझा किए। इस मौके पर प्रो. हल्के प्रसाद, बीके पांडे, कमलेश राम, डा. आरबी शर्मा, सरजू नारायण, डा.अरुण कुमार, धर्मपाल, बृजकिशोर ,वीरेंद्र सिंह ,मनीष कुमार आदि लोग रहे। संचालन डा. सरजू नारायण ने किया।

# दिव्यांगजन को नि:शुल्क सहायक उपकरण वितरित

समृद्धि न्यूज।



**महोबा।** आयुक्त चित्रकूट धाम मंडल बांदा बालकृष्ण त्रिपाठी एवं जिलाधिकारी मृदुल चौधरी द्वारा विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर सहायक उपकरण वितरण योजनान्तर्गत दिव्यांगजन को निःशुल्क सहायक उपकरण यथा ट्राईसाइकिल -50, व्हीलचेयर - 10, कान मशीन-05 एवं 15 जोड़ा बैशाखी आदि का वितरण सेवायोजन सभागार महोबा में किया गया है। साथ ही मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 नवजात बलिकाओं को बेबीकिट का वितरण भी किया गया है।

इस अवसर पर आयुक्त नें कहा कि प्रदेश सरकार एवं केंद्र सरकार द्वारा दिव्यांगों के लिए बहुत सारी कल्याणकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। सभी लोग इन योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ लें। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा हर गांव तथा शहर से होकर गुजर रही है इस यात्रा में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में प्रचार-प्रसार तथा योजनाओं से वंचित पात्र लोगों को लाभान्वित करने हेतु फार्म भी भरे जा रहे है, सभी लोग इस यात्रा के जरिये सरकार कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लें।उन्होंने जिला दिव्यांग जन सशक्तिकरण अधिकारी से कहा कि जो भी दिव्यांग मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं है उन्हें मतदाता सूची में सम्मिलित कराएं।कार्यक्रम में पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत , मुख्य विकास अधिकारी चित्रसेन सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व श्री राम प्रकाश, महेशचन्द्र सरोज (जिला उपायुक्त उद्योग अधिकारी), जिला रोजगार सहायता अधिकारी आकांक्षा बाजपेई सहित अन्य अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आज

समृद्धि न्यूज।

**इटावा।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रविंद्र कुमार शशि ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत अनु. जाति/सामान्य वर्ग/ पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग के गरीब व्यक्तियों की पुत्रियों का विवाह कराया जा रहा है। कन्या के अभिभावक उत्तर प्रदेश के मूल निवासी हों। वर की आयु 21 वर्ष तथा कन्या की आयु 18 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो।

आवेदक की ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों हेतु रु. 2 लाख वार्षिक आय से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजनार्न्तगत कन्या के खाते में रु. 35000 तथा रु. 10000 की उपहार स्वरूप सामग्री प्रतिजोडा प्रदान की जायेगी। 5 दिसम्बर को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अर्न्तगत 345 व्यक्तियों द्वारा ऑनलाइन पोर्टल पर आवेदन किया जा चुका है, जिसकी जाँच सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि सामूहिक विवाह का आयोजन नुमाईश पण्डाल में प्रातः 10 बजे से भव्य रूप से किया जा रहा है, जिसमें समस्त जनप्रतिनिधि एवं जनपद के अधिकारीगण वैवाहिक जोडों को आशीर्वाद प्रदान करने पहुंचेंगे।



## आत्मसम्मान के साथ स्वरोजगार से जोड़ना ही लक्ष्य : सीमा

**समृद्धि न्यूज, इटावा।** ग्लोबल पीस फाउंडेशन ग्रुप ने बिहान बालिका आवासीय विद्यालय में सिलाई मशीन और खाद्य सामग्री वितरित की। कार्यक्रम में फाउंडेशन के पदाधिकारी सीमा सिंह, नीतू नारायण मिश्रा, गरिमा दुबे, प्रभा गावा एवं विद्यालय की अध्यापिकाएं सम्मिलित हुई। अध्यक्ष सीमा सिंह ने कहा कि फाउंडेशन का उद्देश्य महिलाओं को आत्म सम्मान के साथ स्वरोजगार से जोड़ना है जिससे वह खुद अपने आत्म बल को जगा सके। साथ ही महिलाएं समाज में दूसरों को भी नई राह दिखाने के लिए आगे आए, जिससे अधिक से अधिक लोग इस प्रकार के आयोजनों से जुड़कर लाभान्वित हो सके। बालिका विद्यालय के स्टाफ ने फाउंडेशन के प्रयास की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया।

# एसपी ने जनपद में कानून व शांति व्यवस्था के दृष्टिगत दिये निर्देश

समृद्धि न्यूज।



**महोबा।** अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनपदीय पुलिस के समस्त राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों के साथ गूगल मीट के माध्यम से गोष्ठी कर जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने, जनपद स्तर पर चिन्हित शातिर अपराधियों का सत्यापन कराये जाने, बेहतर जनसुनवाई, प्रचलित अभियानों, अपराध नियंत्रण, विभिन्न पोर्टल पर सूचनाओं को अद्यावधिक किये जाने तथा महिला सम्बन्धी अभियोगों की पैरवी कर अभियुक्तगणों को सजा दिलाये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए ।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा सभी को निर्देशित किया गया कि पुलिस महानिदेशक , (उ0प्र0) द्वारा दिये गये निर्देशों का भंलिभति अवलोकन करते हुये अपराध एवं कानून व्यवस्था पर नियंत्रण बनाये रखना सुनिश्चित करे तथा आगामी शीत ऋतु व शादी सीजन को दृष्टिगत रखते हुये लूट, छिनैती व टप्पेबाजी जैसी घटनाओं की रोकथाम हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वयन किया जाये तथा जिस क्षेत्र मे अधिक शादियां है उन शादी समारोह स्थल पर पीआरवी वाहन व कोबरा वाहन की पेट्रोलिंग सुनिश्चित की जाये। विभिन्न प्रचलित पोर्टलों पर सम्बन्धित सूचनाओं को समय से अद्यावधिक किया जाये तथा पोर्टल पर दिख रहे सभी लम्बित प्रकरणों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध तरीके से किया जाये।

सभी को निर्देशित किया गया कि थाना स्थानीय पर नियमित रुप से जनसुनवाई की जाये तथा थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियो के साथ मासिक गोष्ठी का आयोजन कर क्षेत्र की समस्याओं के सम्बन्ध में चर्चा की जाये। महिला सम्बन्धी अपराधों पर संवेदनशीलता के साथ कार्य करें तथा सभी से मधुर व्यवहार करे।

# उपजा के प्रशिक्षण सत्र में निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता पर जोर

- रविवार को देर शाम बेलाताल के विश्राम गृह में आयोजित हुयी उपजा की बैठक

समृद्धि न्यूज।



**जैतपुर (महोबा)।** यूपी जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन (उपजा) के पत्रकार प्रशिक्षण सत्र में निष्पक्ष, निर्भीक पत्रकारिता पर दिया गया बल एवं पत्रकारों की समस्याओं पर चर्चा की गई, तय किया गया पत्रकार उत्पीड़न की घटनाएं कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी, पत्रकारों के सभी संगठनों की एक समन्वय समिति बनाने पर भी विचार किया गया।

रविवार को देर शाम बेलाताल के विश्राम गृह में आयोजित बैठक की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राजेश चतुर्वेदी ने की, उन्होंने कहा कि पत्रकारों को गरिमा बनाए रखना चाहिए, न काहू से दोस्ती न काहू से बैर की नीति पर खबर लिखनी होती है, जनता की बात सरकार तक और सरकार की बात जनता तक पहुंचाने की जिम्मेवारी पत्रकारों की होती है, अब ऐसे में कोई कैसे उत्पीड़न कर सकता है, पत्रकार अनिल शुक्ला ने पत्रकारिता को व्यवसाय बनाने से बचने की सलाह दी।

उपजा के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य देवेन्द्र मिश्रा ने स्पष्ट किया कि हम किसी खबर को लेकर निजी स्वार्थ पूरे करने लगते है तो विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है, इसलिए धन कमाने के लिए कोई व्यवसाय कर लेना चाहिए, पत्रकार विराग पचौरी ने जिले में पत्रकारों के उत्पीड़न की अन्य तमाम घटनाओं की चर्चा की, पत्रकारों पर बिना पूरी जांच पड़ताल किए मुकदमा कायम करने को प्रशासनिक उत्पीड़न बताया, कहा मुकदमा कायम होने के बाद अफसर खबरें न छापने की एवज में फाइनल रिपोर्ट लगाने का दबाव बनाते है, जो पूर्णतः गलत है,

पत्रकार कैलाश सोनी ने जिले में स्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों की समन्वय समिति बनाने का सुझाव दिया, ताकि ग्रामीण पत्रकार को समस्या होने पर तत्काल मदद मिल सके,

बैठक में अजनर, चरखारी, कबरई, खरेला, श्रीनगर,पनवाड़ी के पत्रकारों ने अपने सुझाव और समस्याएं साझा की, उपजा के जिलाध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी ने सभी से रचनात्मक पत्रकारिता करने की अपील की, कहा कि पत्रकार निष्पक्षता और निर्भीकता के साथ खबरें प्रकाशित करें, इसके बाद यदि किसी भी प्रकार का उत्पीड़न होता है तो संगठन पूरी मजबूती के साथ अपने आपके साथ खड़ा हैं,

बैठक में आए एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद ने भरोसा दिलाया कि पत्रकारों का उत्पीड़न कतई नहीं होने दिया जाएगा, कुलपहाड़ चेयरमैन वैभव अरजरिया का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया, बैठक में पत्रकार प्रकाश सक्सेना, लक्ष्मी गोस्वामी, बाल किशोर द्विवेदी, आनंद तिवारी, आदर्श तिवारी, अनूप गुरुदेव, ब्रजेश द्विवेदी, विनोद मिश्रा, पवन तिवारी, विजय साहू, सुरेंद्र निराला, अरविंद कुमार अनुरागी, सुमित तिवारी,रामगोपाल अग्रवाल, राजेन्द्र तिवारी, रमेश मिश्रा, देवेन्द्र अरजरिया, हरिसिंह राजपूत, सुरेंद्र अग्रवाल, आलोक शर्मा, पुरुषोत्तम, गोपीराम, कामता गुप्ता, योगेश चौबे, विपिन तिवारी,सूरज पटेरिया, राकेश दीक्षित , कृष्ण कांत चौबे, कुलदीप मिश्रा, सुरेश पाठक, धर्मेंद्र रैकवार सहित सैकड़ा भर पत्रकार मौजूद रहे। जिलाध्यक्ष महेंद्र द्विवेदी द्वारा बैठक में शामिल सभी आगंतुक जनों का आभार व्यक्त किया।

# युवा अगर राम के आदर्शों को श्रवण कर लेगा, तो देश का भविष्य और सुगम हो जाएगा : शिव प्रताप



समृद्धि न्यूज।

**हमीरपुर।** जिले के लोदीपुर निवादा गांव में दिव्य प्रेम सेवा मिशन द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के तीसरे दिन हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला उपस्थित रहे। जिसमें उन्होंने कथा वाचक कौशल जी महाराज से आशीर्वाद लेकर दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्था के साथ अपने जीवन के अनुभव साझा किए। कहा जिस प्रकार युवा बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं। अगर उसी तरह युवा राम के आदर्शों का श्रवण कर लेगा तो देश का भविष्य और भी सुगम हो जाएगा।

जिले के लोदीपुर निवादा गांव में दिव्य प्रेम सेवा मिशन हरिद्धार के संस्थापक डा.आशीष गौतम द्वारा आयोजित राम कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें देश के प्रसिद्ध कथा वाचक कौशल जी महाराज राम कथा का श्रवण कराकर राम भक्तों को भक्ति विभोर कर रहे हैं। कथा के तीसरे दिन हिमांचल प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला सड़क मार्ग से निवादा पहुंचे। जिनका स्वागत जिले के जनप्रतिनिधियों ने किया। इसके बाद वह 2 बज कर 20 मिनट पर मंच पर पहुंचे। जहां पर शिवशंकर सिंह ने मौदहा की प्रसिद्ध चांदी की मछली भेंटकर और दुष्यंत सिंह परिहार ने अंग वस्त्र भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ला ने कथा में पहुंच राम भक्तों का मंच से स्वागत करते हुए बताया कि आज जिस प्रकार इतनी बड़ी संख्या में छोटे से गांव में कथा को सुनने के लिए उपस्थित हुए हैं। उसको देखकर लगता है कि इस धरती का पुण्य प्रताप ही है कि आशीष सिंह गौतम और दिव्य प्रेम सेवा मिशन संस्था को देश में बड़ी सफलता मिली है। कहा मैं देव भूमि से आया हूं लेकिन यहां निवादा से मुझे देव भूमि की तरह भक्ति की सुगंध आ रही है। जिस प्रकार कथा में युवा बड़ी संख्या में कथा का श्रवण कर रहे हैं। अगर उसी प्रकार राम के आदर्शों को अपने जीवन में श्रवण कर लेंगे तो देश का भविष्य और सुगम हो जाएगा। करीब दो घंटे तक वह निवादा में उपस्थित रहे। फिर वह सड़क मार्ग से पुनः वापस लौट गए।

# गर्म कपड़े पाकर खिले जरूरतमंदों के चेहरे

समृद्धि न्यूज।



**पनवाड़ी, महोबा।** शिरडी साई बाबा स्कूल निस्वारा ब्लॉक पनवाड़ी में जरूरत मंद एवम असहाय एवम महिलाओं को गर्म कपड़ों का वितरण किया गया साईंधाम निस्वारा हर वर्ष सर्दियों में ठंड से बचने हेतु जिनके पास तन ढकने के लिए वस्त्र नही होते उनको निःशुक्ल वस्त्र वितरण किये जाते हैं जैसे आदिवासी परछाईया लुहार आदि ऐसी प्रजाति है जिनको तन ढकने के लिए कपड़ो की जरूरत होती है तथा इच्छुक कोई भी जरूरत मंद व्यक्ति साईंधाम से कपड़े ले सकता है गौरतलब हो कि स्कूल संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता। हमेशा असहाय जरूरतमंद की मदद के लिए आगे आते हैं जब जब देश को उनकी जरूरत पड़ी वो दिल खोलकर ऐसी स्थिति में आगे आये चाहे वह दौर कोविड का रहा हो उन्होंने रसोई चलवा कर जरूरतमंद लोगों को खाना भिजवाया कोविड की वैक्सीन के लिए लोगो को प्रेरित किया साधु संतों एवम बुजुर्गों को सर्दियों में कम्बल वितरण करना गर्मियों में जानवरों को पानी पीने के लिए रोज कुंड भरवाना पक्षियों को छतों पर खप्पर में पानी रखना एवम दाने चुगने के लिए दाने डालना गौरतलब हो कि डॉ गुप्ता इस नब्बे वर्ष की उम्र में भी अनवरत यह सेवाएं दिलवा रहे एवम स्वम उन्हें ऐसे कार्य करने में सुकून की अनुभूति होती है आस पास के सभी गांव निस्वारा लौलारा, छछारी गररोली वेंदो अलीपुरा नकरा बुढेरा आदि जगह से लोग साईंधाम आ आ कर कपड़े ले जाते हैं।

# कानपुर को हरा इलाहाबाद नाक आउट दौर में

समृद्धि न्यूज।



**मौदहा।** कस्बे के रहमानियां खेल ग्राउंड में चल रहे मौलाना सलीम अखिल भारतीय खेल महोत्सव के दूसरे दिन आयोजित मैच में इलाहाबाद ने कानपुर को हराकर नाक आउट दौर में प्रवेश कर लिया। जिसके लिए इलाहाबाद के शशांक को मैन आफ द मैच चुना गया।

सोमवार दोपहर खेले गए मैच में कानपुर ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बीस ओवरों में सौ रन बनाए। दूसरी पारी में लक्ष्य का पीछा करने उतरी इलाहाबाद की टीम ने मात्र बारह ओवरों में चार विकेट खोकर आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया। इलाहाबाद की ओर से 34 रनों की पारी खेलने वाले शशांक को मैन आफ द मैच चुना गया। मैच में अम्पायरों की जिम्मेदारी समीर उददीन और अजीज अहमद जबकि स्कोरर की जिम्मेदारी अशरफ कमाल ने अदा की।वहीं आज इलाहाबाद और हरियाणा के बीच नाक आउट दौर का पहला मुकाबला खेला जाएगा।

# स्टेट बैंक से रुपए निकालकर बाजार आये दिव्यांग से टप्पेबाजी



**समृद्धि न्यूज, सुमेरपुर।** मुख्यमंत्री आवास योजना की किस्त के 70 हजार रुपये निकालकर बाजार आए दिव्यांग के साथ अज्ञात लोगों ने टप्पेबाजी कर ली। बोरी में रखे 70 हजार नगद तथा पासबुक लेकर चंपत हो गए। दिव्यांग ने घटना से पुलिस को अवगत कराया है। पंधरी निवासी दिव्यांग रामसजीवन प्रजापति ने बताया कि उसको दिव्यांग कोटे से मुख्यमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था। उसने कस्बे की स्टेट बैंक शाखा से प्रथम किस्त के 70 हजार रुपये निकाले थे और बोरी में रखकर ट्राई साइकिल से बाजार आया। बाजार में शंकर दयाल लोहे वाले से सरिया के रेट पूछने लगा तभी किसी टप्पेबाज ने उसकी बोरी को पारकर दिया। बोरी में 70 हजार नगद के साथ बैंक पासबुक भी थी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर घटना से अवगत कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# जूडो की नेशनल चैपियनशिप में पायल ने गोल्ड जीतकर रचा इतिहास

- सीबीएसई की जूडो की नेशनल चैपियनशिप में पायल ने टूर्नामेंट की बेस्ट प्लेयर का अवॉर्ड भी जीता

समृद्धि न्यूज।



**इटावा।** विगत 22 से 26 नवम्बर 23 तक मॉडर्न स्कूल सेक्टर 4 नोएडा में सम्पन्न हुई सीबीएसई की जूडो की नेशनल चैंपियनशिप में जनपद इटावा के डीपीएस की कक्षा 6 की छात्रा पायल ने 40 किलो भार वर्ग में गोल्ड मैडल जीत कर विद्यालय सहित जनपद इटावा का भी नाम रोशन किया है। ज्ञात हो कि,पायल ने जोनल जूडो प्रतियोगिता में पहले अपने ही भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता था जिसके बाद वह नेशनल जूडो प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई हुई थी।

लगातार 5 बार फाइट जीतने के साथ ही पायल ने इसी प्रतियोगिता में अंडर 11 गर्ल्स केटेगरी में बेस्ट जूडो प्लेयर का भी अवार्ड जीता है। इसी के साथ डीपीएस के ही अन्य 14 बच्चों ने भी पिछली जोनल चैंपियनशिप में अलग अलग भार वर्ग में विभिन्न मेडल अपने अपने नाम किए थे। जिनमे से डीपीएस स्कूल के बच्चों ने 4 गोल्ड और 1 सिल्वर अपने नाम किए थे। नवम्बर माह में इस नेशनल जूडो चैंपियनशिप में भारत देश से बाहर खाड़ी देश यूएई के लगभग 1000 छात्र छात्राएं भी प्रतिभाग कर रहे थे। ज्ञात हो कि,सीबीएसई

की प्रत्येक नेशनल प्रतियोगिता में विश्व भर से सीबीएसई स्कूल के विभिन्न छात्र छात्राएं प्रतिभाग करते है। इस वर्ष की प्रतियोगिता में जूडो कोच प्रभाकर सिंह व जूडो मैनेजर रश्मि श्रीवास्तव भी उचित निर्देशन के लिए पायल के साथ ही गई थी । विद्यालय की यशश्वी प्रिंसिपल भावना सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि, हमारे विद्यालय परिसर में बच्चों को पढ़ाई के साथ साथ नियमित रूप से खेलाभ्यास भी कराया जाता है। जिससे कि पढ़ाई के साथ साथ ही बच्चे राष्ट्रीय अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में भी अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर जीवन में आगे बढ़कर अपने देश,प्रदेश, जनपद और परिवार का नाम रोशन कर सकें । उन्होंने बताया कि,स्कूल के स्थापना वर्ष से ही कई छात्र छात्राएं विभिन्न खेलों में प्रतिवर्ष ही नेशनल प्रतियोगिता में कई मैडल लगातार अपने नाम करते चले आ रहे है। जिनमे से बैडमिंटन, जूडो, स्केटिंग आदि खेल प्रमुख है।

पायल की इस विशिष्ट उपलब्धि पर विद्यालय की प्रिंसिपल भावना सिंह सहित चेयरमैन डॉ विवेक यादव व वाइस चेयरमैन डॉ प्रीति यादव, जूडो कोच प्रभाकर सिंह व जूडो मैनेजर रश्मि श्रीवास्तव एवम् क्रीड़ा प्रभारी रेहान अजीज ने उसके उज्जवल भविष्य के लिए अपनी हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं।

## सूचना


सूचित किया जाता है कि मैं फरीदा बेगम पिता मोहम्मद असलम मेरा इण्टर मीडिएट का अंक पत्र सह प्रमाण पत्र वास्तव में कही खो गया है। जिसका अनुक्रमांक 2201698 हैं मैंने वर्ष 2020 में इण्टर की परीक्षा उत्तीर्ण किया है।

**फरीदा बेगम पिता मोहम्मद असलम**
**ग्राम व पोस्ट हरचंदा**
**थाना जरवलरोड बहराइच**

# एकजुट रहेंगे तो हर जगह मिलेगा सम्मान: राजपाल सिंह

- हर पदाधिकारी अपने लोगों को संगठन से जोड़े अटल प्रकाश चतुर्वेदी

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज



**शक्तिपीठ** कालका देवी मंदिर रोड पर एसएन गेस्टहाउस में आयोजित भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) की बैठक में संगठन का विस्तार किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय संरक्षक राजपाल सिंह चौहान ने कहा संघे शक्ति कलियुगे की धारणा पर संगठन बनते और चलते हैं। हम सब एकजुट रहेंगे तो हर जगह सम्मान मिलेगा।

उन्होंने कहा उत्तेजना में आकर गलत काम नहीं करें। हमारे संगठन की कार्यशाली अद्वितीय है। हम किसी कीमत पर किसानों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं करेंगे। राष्ट्रीय संरक्षक अटल प्रकाश चतुर्वेदी ने कहा आपके अनैतिक कार्य में संगठन साथ नहीं देगा। इसका कोई सदस्यता शुल्क नहीं है। हर पदाधिकारी अपने लोगों को संगठन से जोड़े और सप्ताह में 1 घंटे का समय देकर संगठन का विस्तार कराए।संचालन कर रहे राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं श्री खाटू श्याम सेवा समिति के अध्यक्ष विवेक गुप्ता ने कहा कोई भी संगठन शुरुआत में नया ही था। हम मेहनत करते रहे तो हमारा संगठन भी बहुत आगे जाएगा। आप सभी ने तन मन धन से खाटू श्याम की निशान यात्रा सफल बनाई इसके लिए बधाई के पात्र हैं। संगठन में अपना स्वार्थ नहीं देखें तभी सफलता मिलेगी। इस अवसर पर विख्यात कवि ओमप्रकाश शुक्ल %अज्ञात% को राष्ट्रीय संरक्षक, अविनाश सक्सेना को राष्ट्रीय महामंत्री, प्रशांत त्रिपाठी को युवा प्रकोष्ठ का प्रदेश उपाध्यक्ष, उमेश चंद मिश्रा को कानपुर जोन का मंडल महामंत्री, रोहित मिश्रा को कानपुर जोन का वरिष्ठ मंडल उपाध्यक्ष, अमर को जिला संगठन मंत्री, धीरज तिवारी को जिला सचिव, रामनिवास यादव को वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष, देवेंद्र सक्सेना को तहसील उपाध्यक्ष, रामदत्त पाल को तहसील उपाध्यक्ष, राजू को नगर मंत्री, सत्येंद्र सिंह को नगर उपाध्यक्ष ने मेहराज अली वारिसी को नगर मंत्री एवं अरशद खान को नगर उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। माल्यार्पण करके इन सभी पदाधिकारियों का जोरदार स्वागत किया गया। अंत में राष्ट्रीय अध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार जताया। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता लालू, छोटे मिश्रा, ताहिर खान, रामेंद्र यादव फौजी, सनी खान, ज्ञान प्रकाश वर्मा, विमल मिश्रा, कल्लू गुप्ता, अमित भारतीय, ज राम मनोहर पाठक, तौफीक अहमद, सुशील शाक्य, जिला संयोजक मणि प्रसाद, संजीव तिवारी, प्राण दीक्षित व शिवराम सिंह सेंगर, उमेश सिंह चौहान एवं राजू खान सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पुलिस ने अवैध गांजा सहित युवक को दबोचा

गुरसहायगंज, कन्नौज। समृद्धि न्यूज



पुलिस हिरासत में गांजा के साथ मौजूद आरोपी समृद्धि न्यूज

**अपराधों** पर नियंत्रण व अपराधियों की तलाश में गस्त कर रही कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी की और युवक को अवैध गांजा की बिक्री करने जाते समय धर दबोचा। कोतवाली पुलिस ने पकड़े गए युवक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्रवाई की है।

सोमवार को कोतवाली निरीक्षक जेपी शर्मा के नेतृत्व में गस्त कर रहे चौकी प्रभारी मझपुर्वा विनय कुमार शर्मा ने कांस्टेबल सौरभ और इरशाद मलिक के साथ मुखबिर की सूचना पर मझपुर्वा से तिर्वा जाने वाले मार्ग पर स्थित तारा वाले बाग के पास छापेमारी की। जहां पुलिस ने ग्राम मझपुरवा निवासी अल्लाह रक्खा उर्फ भुल्ला को 500 ग्राम अवैध गांजा बिक्री करने ले जाते समय दबोच लिया। कोतवाली पुलिस ने आरोपी युवक के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की है।

# खबरें चलते-चलते

## हाईवे पर हुई दुर्घटना का मुकदमा दर्ज, कानपुर निवासी है मृतक युवक

**सुमेरपुर**। शनिवार देर रात हाईवे पर कुंडौरा के समीप मृत पाए गए युवक की शिनाख्त उसके बहनोई ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वह कानपुर से यहां तक कैसे आया था। किसी को मालूम नहीं है। शिनाख्त के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया है। कानपुर के ग्वालटोली नौबस्ता निवासी अरविंद कुमार यादव (32) घर में बगैर किसी को बताए किसी कार्य से हमीरपुर आया था। शनिवार को देर रात इसका शव लहुलुहान हालत में हाईवे पर कुंडौरा के पास बरामद हुआ था। रविवार को हमीरपुर आए मृतक के बहनोई सुधांशु यादव ने इसकी शिनाख्त अपने साले के रूप में की। साथ ही अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही से वाहन चलाते हुए दुर्घटना में साले की मौत होने का मुकदमा दर्ज कराया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया। शव के कानपुर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक अपने पीछे वृद्ध मां, पत्नी व एक पुत्र को रोता बिलखता छोड़ गया है।

## बीएसएफ में तैनात फौजी के पुत्र ने लगाई फांसी मौत

**राठ**। कस्बे के चरखारी रोड़ सिकंदरपुरा मोहल्ले एक युवक ने अपने मकान के कमरे में रस्सी से फांसी लगाकर आत्म हत्या कर ली। जानकारी लगते ही मृतक युवक के परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। कस्बे के सिकन्दरपुरा मोहल्ला निवासी रोहित 22 पुत्र सुरेश कुमार ने रविवार की रात अपने घर में रस्सी से फांसी लगा ली। सुबह जब परिजनों ने युवक को लटकता देखा तो हड़कंप मच गया। मृतक के परिजनों ने बताया कि रोहित का बीते हफ्ते ही महोबा जनपद के रिवई दुलारा गांव में वैवाहिक संबंध तय हुआ था। फरवरी 24 में उसका विवाह होना था। बताया कि रोहित अपने घर में रहकर ही परिवार का सहयोग करता था। पिता सुरेश कुमार बीएसएफ में हैं तथा वर्तमान में उनकी तैनाती मेघालय में है। मृतक रोहित अपने पीछे मां प्रेमरानी, केशपाल बड़ा भाई एवं बहन जयदेवी, उमा व प्रभा सहित अन्य परिजनों को रोता बिलखता हुआ छोड़ गया है। घटना के कारणों को लेकर परिजन चुप्पी साधे हुए थे। कोतवाल विनोद कुमार ने बताया शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।

## बिदोखर में क्रिकेट टूर्नामेंट आज से

**सुमेरपुर**। क्षेत्र के बिदोखर गांव में पांच दिसंबर से क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ हो रहा है। जिसमें क्षेत्र की जानी मानी क्रिकेट टीमें भाग ले रही हैं। कमेटी के संजय निषाद ने बताया कि प्रति वर्ष की भांति इस साल भी गांव के ब्रह्मदेव मंदिर के समीप खाली पड़े भूभाग में भव्य क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन सुनिश्चित हुआ है। जिसकी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। वहां पांच दिसंबर को उद्घाटन मैच के साथ टूर्नामेंट का शुभारंभ होगा।

## नशे में धुत युवक ने पत्थरों से किया हमला

**सुमेरपुर**। क्षेत्र के ग्राम इंगोहटा में नशे में धुत युवक ने मजदूरी करके वापस घर जा रहे। मजदूर पर पत्थरों से हमला करके लहुलुहान कर दिया। इंगोहटा निवासी अखिलेश धुरिया का आरोप है कि वह मजदूरी करके वापस घर जा रहा था। रास्ते में गांव निवासी धर्मेंद्र श्रीवास शराब के नशे में मिला और गाली देने लगा जब गाली देने से मना किया तो पत्थरों से हमला करके लहुलुहान कर दिया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में आटो चालक ने लगाई फांसी, मौत

**मौदहा** । कस्बे में आटो चालक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच पड़ताल में जुटी है। कस्बे के मोहल्ला रामनगर निवासी अंशु (27) पुत्र रमाकांत विश्वकर्मा का शव सोमवार को संदिग्ध परिस्थितियों घर में फांसी पर लटकता मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस आत्महत्या के कारणों की जानकारी जुटाने के साथ शव का पोस्टमार्टम कराने में जुटी है। मृतक कस्बे में आटो चलाने का काम करता था और शराब पीने का आदि बताया जा रहा है। मृतक अपने परिवार में तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था और अभी तक अविवाहित था।

# मृतक बंटू कठेरिया के परिजनों से मिले आजाद समाज पार्टी के नेता

- जमीनी विवाद में आजाद समाज पार्टी के महासचिव की गोली मारकर हुई थी हत्या
- भीम आर्मी-आजाद समाज पार्टी के नेता और कार्यकर्ता मृतक बंटू कठेरिया के आवास पहुंचे, शोक संतृप्त परिजनों को बंधाया ढांढस, हरसम्भव मदद का दिया आश्वासन

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**बीते तीन** दिन पूर्व गुरुवार को थाना तालग्राम क्षेत्र के ग्राम जयसिंहपुर में जमीनी विवाद को लेकर आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव बंटू कठेरिया की उनके चाचा ने गोली मारकर हत्या कर दी थी। रविवार को आजाद समाज पार्टी व भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष कार्यकर्ताओं के साथ शोक संत्त परिजनों से मिलने गांव पहुंचे। पार्टी के नेताओं ने परिजनों से घटना के बावत जानकारी की और उन्हें ढांढस बंधाते हुए हर सम्भव मद्द किए जाने का भरोसा दिया। इस अवसर पर भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष वीरू खरे ने कहा की पार्टी परिवार के साथ है। वहीं आजाद समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि पूरी कानूनी लडाई आजाद समाज पार्टी भीम आर्मी लडेगी। उन्होने पत्रकारों से बातचीत के दौरान बताया कि मृतक बंटू कठेरिया आजाद समाज पार्टी के जिला महासचिव थे। बंटू कठेरिया पार्टी व संगठन के प्रति वफादार व निष्ठावान थे। वर्ष 2018 से लगातार संगठन व पार्टी में कार्य कर रहे थे वे अपने संघर्षो की बदौलत कार्यकर्ता के रूप से जुडे और फिर जिले के महत्वपूर्ण पदो पर आसीन रहे। जिले व समाज में बंटू कठेरिया ने वो मुकाम हासिल किया जो अच्छे-अच्छे पूरी जिंदगी मे हासिल नही कर पाते। बंटू कठेरिया चाहते थे कि बहुजन समाज इस देश का हुक्मरान बने। बंटू कठेरिया का इस दुनियां से जाना संगठन व पार्टी की बहुत बड़ी क्षति है। कहा कि इस हत्या के पीछे राजनैतिक साजिश भी हो सकती है। प्रशासन इसमे गहनता से जांच करे और दोषियों के खिलाफकडी से कडी कार्रवाई हो। उन्होने कहा कि पार्टी के संस्थापक एंड चन्द्रशेखर आजाद ने ट्वीट के माध्यम से अपनी संवेदना व्यक्त की है और बहुत जल्द परिवार से मिलने का आश्वासन भी दिया है। इस मौके पर जिला प्रभारी पवन गौतम, जिला सह संयोजक पातीराम बौद्ध, जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र गौतम, अखिलेश कबीर, कुलदीप, नेम सिंह, अजीत कठेरिया, यशपाल भारती, प्रदीप समेत तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर के 85 फीसदी बच्चों ने प्राप्त किया निपुण लक्ष्य




**समधन, समृद्धि न्यूज।** प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को निपुण बनाने के लिए प्रदेश सरकार भरसक प्रयासरत है। सोमवार को निपुण असेसमेंट प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में छिबरामऊ डायट टीम के द्वारा संपन्न हुआ। कार्यक्रम में डायट से आई प्रिया और विभा ने कक्षा 1,कक्षा 2 व कक्षा 3 का मोबाइल पर निपुण एप से असेसमेंट किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय झूसीनागर में 85 प्रतिशत बच्चों ने निपुण लक्ष्य प्राप्त किया। इस मौके पर शैलेंद्र सिंह यादव, प्रभा सिंह, प्रभाकर, वंदना, रामादेवी, मंजू व सत्यवती सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। शैलेंद्र सिंह यादव ने बताया की इस कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र छात्राओं का सर्वांगीण विकास है।

# सर्वर ठप रहने से लेनदेन को लेकर परेशान रहे लोग

**मौदहा।** नेट बैंकिंग से जहां लोगों को कारोबार सहित सभी मामलों में बेहद आसानी हुई। वहीं सरवर के चले जाने से यह कारोबार पूरी तरह बेदम हो जाता है। जिससे कारोबार व अन्य कामों में आर्थिक क्षति सहित परेशानियां बढ़ जाती हैं। ऐसा ही आज मौदहा की स्टेट बैंक शाखा में था। जहां सुबह कुछ देर सरवर चलने के बाद ठप हो गया। पूरे दिन सर्वर नहीं आने से काम ठप रहे। देखते-देखते दोपहर 3 बजे पूरी बैंक में न सिर्फ आम जनमानस का सन्नाटा रहा। बल्कि इसके कर्मचारी भी नदारत दिखे। बैंक प्रबंधक सहित बैंक में कोई भी कर्मचारी यह बताने के लिए भी नहीं था कि आखिर परेशान हाल लोग कब तक परेशानी दूर हो सकती है। सिर्फ गेट के सामने एक छोटे सी स्लिप लटक रही थी। जिसमें लिखा था सरवर न होने से बैंक कार्य बाधित। बैंक के अंदर एक बैंच में गार्ड बैठा कोई अखबार पढ़ रहा था । उसे भी मतलब नहीं था कि कौन आया कौन गया। बैंक के लाकर कक्ष के निकट एक कर्मी बैठा था। जिसे अपना नाम नीरज बताया और कहा कि मैं क्लर्क हूं। जब उसे बैंक प्रबंधक या जिम्मेदार अधिकारियों के संबंध में जानकारी की गई तो वह कुछ बोलने को तैयार नहीं था कि आखिर सर्वर कब तक आएगा। बैंक गेट के बाहर पैसा निकालने के इंतजार में मौदहा निवासी केशव ने बताया कि उसे पैसे की सख्त जरूरत है, लेकिन 4 घंटे हो गए अभी कोई यह भी नहीं बता रहा कि सर्वर कब आएगा। कुनेहटा गांव से आए जितेंद्र ने बताया कि उसे अपने बेटे को जो बाहर पढ़ाई करता है पैसे भेजने थे लेकिन 10 किमी से आना उसका बेकार चला गया। मास्टर मोहम्मद हनीफ जो स्कूल से बैंक आया था। कहा कि सुबह ड्यूटी जाना है। कल शाम तक अन्य काम बाधित रहेगा आज पूरे दिन सर्वर न होने से जहां व्यापारियों का लाखों का कारोबार बाधित रहा, वहीं आम जनमानस पैसे के लिए परेशान घूमते रहे।

# इनरव्हील क्लब की ओर से आयोजित हुई न्याय संगोष्ठी

- इनरव्हील क्लब ने शिक्षिकाओं व ओजस्वी विचार प्रस्तुत करने वालीं छात्राओं को किया सम्मानित

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**सोमवार को** इनरव्हील क्लब के तत्वाधान में सामाजिक न्याय संगोष्ठी आयोजित हुई। संगोष्ठी में महिलाओं ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम के दौरान सरकारी स्कूल की शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया। ओजस्वी विचार रखने वाली छात्राओं को क्लब की ओर से पुरस्कृत किया गया। सोमवार को शहर के सफ्दरगंज मोहल्ला स्थित नोबेल हार्ट पब्लिक स्कूल में इनर व्हील क्लब की ओर से कक्षा 9 से लेकर 12 तक की छात्राओं और महिलाओं के लिए सामाजिक न्याय विषय पर संगोष्ठी की गई। जिसमें छात्राओं और महिलाओं ने मुखरता से अपनी बात समाज के सामने रखा। महिलाओं की तरक्की में आने वाली बाधाओं और उनसे जूझते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। संगोष्ठी में कई विद्यालयों की कक्षा 9 से 12वीं क्लास तक में पढ़ने वाली छात्राओं ने भी बेबाकी से अपनी बातें क्लब की महिलाओं के सामने रखीं। संगोष्ठी के दौरान सामाजिक न्याय विषय पर मुखरता से अपनी बात रखने वाली प्रत्येक स्कूल की छात्राओं को फर्स्ट, सेकेंड और थर्ड पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान निर्णायक की भूमिका में डॉ. प्राची गुप्ता व डॉ. वैष्णवी मौजूद रहीं। जबकि कार्यक्रम के दौरान इनरव्हील क्लब की एडिटर शुचि गुप्ता, सेक्रेट्री वाणी गुप्ता और शोभा गुप्ता समेत कई महिलाएं मौजूद रहीं। सामाजिक न्याय संगोष्ठी के दौरान इनरव्हील क्लब की महिलाओं ने सरकारी स्कूल की 13 टीचरों को नेशन बिल्डर अवार्ड प्रदान किया। छात्राओं की मौजूदगी में सम्मान पाकर अध्यापिकाएं बेहद खुश नजर आईं। इसके अलावा सामाजिक गतिविधियों के लिए डॉ.प्राची गुप्ता को यूथ अवार्ड दिया गया। इसके अलावा दांतों की सफल सर्जन डॉ. वैष्णवी को सम्मानित किया गया। इनर व्हील क्लब की ओर से शहर के रोटरी क्लब शिक्षा सदन को बच्चों के बैठने के लिए 10 बेंचें और 10 मेज प्रदान की गई।

# एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक से टकराई प्राइवेट बस, बस परिचालक की मौत

- हादसे में बस में सवार सात सवारियां घायल, घायलों को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया
- तालग्राम थाना क्षेत्र के रनवां गांव के निकट हुआ हादसा

कन्नौज,समृद्धि न्यूज



**तालग्राम** थाना क्षेत्र में सोमवार की सुबह एक बस आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में बस परिचालक की मौत हो गई, जबकि आधा दर्जन सवारियां घायल हो गई। मौके की नजाकत देखते हुए ट्रक चालक मौके से भाग गया। वहीं घायलों को तिर्वा स्थित मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह तालग्राम थाना क्षेत्र के रनवां गांव के निकट नेपाल के काठमांडू से जयपुर जा रही एक प्राइवेट बस एक खड़े ट्रक में पीछे से टकरा गई। बताया जाता है कि रनवां गांव के पास एक ट्रक एक्सप्रेस-वे की पीली पट्टी पर खड़ाकर ट्रक चालक टायर चेक करने लगा। इसी दौरान पीछे से आ रही सवारी बस ने ट्रक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में राजस्थान के किड़ोर खुर्द गांव के निवासी बस परिचालक धर्मेंद्र की मौत हो गई, जबकि बस में सवार राजस्थान के झुंझनू निवासी प्रदीप, माधोपुर सीकर निवासी निर्मला, शिवप्यारी देवी, नेपाल के झापा भद्रपुर निवासी टिकापाठा, ऐश्वर्या देवी, नारायण कोलोन और जनूकी घायल हो गई। हादसे को देखकर ट्रक चालक मौके की नजाकत भागते हुए भाग निकला। वहीं हादसे की सूचना मिलते ही यूपीडा के सुरक्षा अधिकारी शशिकांत मिश्रा, सहायक सुरक्षा अधिकारी नामवर सिंह, आरपी कनौजिया आरबीजीएल टीम के साथ पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस की मदद से सभी घायलों को तालग्राम के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी घायलों को तिर्वा स्थित राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। वहीं पुलिस ने बस परिचालक के शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी में रखवा दिया और मृतक के परिजनों को हादसे की सूचना दी। खबर लिखे जाने तक परिजन कन्नौज नही पहुंच सके थे।

**बैठक** | प्री-ट्रायल बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण हेतु चिन्हित हुए 45 हजार वाद

# अपर जिला जज की अध्यक्षता में आयोजित हुई प्री ट्रायल बैठक

- जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में आयोजित हुई बैठक, अपर जिला जज लोकेश वरुण ने न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

कन्नौज,समृद्धि न्यूज




**राष्ट्रीय लोक** अदालत को सफल बनाने हेतु जनपद न्यायालय के सभागार में अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी लोकेश वरूण की अध्यक्षता में प्री-ट्रायल बैठक आयोजित हुई। बैठक में 45 हजार वाद चिन्हित हुए। बैठक में अपर जिला जज / पूर्णकालिक सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण लवली जायसवाल, नोडल अधिकारी प्रशासनिक विभाग, उप जिलाधिकारी नवनीता राय, विद्युत विभाग से अधिशाषी अभियन्ता मगन सिंह एवं प्रशासनिक अधिकारी तथा उनके प्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में जनपद न्यायालय के मीटिंग हाल में आयोजित हुई प्री-ट्रायल बैठक में आगामी 09 दिसम्बर को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध मे पूर्व अपर जिला जज एवं नोडल अधिकारी लोकेश वरूण ने सभी अधिकारियों से आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु विचार विमर्श किया। बैठक में प्रशासन की तरफ से नोडल अधिकारी अशोक कुमार ने प्रस्तावित वादों की अद्यतन सूची प्रस्तुत की, जिसमें 40346 वादो को निस्तारण हेतु नियत किये गये है। अपर जिला जज प्रथम एवं नोडल अधिकारी लोकेश वरूण ने समस्त प्रशानिक अधिकारियों को आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादो का निस्तारण कराये जाने हेतु निर्देशित किया। प्राधिकरण की सचिव लवली श्रीवास्तव ने बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार आगामी 09 दिसम्बर को दीवानी न्यायालय कन्नौज में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, तथा लघु आपराधिक मामलों के निस्तारण हेतु 06 से 08 दिसम्बर तक विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी सफ्लता हेतु न्यायिक अधिकारियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक में कई मुद्दो पर विचार विमर्श किया गया। इसके साथ ही प्राधिकरण की सचिव ने लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में पराविधिक स्वयं सेवकों एवं समस्त थानों के पैरोकारों की बैठक में पैरोकारों को निर्देशित किया कि 09 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्मनों को जल्द से जल्द तामिला कराया जाना सुनिश्चित करें।










# ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार युवक की मौत

- गुस्साये परिजनों ने फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे किया जाम
- थानाध्यक्ष ने पहुंचकर समझा बुझाकर खुलवाया जाम

**राजेपुर, समृद्धि न्यूज**

**साइकिल से** सरिया लेकर जा रहे युवक को ट्रक ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की सूचना मिलते ही दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर जाम लगा दिया। जाम की सूचना पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को समझा बुझाकर जाम खुलवाया। जानकारी के अनुसार थाना राजेपुर के अंतर्गत ग्राम सभा महेशपुर निवासी हरिओम उर्फ रामरतन पुत्र स्वामी दयाल उम्र 18 वर्ष सुबह करीब 9 बजे भवन निर्माण हेतु जैनापुर से साइकिल पर सरिया लेकर जा रहा था। समय लगभग 9.00 बजे फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर गांव जैनापुर के निकट बरेली की तरफ से आ रहे ट्रक संख्या-यू.के.06सीबी7419 के चालक ने पीछे से युवक की साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर दर्जनों की संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गये और फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर जाम लगा दिया। जिससे वाहनों की दोनों तरफ लंबी-लंबी कतारें लग गयी। घटना की सूचना थानाध्यक्ष दिवाकर प्रसाद को दी गयी। सूचना पर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष ने ग्रामीणों को समझा बुझाकर कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। खबर मिलते ही मृतक के पिता स्वामी दयाल, मां संगीता देवी, भाई शिवा, सत्यम, बहन ममता, रागिनी, कीमती आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।




फर्रुखाबाद-बरेली हाईवे पर जाम लगाये ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

# डीएम को निरीक्षण में कई शिक्षक मिले अनुपस्थित

- सभी का वेतन रोकने के बीएसए को दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शिक्षा व्यवस्था** को पटरी पर लाने के लिए जिलाधिकारी ने कई विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक विद्यालय के सभी अध्यापक अनुपस्थित मिले। जिस पर जिलाधिकारी ने सभी का वेतन रोकने के साथ ही साथ अग्रिम कार्यवाही करने के बेसिक शिक्षाधिकारी को निर्देश दिये।

जानकारी के अनुसार सोमवार को जिलाधिकारी ने प्राथमिक विद्यालय विद्यालय रम्पुरा, प्राथमिक विद्यालय नगला जखा, प्राथमिक विद्यालय पिथूपुर महंदिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्राथमिक विद्यालय नगला जखा के सभी अध्यापक अनुपस्थित मिले। निरीक्षण के दौरान सभी विद्यालयों में नामांकन के सापेक्ष बच्चों की उपस्थित बहुत कम पायी गयी। प्राथमिक विद्यालय नगला जखा में तैनात प्रधानाध्यापक संध्या राजपूत, सहायक अध्यापक रीता यादव एवं बीबी बानो अनुपस्थित पायी गयी। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में शिक्षण कार्य होता हुआ नहीं पाया गया। इस पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की एवं सभी अध्यापकों का तत्काल प्रभाव से वेतन रोकते हुए अग्रिम कार्यवाही करने के निर्देश जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को दिए।



निरीक्षण के दौरान शिक्षिका से पूछताछ करते डीएम

# हीरो सर्विस सेंटर के ऊपरी फ्लोर में लगी भीषण आग

- कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड ने बुझायी आग
- सीओ सिटी ने कारणों की जांच करने के दिये निदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**कादरी गेट** थाना क्षेत्र के बढ़पुर स्थित एक गेस्ट हाउस में शादी समारोह के दौरान आतिशबाजी चल रही थी। उसी दौरान एक चिंगारी पास में ही स्थित हीरो सर्विस सेंटर की छत पर गिर गयी। जिससे आग लग गयी। देखते ही देखते आग ने विकराल रुप धारण कर लिया। जिससे हीरो एंजेसी के सर्विस सेंटर की छत पर लगी सोलर पैनल, जनरेटरए बैटरी सहित काफी सामान चल गया। आग की लपटें व धुआं उठने से शादी समारोह से लोग सड़क पर आ गये। जिससा जााम लग गया। घटना की जानकारी मिलने पर फतेहगढ़ फायर स्टेशन से दो गाड़ियां मौके पर भेजी गई। थाना कादरी गेट, कोतवाली फर्रुखाबाद, कोतवाली फतेहगढ़ का पुलिस फोर्स भी मौके पर आ गया। कुछ देर के लिए आवागमन भी रोक दिया गया। सर्विस सेंटर मालिक लकी गुप्ता को भी पड़ोसी लोगों द्वारा सूचना दी गयी। वह भी अपने साथियों के साथ सर्विस सेंटर पहुंच गए। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। जनरेटर की आग बुझाने में काफी समय लग गया। कई जगह से काफी देर तक धुआं निकलता रहा। सीओ सिटी प्रदीप सिंह ने भी घटनास्थल का जायजा लिया। छत पर पहुंचे फायर सर्विस के जवानों वह जानकारी लेते रहे। सीओ सिटी ने बताया की आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। कोई जनहानि नहीं हुई है। फायर विभाग को भी जांच पड़ताल करने के निर्देश दिए गये हैं।




सर्विस सेंटर में लगी आग का दृश्य — समृद्धि न्यूज

# दस वर्ष पूर्व खरीदी गई जमीन पर आरोपियों द्वारा दीवार तोड़कर कब्जा करने का प्रयास

- विरोध करने पर गाली गलौज जानमाल की धमकी
- पीड़ित ने लगभग आठ लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को दी तहरीर

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज**

**शमशाबाद** नगर के मोहल्ला चौखंडा निवासी राजेश बाबू पुत्र शांति स्वरूप पाठक ने शमसाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कहा है कि उसके द्वारा कोई दस वर्ष पूर्व एक जमीन को नियमानुसार खरीदा गया था। जिसकी रसीद उसके पास है। साथ ही आवश्यक प्रपत्र भी। शिकायती पत्र के अनुसार सोमवार को बाजार बंदी के कारण पीड़ित घर पर था। जिसका आरोपियों फायदा उठाने की कोशिश की गई। आरोप है उसकी आरोपियों द्वारा दीवाल तोड़कर जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया गया। पीड़ित के अनुसार जानकारी होने पर जब मौके पर पहुंचा तथा विरोध किया तो आरोपी गाली-गलौज करने लगे। यहां तक की देख लेने की धमकी दी। पीड़ित ने ज्ञात अज्ञात सहित आठ लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग थी। आरोप है आरोपी फकी पुत्र सफी, बाबू पुत्र सफी, असलम पुत्र इसरार तथा पांच अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ शमशाबाद थाना पुलिस की तहरीर दी गई। उधर तहरीर के बाद शमशाबाद थाना पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल करते हुए अवैध रूप से कब्जा कर रहे लोगों को रोका तथा निर्णय होने तक यथास्थिति बनाए रखने के आदेश दिए।

# खबरें चलते-चलते

### गन्ने से भरी अनियंत्रित ट्रैक्टर ट्राली पलटी, चालक सहित सवार बाल-बाल बचे

**शमशाबाद, समृद्धि न्यूज।** गन्ने से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खड्ड में पलट गयी। जिससे चालक सहित अन्य सवार बाल-बल बच गये। जानकारी के अनुसार शमशाबाद थाना क्षेत्र ग्राम पलिया निवासी वेदराम पुत्र सीताराम सतीश चंद्र का गन्ना ट्राली में लादकर गन्ना क्रय केंद्र शमशाबाद ले जा रहा था। शमशाबाद ढाईघाट मार्ग पर ग्राम साधो सराय पुलिया के पास गुजरते समय अचानक ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित हो गई खड्ड में पलट गयी। जिससे जहां एक ओर चालक बाल बाल बच गया, वहीं दूसरी ओर अन्य सवार भी बाल-बाल बच गए। मौके पर गुजर रहे लोगों ने ग्रामीणों की मदद से फंसे लोगों को बाहर निकाला। गनीमत रही इस घटना में किसी को चोट नहीं लगी। अन्यथा कोई भी बड़ा हादसा हो सकता था मालूम रहे चीनी मिल के चालू होने के बाद शमशाबाद क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर गन्ना क्रय केंद्र बनाए गए हैं। जहां ग्रामीण अपना गन्ना ट्रैक्टर ट्राली के सहारे गन्ना सेंटर तक पहुंच रहा है।

### कृषि आवंटन निरस्त, ग्राम समाज का कब्जा दखल कराने का सुनाया फैसला

**संकिसा, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत संकिसा के अंतर्गत डाक बंगला के सामने करोड़ो रुपए कीमती भूमि का कृषि आवंटन (पट्टा) अपर जिला अधिकारी द्वारा 56 वर्ष पूर्व किया गया था। जो फर्रुखाबाद अपर कलेक्टर (न्यायिक) सुभाष चंद्र प्रजापति ने कृषि भूमि आवंटन निरस्त कर दिया है। उक्त आवंटित भूमि ग्राम सभा पुनपालपुर में निहित करने के आदेश तहसीलदार सदर को दिए गए हैं। अपर कलेक्टर (न्यायिकु) सुभाष चंद्र प्रजापति द्वारा किए गए निर्णय में कहा गया है कि विवेचना के प्रकाश में विपक्षीगण मकरन्द पुत्र रामसहाय, मृतक वादहू वारिसान फूल सिंह आदि निवासीगण पुनपालपुर को गाटा संख्या 12/2/1.00,217/3/1.54 एवं 232/0.85 एकड़ कुल 3.39 एकड़ तथा विपक्षी जवाहर लाल पुत्र अंगनू निवासी पुनपालपुर को गाटा संख्या 62/0.68, 66/0.04, 163 मि0/1.66 एकड़ स्थित ग्राम पुनपालपुर परगना शमसाबाद पूर्व तहसील सदर का दिनांक 28.09.1957 को किया गया कृषि भूमि आवंटन निरस्त किया जाता है एवं उक्त भूमि गांव सभा में निहित की जाती है। आदेश की प्रति तहसीलदार सदर को इस निर्देश के साथ प्रेषित की जाती है कि यह तद्नुसार अभिलेखों में अमलदरामद एवं उपरोक्त भूमि पर गांव सभा का कब्जा दखल सुनिश्चित करें।

### पैसे के लेनदेन को लेकर परचून विक्रेता व उसके भाई को दबंगों ने पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज के मोहल्ला गांधीनगर निवासी दीपक कुमार पुत्र रामनिवास राजपूत ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया की उसकी परचून की दुकान ए.के कोल्ड के सामने कमालगंज में मेन रोड पर स्थित है। दिनांक 30 नवंबर को समय करीब शाम 9.00 बजे मैं अपनी दुकान पर बैठा था, तभी विकास यादव पुत्र विनोद शास्त्री उमराव नगला, अरुण यादव पुत्र सूरज यादव निवासी इंदिरा नगर कमालगंज, हरिवंश यादव पुत्र राम रतन निवासी भोला नगला, प्रहलाद यादव पुत्र वेदराम निवासी उमराव नगला उपरोक्त लोग मेरी दुकान पर आए और पैसे के लेनदेन को लेकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर उक्त लोगों द्वारा मेरे साथ मारपीट की गई। जिसकी सूचना मैंने अपने भाई प्रिंस राजपूत को दी, तो वह मौके पर आया। उक्त लोगों द्वारा उसके साथ भी मारपीट की गई। लोगों के आ जाने पर उपरोक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गये। पुलिस ने शिकायत के आधार पर से सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

### मार्ग दुर्घटना में चार घायल, दो की हालत गंभीर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** अलग-अलग मार्ग दुर्घटना मे क्षेत्र के गांव नरैनामऊ निवासी मीना देवी, अताईपुर निवासी भगवानदास, शमसाबाद क्षेत्र के गांव नगला गोदाम निवासी विमल, मेरापुर क्षेत्र के गांव मकटई निवासी भूपेंद्र वर्मा घायल हो गए। सभी घायलों को लोगों ने अस्पताल भर्ती कराया जहाँ प्राथमिक इलाज के बाद मीना देवी, विमल व भूपेंद्र को लोहिया अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# ट्रक की टक्कर से टैक्सी सवार अधेड़ की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज**

**ट्रक** की टक्कर से टैक्सी सवार अधेड़ गम्भीर रुप से घायल हो गया। परिजन उस लेकर कमालगंज सीएचसी पहुंचे। जहां डाक्टर ने उसे घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार सोमवार को सुबह 8 ऊधन सिंह 48 वर्ष पुत्र स्वर्गीय घासीराम निवासी श्याम नगर भोपतपट्‌टी थाना कादरीगेट टैक्सी से दिबियापुर अपनी पुत्री को बुलाने जा रहे थे, तभी कमालगंज क्षेत्र में रास्ते में ट्रक ने टैक्सी में जोरदार टक्कर मार दी। जिससे टैक्सी पलट गयी और ऊधन सिंह गम्भीर रुप से घायल हो गये। दुर्घटना के बाद मौके पर भीड़ लग गयी। किसी व्यक्ति ने घटना की सूचना एंबूलेंस को दी। मौके पर पहुंची एंबूलेंस ने घायल को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कमालगंज पहुंचा। जहां डियूटी पर तैनात चिकित्सक ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजन पहुंच गये। वहीं पुलिस भी मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बताते चलें कि मृतक पेश से किसान था। उसकी चार पुत्रियां सोनी, चांदनी, रागिनी व गुंजन तथा दो पुत्र धीरेंद्र व अमन हैं।



मृतक का फाइल फोटो

# भाकियू ने एसडीएम को छह सूत्रीय मांगपत्र सौंपा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**भारतीय किसान** यूनियन (भानू गुट) ने तहसील कायमगंज में जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना के नेतृत्व में जनसमस्याओं को लेकर छः सूत्रीय मांगपत्र उपजिलाधिकारी कायमगंज को सौंपा। दिये गये ज्ञापन में कहा गया कि कस्बा कायमगंज में कटखने बंदरों की अधिकता है जिससे जनहानि के साथ आर्थिक नुकसान हो रहा है बंदरों को पकड़वाया जावे, जनपद में साप्ताहिक छुट्टी के दिन दुकानों एवं गोदामों में श्रमिकों से काम लिया जाता है। श्रम परिवर्तन अधिकारी पर ध्यान नहीं दे रहे हैं, तत्काल आवश्यक कार्यवाही की जावे, कस्बा कायमगंज में दुकानदारों द्वारा फुटपाथ पर अतिक्रमण कर रखा गया है। थाना पुलिस कायमगंज के द्वारा पूरे कस्बे से अतिक्रमण हटवाया जावे, तहसील कायमगंज के अंतर्गत गांव चंगामई, भैंसार, हज्जूनगरा में किसान बालकराम निवासी मुड़ौल परगना कम्पिल आदि की जमीन पर भूमाफियाओं द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। इन्तखाब मांगपत्र के साथ संलग्न है, तत्काल कब्जा मुक्त कराया जावे, गांव दत्तू नगला में एसबी आदर्श पब्लिक स्कूल दत्तू नगला कायमगंज में बेसिक शिक्षा अधिकारी की मेहरबानी से एक इंटर कॉलेज की मान्यता पर दो इंटर कॉलेज चल रहे हैं, जांच कर कार्रवाई की जावे। कस्बा कायमगंज में मदन गोपाल उर्फ डिंपल जो अवैध डीजल और पेट्रोल का काम करता था उसकी दुकान में आग लग जाने के कारण कई बच्चे झुलस गए थे। उनको मुआवजा इलाज के लिए दिलाया जावे व कुछ अभी भी जीवन मृत्यु से संघर्ष कर रहे हैं। उपरोक्त वर्णित मांगों पर तत्काल कार्यवाही जनहित में की जावे। यदि कार्यवाही नहीं होती है तो दिनांक 16 दिसंबर 2023 के बाद किसी भी समय भारतीय किसान यूनियन भानू अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेगी। जिसकी जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। ज्ञापन पर जिला प्रभारी मुन्नालाल सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष रागिब हुसैन खां, जिला सचिव रामवीर, जिला मीडिया प्रभारी विनीत सक्सेना, नगर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार गुप्ता, संगठन प्रचार मंत्री अमरीश शुक्ला, जिला संगठन सचिव प्रताप सिंह गंगवारए, किशन शाक्य, धन सिंह आदि कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।



उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपते भाकियू नेता

# भारत संकल्प यात्रा के तहत सरकार की गिनाई गई योजनायें

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज**

**सरकार द्वारा** चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत के तहत ग्राम पंचायत स्तर पर विकास खंड के कर्मचारियों ने सरकार की योजनाएं से जनता को अवगत कराया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत नौगांव हथौड़ा में सोमवार को सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना विकसित भारत योजना के तहत ग्राम सचिव अनुपम बाजपेई, प्रमोद शुक्ला ने अपने विकास खंड के कर्मचारियों के साथ गांव में पहुंचकर रैली निकालकर गर्भवती महिलाओं तथा कुपोषित बच्चों के गोद भराई का कार्य किया। वहीं सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं धरातल पर लाकर उन्होंने जनता को योजनाओं से रूबरू कराया। ग्राम सचिव ने बताया की सरकार द्वारा चलायी जा रहीं योजनाओं को वह धरातल पर लाकर हर संभव जनता के बीच में उनके फायदे तथा लाभ दिलाने का कार्य करेंगे। जिसके लिए सरकार से वचनबद्ध होकर जनता के बीच भी वचनबद्ध होकर कार्यो को पूरा करेंगे। इस मौके पर ग्राम सचिव अनुपम बाजपेई, एडीओ आईएसबी, ग्राम सचिव प्रमोद शुक्ला, एपीओ गौरव दिवाकर, ग्राम प्रधान बीनेश कुमार, हथौड़ा के ग्राम प्रधान पुत्र मनोज कुमार तथा ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया ग्राम पंचायत बघौना में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रहे अनिल राजपूत चेयरमैन नवाबगंज की मौजूदगी में लाइव प्रसारण कार्यक्रम संपन्न हुआ तथा बाल पुष्टाहार वितरण किया गया।




गर्भवती महिलाओं की गोद भराई करते सचिव

जांच

### सीएमओ ने किया गोष्ठी का शुभारंभ, 34 बंदियों ने करवायी जांच

# बंदियों को एचआईवी, टीबी, सिफलिस व हेपेटाइटिस की जांच के लिए किया गया प्रोत्साहित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज**

**जिला कारागार** फतेहगढ़ में उत्तर प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी के तत्वधान में जेल में निरुद्ध सभी बंदियों की एचआईवी, टीबी, सिफलिस एवम हेपेटाइटिस की विशेष जांच के लिए बंदियों को प्रोत्साहित कर जांच करवाने विषयक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ डॉ, अवनींद्र कुमार सीएमओ और सतीश चंद्र सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर एवम दीप प्रज्वलन करके किया गया। गोष्ठी का संचालन डॉ0 आरसी माथुर डिप्टी सीएमओ एवम दीप्ति शुक्ला द्वारा किया गया।

गोष्ठी को संबोधित करते हुए सीएमओ, सिटी मजिस्ट्रेट, डिप्टी सीएमओ, जेल अधीक्षक द्वारा एचआईवी, टीबी, सिफलिस एवम हेपेटाइटिस इत्यादि बीमारियों के लक्षणों, बीमारी के फैलने के कारणों एवम बीमारी से बचाव के उपायों को विस्तार से बंदियों को बताया गया। जेल अधीक्षक भीमसैन मुकुंद द्वारा बंदियों द्वारा दैनिक दिनचर्या में बरती जाने वाली व्यवहारिक गलतियों की ओर बंदियों को आगाह किया, जैसे एक ही ब्लैड के टुकड़े से अनेकों बंदियों द्वारा अपने नाखून काटना, चोरी छुपे एक ही ब्लैड का इस्तेमाल कर बाल बनाना। जेल अधीक्षक ने ऐसी गलतियां ना करने के लिए बंदियों को सचेत किया। सीएमओ द्वारा विशेष कर बताया गया की गांव देहात में नाक और कर्ण छेदन की प्रक्रिया इस्तेमाल होने वाली सुई से एचआईवी जैसा भयंकर रोग फैलाने की बात बताई। इस ओर महिला बंदियों द्वारा विशेष ध्यान देने की अवश्यकता बताई गई, क्योंकि शत-प्रतिशत महिलाएं नाक व कर्ण छेदन करवाती है। सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा युवा बंदियों को संयम पूर्ण जीवन जीने की सलाह दी गई तथा अपने जीवन साथी के साथ ईमानदारी के साथ जीवन जीने की बात बताई। जांच अभियान के प्रथम दिन 34 बंदियों की जांच करवाई गई है। जिनकी जांच रिपोर्ट प्रतीक्षित है। जांच दल में नीतू वर्मा, वंदना सिंह, अभिषिका, अमित कुमार, विजय कुमार और विजेंद्र सिंह सम्मलित रहे।

गोष्ठी के अंत में जेल अधीक्षक द्वारा जेल चिकित्सक विजय अनुरागी, फार्मेसिस्ट यादवेंद्र मोहन, फार्मेसिस्ट अमित वर्मा द्वारा जेल बंदियों को प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उनकी प्रशंसा की गई। इस मौके पर जेलर अखिलेश कुमार, डिप्टी जेलर अवनीश सिंह, मुकेश गौड़ मौजूद रहे। महिला बंदियों को डिप्टी जेलर कृष्णा कुमारी, सरोज देवी और महिला जेल बार्डन प्रियंका शुक्ला द्वारा प्रोत्साहित किया गया।




मंचासीन जेल अधीक्षक व मौजूद बंदीगण — समृद्धि न्यूज

# समग्र शिक्षा योजना अंतर्गत एमआईसी में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



प्रदर्शनी का अवलोकन करते डीआईओएस व प्रधानाचार्य

**जिला** विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में म्युनिसिपल इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट गिरिजा शंकर द्वारा विद्यालय में जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जनपद के समस्त जूनियर वर्ग तथा सीनियर वर्ग के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान कार्यक्रम के अंतर्गत जिला विद्यालय निरीक्षक के निर्देशानुसार प्रधानाचार्यो को 04 दिसंबर को जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी के आयोजन कराए जाने हेतु निर्देशित किया। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन प्रातः 11रू00 बजे जिला विद्यालय निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह ने किया। प्रदर्शनी में जनपद के समस्त विद्यालयों से चयनित छात्रों ने प्रतिभाग किया। छात्र-छात्राओं ने पर्यावरण से संबंधित मुद्दे, जैव विविधता, मानव कल्याण में जीवन विज्ञान का महत्व, वैकल्पिक ऊर्जा, सूचना संचार एवं ग्राफीन, प्रौद्योगिकी तथा गणित, भौतिक विज्ञान और खेल से संबंधित मॉडलों का प्रस्तुतीकरण किया। जूनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीयए तृतीय तथा पांच सांत्वना पुरस्कार तथा सीनियर वर्ग में प्रथम, द्वितीय, तृतीय तथा पांच सांत्वना पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। निर्णायकों की भूमिका महीयसी महादेवी वर्मा की प्रधानाचार्या दीपिका राजपूत, शिल्पी द्विवेदी तथा जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान रजलामई के राजेश यादव तथा प्रभा द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग में जीजीआईसी की छात्राएं अजरा मैविस, इकरा फातिमा, कोमल गुप्ता ने संयुक्त रूप से प्रथम, मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्राएं चेतना कुशवाह व आशा बाथम ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान व भारतीय पाठशाला इण्टर कॉलेज के छात्र कामरान, विशाल शुक्ल व विकाश शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सान्त्वना पुरस्कार हरिओम, अभिषेक, समीर कश्यप, पायल शर्मा, सानिया यादव, शिवम, रामशरण तथा विपिन को दिया गया। सीनियर वर्ग में जीआईसी फर्रुखाबाद के शिवांश मिश्रा ने प्रथम, फिरोज गांधी इण्टर कॉलेज कमालगंज के छात्र प्रशांत तथा मोहम्मद अमन संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा मदन मोहन कनोडिया बालिका इंटर कॉलेज की छात्रा उन्नति गुप्ता ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि सान्त्वना पुरस्कार में एमआईसी के छात्र देवाशीष, अजयवीर, एनएकेपी की छात्रा जान्हवी चौहान, पीयूष कश्यप, शोभित बाजपेयी, तूबा, विधि कटियार, कोहिनूर को दिया गया। प्रदर्शनी में प्रथम स्थान पाने वाले छात्र को 4 हजार रुपये, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 3 हजार रुपये, तृतीय स्थान पाने वाले छात्र को 2 हजार रुपये, जबकि सांत्वना पुरस्कार में चयनित छात्रों को 500 प्रदान किए जाएंगे। सभी चयनित छात्र-छात्राओं को जिला विद्यालय निरीक्षक तथा प्रधानाचार्य द्वारा स्मृति चिन्ह देकर पुरस्कृत किया गया। चयनित छात्र छात्राएं मंडल स्तर पर प्रतिभाग करेंगे। विज्ञान प्रदर्शनी में जूनियर तथा सीनियर वर्ग जनपद के 22 स्कूलों के छात्र व छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रदर्शनी में प्रवक्ता मयंक रस्तोगी, अरविंद कुमार, शिक्षक विश्व प्रकाश ने विशेष सहयोग किया। प्रधानाचार्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

# राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 189188 मामले चिन्हित

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज



राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक में मौजूद अधिकारीगण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वाधान में 9 दिसम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के संबंध में जनपद न्यायाधीश विनय कुमार की अध्यक्षता में विश्राम कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई। संचालन सचिव अपर जिला जज संजय कुमार ने किया। राष्ट्रीय लोक अदालत में होने वाले योग्य राजस्व, चकबंदी, फौजदारी, विद्युत विभाग, राजस्व मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित करने के अधिकारियों को निर्देश दिये गये, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। प्रशासन की ओर से अब तक 189188 मामले चिन्हित किये जा चुके है। बैंक के कुल अब तक मामले 2367 चिन्हित किये जा चुके है। बैठक में न्यायिक अधिकारी महेन्द्र सिंह, प्रशासनिक अधिकारी नगर मजिस्ट्रेट सतीश चन्द्र, चकबंदी अधिकारी सुरेश चन्द्र, तहसीलदार श्रद्धा पाण्डेय, कर्मवीर सिंह, राधा रमन, मुकेश चन्द्र, राजेन्द्र प्रसाद, अमित कुमार, हर्षित दीक्षित, अरविन्द कुमार पाठक, अमित चावला, नीरज मौर्य, अमित कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### विधायक नागेन्द्र सिंह व सुनील दत्त को न्यायालय ने जारी किया सम्मन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विधानसभा चुनाव में आचार संहिता के मामले में भोजपुर विधायक पर सदर विधायक को न्यायालय ने नोटिस जारी किया है। कोतवाली फतेहगढ़ के सिविल लाइन चौकी प्रभारी द्वारा 29 जनवरी 2022 को भारतीय जनता पार्टी के भोजपुर विधानसभा प्रत्याशी व विधायक नागिन सिंह राठौर अपने 8-10 समर्थकों के साथ दो गाड़ियों से बैठकर आये, जिसमें एक गाड़ी पर विधायक लिखा था और पार्टी का झंडा भी लगा था। एनआईसी गेट तक आए और नामांकन कक्ष तक गए, जबकि नियम था कि कोई भी प्रत्याशी नामांकन कक्ष से 200 मीटर तक कोई भी प्रत्याशी गाड़ी लेकर नहीं आएगा। उसके बावजूद आठ-दस समर्थकों के साथ आचार संहिता उल्लंघन, कोविड नियमों का उल्लंघन किया। इसी मामले में एमपी एमएलए कोर्ट ने सम्मन जारी कर नियत तिथि पर उपस्थित होने का आदेश दिया है। वहीं सदर विधायक सुनील दत्त द्विवेदी ने भी नामांकन के दौरान 27 जनवरी 2022 को अपने 30-35 अज्ञात समर्थकों के साथ आचार संहिता व कोविड का उल्लंघन करते हुए डीएन कालेज से हुजूम में एकट्ठा होकर नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट गेट तक आये। जिससे आचार संहिता व कोविड के नियमों का उल्लंघन हुआ। उन्हें भी न्यायालय ने नियत तिथि पर उपस्थित होने के लिए सम्मन जारी किया है।

### 2024 की बोर्ड परीक्षा में 4388 छात्र हुए कम, 46909 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** यूपी बोर्ड की 2024 की परीक्षा में जनपद में गत वर्ष की अपेक्षा 4388 परीक्षार्थी कम हो गये है। इस बार बोर्ड परीक्षा में 46909 परीक्षार्थी शामिल होंगे। माध्यमिक शिक्षा विभाग नकल विहीन परीक्षा की तैयारी में जुटा है। फरवरी माह में बोर्ड परीक्षा प्रस्तावित है। शिक्षा विभाग के सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक 2023 की परीक्षा में 51297 छात्र-छात्रायें शामिल हुए थे। परन्तु 2024 की परीक्षा में परीक्षार्थियों की संख्या बढ़ने की बजाय 4388 परीक्षार्थी की संख्या कम हो गयी। यूपी बोर्ड के सचिव दिव्यकांत शुक्ला ने हाईस्कूल, इंटरमीडिएट की परीक्षा के लिए 63 परीक्षा केंद्रों की संभावित सूची जनपदीय समिति को विचार करने के लिए भेजी है। जिला केंद्र निर्धारण समिति प्रधानाचार्यो से प्राप्त आपत्तियों पर अपनी आख्या के साथ परीक्षा केंद्रों की सूची यूपी बोर्ड प्रयागराज भेजेगा। जहां से जनपद के परीक्षा केंद्रों की सूची को फाइनल किया जायेगा।

### कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षा 11 दिसम्बर से

**फर्रुखाबाद।** कस्तूरबा गांधी आवसीय बालिका विद्यालयों में अर्द्धवार्षिक परीक्षायें 11 दिसम्बर से शुरु होगी, जो 19 दिसम्बर तक चलेगी। परीक्षा शुरु होने से मात्र एक घंटे पूर्व ही विद्यालय की वार्डेन को व्हाट्सएप पर प्रश्न पत्र भेजा जायेगा। फिर विद्यालय में उपलब्ध प्रिंटर के माध्यम से प्रश्न पत्र की प्रतियां निकालकर छात्राओं को बांटी जायेगी। महानिदेशक स्कूल शिक्षा विजय किरन आनंद ने परीक्षा में नकल रोकने के लिए सख्त कदम उठाये जाने के निर्देश दिये है। प्रश्न पत्रों के संबंध में महानिदेशक द्वारा उठाया गया यह नया कदम उसी का हिस्सा माना जा रहा है। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष संतोष दुबे एवं संयुक्त मंत्री सतेन्द्र सिंह ने नकल रोकने के महानिदेशक के प्रयासों की सराहना की।

### अंडमान निकोबार के युवक को लूटा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** रोडवेज बस अड्डा जाने के लिए ई-रिक्शा पर बैठे अंडमान निकोबार निवासी युवक के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया गया। मामले में कोतवाली पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर पुलिस नें सीसीटीवी खंगाले, लेकिन पीड़ित युवक की भाषा पुलिस के गले नही उतर रही। जानकारी के अनुसार अंडमान निकोबार प्रदेश के निवासी एसएस मूर्ति पुत्र रोज मूर्ति फर्रुखाबाद-बांद्रा ट्रेन से फर्रुखाबाद रेलवे स्टेशन सोमवार सुबह चार बजे पहुंचा। उसे बरेली जाना था। रेलवे स्टेशन के बाहर उसने एक ई-रिक्शा लाल दरवाजा बस अड्डा जाने के लिए किया। ई-रिक्शा चालक ने बाहरी समझ उसे गलियों में घूमते हुए गंगा दरवाजा में उतार कर उसकी नकदी लूट की। पीड़ित काफी समय बाद शहर कोतवाली पहुंचा। उसने पुलिस को अपनी घटना बतायी। पुलिस ने रेलवे रोड कोतवाली के पीछे आदि कई जगहों पर सीसीटीवी खंगाले। इसके बाद उसे आरपीएफ के पास भेजा। कोतवाली पुलिस और आरपीएफ घटना एक दूसरे की तरफ बता रहें है। शहर कोतवाल भोलेंद्र चतुर्वेदी नें बताया कि ई-रिक्शा रेलवे स्टेशन से लेकर आया था। लिहाजा वहीं कार्यवाही करेंगे। रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वह बाहरी था।

### रुपयों का तगादा करने पर भतीजे ने वृद्ध चाची को मारी गोली

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तगादा करने से गुस्साए युवक ने वृद्ध चाची को गोली मार दी। गम्भीर रुप से घायल वृद्धा को एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया है। वहीं आरोपी ने कोतवाली आकर तमंचा सहित आत्मसमर्पण कर दिया। शहर कोतवाली के मोहल्ला खतराना निवासी 61 वर्षीय तनुजा तिवारी पत्नी राजेश तिवारी डाकघर में एजेंट का कार्य करतीं हैं। उनका परिवारिक भतीजे रोहित उर्फ भानू तिवारी से लेनदेन का विवाद चलता है। घायल तनुजा तिवारी ने बताया कि उसको रूपये दिये थे, लेकिन वह वापस नही कर रहा है। जिसका तगादा करने पर वह खुन्नस मानता है। सोमवार को उसी खुन्नस के चलते उसने तनुजा के पेट में गोली मारकर घायल कर दिया। उन्हें गंभीर हालत में उन्हें नालामछरट्टा स्थित एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर सीओ प्रदीप कुमार, थानाध्यक्ष कादरी गेट विनोद कुमार शुक्ला, शहर कोतवाल भोलेंद्र चतुर्वेदी आदि अस्पताल पहुंचे।

# डिजिटल वीडियो वैन गांव-गांव भाजपा का करेगी प्रचारः शिव महेश

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सोमवार** को आवास विकास स्थित भाजपा कार्यालय पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता की अध्यक्षता में पदाधिकारियों की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। बैठक में जिला संगठन प्रभारी एवं कानपुर बुंदेलखंड क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिव महेश दुबे ने कार्यक्रम के संबंध में दिशा निर्देश दिए।

शिव महेश दुबे ने कहा विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता जनपद के प्रत्येक घर तक पहुंचकर 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव के लिए माहौल बनाने का कार्य करेंगे। इस यात्रा के माध्यम से जनता के बीच जाकर केंद्र सरकार के कल्याणकारी कार्यों की जानकारी को पहुंचाएंगे। पार्टी द्वारा




बैठक को सम्बोधित करते संगठन प्रभारी शिव महेश दुबे

जनपद में 6 डिजिटल वीडियो वैन जिनको मोदी की गारंटी वाली गाड़ी कहा जाएगा, यह वीडियो वैन प्रत्येक गांव तक पहुंचेगी। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण होगा। इसके माध्यम से केंद्र सरकार की प्रत्येक कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी वीडियो के माध्यम से बताई जाएगी। सरकार द्वारा किसानों के लिए किया जा रहे हैं कार्यों को भी बताया जाएगा। किसानों में खेती के प्रति जागरूकता लाने के लिए सरकार द्वारा चलाई जा रही है। किसानों की आय को भी दोगुना और उनको आधुनिकता से जोड़ने के लिए सरकार के प्रयास भलीभूत हो रहे हैं। जिलाध्यक्ष रूपेश गुप्ता ने बताया कि विकसित भारत संकल्प यात्रा एक अभियान के रूप में चलाया जाएगा। मोदी की गारंटी वाली गाड़ी प्रत्येक गांव में पहुंचकर सरकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभ पहुंचाने का कार्य करेगी। हमारा लक्ष्य है 26 जनवरी 2024 तक यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। अभियान के प्रति शिथिलता वरतने वाले कार्यकर्ता को निष्क्रिय माना जाएगा। बैठक का संचालन जिला महामंत्री डीएस राठौर ने किया। इस अवसर पर विधायक सुशील शाक्य, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष बबीता पाठक, दिनेश कटियार, ठा0 वीरेंद्र सिंह राठौड़, हेमचंद राजपूत, अतुल दीक्षित, गोपाल राठौर, अभिषेक बाथम, अमरदीप दीक्षित, सर्वेश कुशवाहा, अभिषेक त्रिवेदी, सरस्वती वर्मा, मीरा सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।

# सोनिका स्कूल में बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण करते डा0 निखिल प्रसाद

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मेमोरियल मिशन अस्पताल के तत्वाधान में सोनिका इंटरनेशनल स्कूल में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। जिसमें दंत रोग चिकित्सक डा0 निखिल प्रसाद ने दांतों का परीक्षण किया। बच्चों के दांतों में इंफेक्शन व पायरिया व केरीज पाई गयी। जिन्हे चिकित्सीय सलाह के साथ दवाइयां दी गई। स्कूल की चेयरमैन प्रीती चतुर्वेदी, संरक्षक आरसी सक्सेना, प्रधानाचार्य अवनीश शुक्ला ने सहयोग किया। इस मौके पर शिवाक, गौरव सिंह, मुकेश मिश्रा, विनीता त्रिवेदी, अरशद अली आदि ने सहयोग किया।

# पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी व पुत्र को न्यायालय ने प्रमाण पत्र सहित किया तलब

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने उच्च न्यायालय द्वारा क्रिमिनल मिसलेनियस बेल एप्लीकेशन 2019 के मामले में अभियुक्त अतहर फारुखी उर्फ मोहम्मद अतर व पूर्व विदेश मंत्री की पत्नी लुईस खुर्शीद को धारा 409, 467, 468, 471, 120बी में अंतरिम अग्रिम जमानत प्रदान की गई तथा अभियुक्तों को आदेशित किया गया है कि वह विवेचना में सहयोग करेंगे। उच्च न्यायालय द्वारा 17 मार्च 2020 को अंतरिम स्थगन आदेश लिस्टिंग की। अग्रिम तिथि प्रभावित करने के आदेश पारित किया गया है। न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा 26 जुलाई 2021 को आदेश पारित करते हुए अभियुक्तगणों को निर्देशित किया गया कि वह उच्च न्यायालय में लंबित जमानत प्रार्थना पत्र के अंतिम रूप से निस्तारण के संबंध में नियत तिथि पर शपथ पत्र के माध्यम से स्थिति से न्यायालय को अवगत कराये। जिसके अनुपालन में शपथीगण मोहम्मद अथर व लुईस खुर्शीद द्वारा शपथ पत्र 16 अगस्त 2021 को दाखिल करते प्रार्थना पत्र के माध्यम से उच्च न्यायालय में लंबित क्रिमिनल मिसलेनियस बेल एप्लीकेशन का स्टेटस दाखिल किया गया। जिसमें आदेश 17 मार्च 2020 को ऑर्डर के लिए लिस्टेड किया गया, किंतु अभियुक्तगणों द्वारा आज तक जमानत प्रार्थना पत्र के अंतिम रूप से निस्तारण के संबंध में स्थिति से न्यायालय को अवगत नहीं कराया गया। न्यायालय ने अभियुक्तगणों को नियत तिथि 12 दिसम्बर को स्थगन आदेश के प्रमाण पत्र सहित उपस्थित होने का आदेश दिया है।

# नमो कबड्डी प्रतियोगिता का फाइनल मैच स्टेडियम टीम ने जीता

- विजेता टीम को ट्राफी व 5100 रुपये का दिया गया नगद पुरस्कार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**जनपद** स्तरीय नमो कबड्डी प्रतियोगिता भाजपा किसान मोर्चा द्वारा आयोजित की गयी। नमो कबड्डी प्रतियोगिता का सेमीफाइनल मुकाबला स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में सम्पन्न हुआ। जिसमें स्टेडियम की टीम ने फाइनल मैच जीता। समापन अवसर पर भाजपा नेताओं ने कबड्डी प्रतियोगिता का लुत्फ उठाया। विजेता व उपविजेता टीमों को शील्ड व नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दोनों टीमों के कप्तान ने पुरस्कार प्राप्त हुआ। भाजपा जिलाध्यक्ष रुपेश गुप्ता, विधायक



विजेता टीम को पुरस्कृत करते भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक सुशील शाक्य

सुशील शाक्य, बीके गंगवार, जिला प्रभारी शिवमहेश दुबे, मृदुल गंगवार, शैलेन्द्र सिंह, फतेहगढ़ नगर अध्यक्ष रामवीर चौहान, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अश्नील दिवाकर, अजीत पाण्डेय, श्याम नारायन शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे। प्रतियोगिता में स्टेडियम टीम विजेता बनी। उप विजेता राधा-रानी क्लब मोहम्मदाबाद रहा। निर्णायक मण्डल में जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, जिला व्यायाम शिक्षक संजीव कटियार, आलोक यादव, अरुण कुमार, अतुल कटियार, अभिषेक शाक्य, सौरव शर्मा, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, प्रदीप यादव, सपना यादव, सुभाष चन्द्र यादव ने भूमिका निभाई। प्रथम सेमीफाइनल मैच टिकुरियन नगला औरा राधा-रानी टीम के बीच हुआ। राधा-रानी मोहम्मदाबाद टीम ने 27 अंक व टिकुरियन नगला को 23 अंक मिले। दूसरा सेमीफाइनल मैच मदनपुर व स्टेडियम टीम के बीच हुआ। मदनपुर टीम का स्कोर 25 व स्टेडियम टीम का स्कोर 37 रहा। फाइनल में स्टेडियम टीम व राधा-रानी के बीच मैच हुआ। 34 अंक लेकर स्टेडियम टीम विजेता बनी। 28 अंक के साथ राधा-रानी टीम उप विजेता रही। विजेता टीम स्टेडियम को 5100 रुपये का नगद पुरस्कार विधायक सुशील शाक्य द्वारा टीम के कप्तान राहुल पाल को दिया गया।

# सपा की बैठक खराब मौसम के चलते हुई स्थगित



बैठक स्थगित होने के बाद मौजूद सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

- तय समय पर केवल सैनिक प्रकोष्ठ के ही पदाधिकारी पहुंचे

**समाजवादी** पार्टी की बैठक आवास विकास कार्यालय पर छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा की अध्यक्षता में सम्पन्न होने वाली थी। खराब मौसम के चलते बैठक को स्थगित किया गया। तय समय के अनुसार बैठक में केवल समाजवादी सैनिक प्रकोष्ठ के ही लोग पहुंच पाये। अन्य नेताओं के न आने व खराब मौसम के चलते होने वाली बैठक को निरस्त किया गया। सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने सैनिक प्रकोष्ठ के सदस्यों के साथ पार्टी कार्यालय पर पहुंचने पर सभी का आभार व्यक्त किया और बताया कि अगली बैठक जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार की जायेगी। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के कई पदाधिकारी पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर कोल समाज ने दी बधाई

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** भाजपा की तीन राज्यों में जीत पर कोल समाज के जय श्री राम सबरी आदिवासी कोल समाज सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष मंजू शिखा कोल ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भाजपा नेतृत्व को बधाई दी और कहा कि आगामी 2024 में फिर भाजपा की सरकार केंद्र में बनेगी। नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा को तीनों राज्यों में वोट मिला। सपा, बसपा ने केवल दलितों के साथ अन्याय व अत्याचार किया। दलित समाज ने राष्ट्र के प्रति समर्पित होकर भाजपा को वोट दिया। जिससे प्रचंड बहुमत के साथ तीन राज्यों में सरकार बनी। मंजू शिखा ने सभी को बधाई दी।

# पूर्व विधायक उर्मिला के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी

- सिपाही को पीटने का मामला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**सिपाही** के साथ मारपीट करने के मामले में पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के खिलाफ न्यायालय से गैर जमानती वारंट जारी। 3 दिसंबर 2001 को घुमना चौकी में तैनात कांस्टेबिल बृजेश कुमार ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसमें दर्शाया की ड्यूटी के दौरान मैं पिकट पर ड्यूटी कर रहा था, तभी उर्मिला राजपूत शाम के समय रेलवे रोड की तरफ से अपनी कर से आई और चौक चौराहे पर गाड़ी खड़ी कर दी। जिसे यातायात अवरुद्ध हो गया। मैंने उनसे कहा कि गाड़ी किनारे कर लो। इतना सुनते ही वह आग बबूला हो गई और गालियां देती हुई बोली की साले दो टके के सिपाही तेरी इतनी हिम्मत, तुझे अभी तेरी औकात दिखाती हूं। उनके साथ गाड़ी में उनके दो साथी सूरज, शिवरतन से कहा कि पकड़ लो इसे और पकड़ लिया। उर्मिला राजपूत ने मेरे थप्पड़ व जूते से मेरी पिटाई कर दी। इस दौरान कांस्टेबिल शिशुपाल सिंह आ गया तब तक यह लोग गाड़ी में बैठकर चले गए। इस घटना को स्थानीय लोगों ने देखा। जिससे भय व्याप्त हो गया। इसी मामले में अदालत ने पूर्व विधायक उर्मिला राजपूत के विरुद्ध गैर जमानती वारंट जारी किया है।

# वोटर चेतना महाअभियान के तहत विकास राजपूत ने बनवाये नये वोट

- लोकसभा विस्तारक विपिन तिवारी रहे मौजूद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

**वोटर चेतना** महाअभियान के तहत फर्रुखाबाद लोकसभा के संभावित प्रत्याशी व समाजसेवी विकास राजपूत ने रविवार को ब्लाक राजेपुर के कई क्षेत्रों में लोकसभा विस्तारक के साथ पहुंचकर फार्म-6 भरवाकर नये वोट बनवाये।

इसी क्रम में ब्लाक राजेपुर के ग्राम गांधी में वोटर चेतना महाअभियान के तहत ग्रामीणों से सम्पर्क कर उन्हें समझाया कि मतदान आपका अधिकार है उसे अवश्यक करें। जो युवा 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके है वह अपना वोट अवश्य बनवाये।



बूथ पर नये वोट बनवाते विकास राजपूत

नये मतदाताओं को आने वाले मतदान के महापर्व में शामिल करने के लिए फार्म-6 भरकर जमा अवश्य करें और इस कार्य के लिए बीएलओ को भी लगाया गया है उन्हें फार्म उपलब्ध करा दिये गये है। इस अवसर पर लोकसभा विस्तारक विपिन तिवारी, बीएलओ राजवीर सिंह, राजेपुर मंडल कोषाध्यक्ष रमेश सिंह सोमवंशी, युवा मोर्चा राजेपुर मंडल अध्यक्ष पिंटू सोमवंशी, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमृतपुर मनोज मिश्रा, ग्रामवासी व भाजपा के अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सम्मेलन — दिव्यांग सम्मेलन में जनपद के अभिषेक त्रिवेदी हुए सम्मानित

# आने वाले समय में दिव्यांगजन तीसरी बार बनायेंगे मोदी को प्रधानमंत्री

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज


**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक/ राज्य सहकारी बोर्ड के सदस्य अभिषेक त्रिवेदी को विश्व दिव्यांग दिवस के मौके पर भाजपा प्रदेश मुख्यालय लखनऊ में सम्मानित किया। अभिषेक त्रिवेदी ने विद्यार्थी परिषद से लेकर अब तक लम्बे समय तक पार्टी में कार्य किया है। दिव्यांग होने के बावजूद भी अपनी भागीदारी राजनीति में सक्रिय रखी और जनपद को शीर्ष नेतृत्व तक पहुंचाने में योगदान दिया। प्रदेश में 85 लाख से ज्यादा दिव्यांगजन निवास करते है। दिव्यांगजनों की सर्वाधिक संख्या प्रदेश में है। उन सभी को पार्टी में जोड़ना और पार्टी स्तर पर लाभ पहुंचाना दिव्यांग प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक का दायित्व संभाला अपने आप में एक जिम्मेदारी है। साथ ही संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने व दिव्यांगों को पार्टी से जोड़ने व प्रकोष्ठ को शिखर तक पहुंचाने में अभिषेक त्रिवेदी ने अहम भूमिका अदा की है। कई क्षेत्रों में पार्टी के लिए प्रचार-प्रसार किया। चुनावी रैली की। जिसके तहत दिव्यांग दिवस पर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा अभिषेक त्रिवेदी को सम्मानित किया गया। डा0 उत्तम ओझा ने भी अभिषेक त्रिवेदी के कार्यों की सराहना की। जनपद के जिला संयोजक आशीष दुबे, अमूल्य गंगवार, गोपाल गुप्ता ने कार्यक्रम में भाग लिया। साथ ही तीनों प्रांतों में भाजपा सरकार बनने पर बधाई दी। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सम्मानित होने पर बधाई दी गई। इस मौके पर अवनीश कुमार प्रजापति, हीरालाल, सरोज, डॉ0 राजेश सिंह, डॉ0 अनुपम जैन, परविंदर सिंह राणा, बिट्टू चौधरी, सीमा यादव, रिंकी सिंह आदि मौजूद रहे।



दिव्यांग सम्मेलन में सम्मानित होते अभिषेक त्रिवेदी

# संसदीय और विधानसभा चुनावों में भाजपा लगाएगी जीत की हैट्रिक : मनोहर लाल

एजेंसी



**सोनीपत।** हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि हाल के विधानसभा चुनाव परिणामों में भारतीय जनता पार्टी ने हैट्रिक लगाते हुए जो प्रचंड बहुमत हासिल किया है, उसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले वर्ष मई में होने वाले आगामी संसदीय चुनावों में भी दोहराएंगे। इसके चार महीने बाद हरियाणा विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह की हैट्रिक लगेगी। वे सोमवार को सोनीपत में विकसित भारत संकल्प एवं जन संवाद यात्रा कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश व देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में केंद्र सरकार की नीतियों और कार्यक्रमों में विश्वास व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की देश के लोगों के स्वर्णिम भविष्य की गारंटी है।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने वृद्धावस्था पेंशन के लाभार्थियों से सीधे बातचीत भी की। इसके अतिरिक्त, उन्होंने परिवार पहचान पत्र के माध्यम से सत्यापित डेटा के आधार पर सोनीपत जिले के 3000 पात्र लाभार्थियों को वृद्धावस्था पेंशन के वितरण की शुरुआत की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार का प्राथमिक उद्देश्य लोगों को गरीबी से ऊपर उठाना है।

उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए प्रदेश में नागरिकों के कल्याण के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं लागू की जा रही हैं। कार्यक्रम में सांसद रमेश कौशिक सहित विधायक मोहनलाल बड़ौली, विधायक निर्मल चौधरी, जिला परिषद की चेयरमैन मोनिका दहिया, पूर्व मंत्री कविता जैन, जिलाध्यक्ष तीर्थ राणा, पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन, डा. रामकिशन सरोहा, जसबीर दोदवा आदि माजूद रहे।

## दो वर्षों में पेट्रोल की कीमतों में 11 प्रतिशत की कमी : पुरी

**नई दिल्ली।** सरकार ने आज राज्यसभा में कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में पिछले दो वर्षों में पेट्रोल की कीमतों में 11 प्रतिशत की कमी की गयी है और डीजल की कीमत भी कम हुयी है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने आज शीतकालीन सत्र के पहले दिन सदन में प्रश्नकाल के दौरान एक पूरक प्रश्न के उत्तर में कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में नवंबर 2021 और मई 2022 में पेट्रोल की कीमतों में कुल मिलाकर 11 प्रतिशत की कमी की गयी थी। यह कमी विशेषकर केन्द्र सरकार ने केन्द्रीय उत्पाद शुल्क में कटौती कर की थी। उन्होंने इथेनॉल मिश्रित जैव ईंधन की उपलब्धता बढ़ने का उल्लेख करते हुये कहा कि नवंबर 2022 में 10 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण का लक्ष्य रखा गया था लेकिन सरकार की कोशिश से इस लक्ष्य को पांच महीने पहले ही हासिल कर लिया गया था और अब 20 प्रतिशत मिश्रण के लक्ष्य को वर्ष 2025 तक हासिल करने का लक्ष्य रखा गया है और हासिल कर लिया जायेगा क्योंकि अभी 12 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रण हासिल कर लिया गया है।

# गृह मंत्री शाह करेंगे अभाविप के 69वें अधिवेशन का उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (अभाविप) के दिल्ली में आयोजित होने जा रहे राष्ट्रीय अधिवेशन का उद्घाटन 08 दिसंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी द्वारा दिल्ली के बुराड़ी स्थित डीडीए ग्राउंड में किया जाएगा। विद्यार्थी परिषद का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली में 07 से 10 दिसंबर के बीच आयोजित हो रहा है, जिसमें देशभर के सभी राज्यों से दस हजार से अधिक विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

अभाविप के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय अधिवेशन को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी है, चार दिनों तक छात्र डीडीए ग्राउंड, बुराड़ी में बसाई गई अस्थायी टेंट सिटी में रुकेंगे। इस टेंट सिटी का नाम दिल्ली के महाभारतकालीन नाम पर इंद्रप्रस्थ नगर रखा गया है। उन्होंने बताया कि 07-10 दिसंबर आयोजित होने जा रहा विद्यार्थी परिषद

### अधिवेशन के लिए दिल्ली पहुंचेंगे दस हजार विद्यार्थी

69वां राष्ट्रीय अधिवेशन कई मायनों में महत्वपूर्ण है, इस अधिवेशन में 10 हजार से अधिक प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे तथा विभिन्न प्रदर्शनियों के माध्यम से भारत का लघु दर्शन करने का अवसर मिलेगा। अधिवेशन को लेकर दिल्ली में तैयारियां पूरी हो चुकी है, अधिवेशन में जीरो फूड वेस्ट, जीरो प्लास्टिक जैसे कई प्रयोग किए जा रहे हैं। अधिवेशन को भव्यता प्रदान करने हेतु दिल्ली के शैक्षणिक संस्थानों के छात्र दिन-रात लगे हुए हैं व सम्पूर्ण भारत से आ रहे प्रतिनिधियों का स्वागत करने को तैयार हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की स्थापना के 75वें वर्ष का यह अमृत महोत्सव राष्ट्रीय अधिवेशन देशभर के युवाओं की उपस्थिति, संवाद के विषयों की विविधता सहित विभिन्न पक्षों में विशिष्ट है।

## खबरें एक नजर में

### अशोका ब्रांड के तेल और घी खरीदने पर मिलेंगे कई उपहार

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रसिद्ध ब्रांड डाटा ग्रुप की ओर से व्यापारियों के लिए एक शानदार ऑफर प्रस्तुत किया गया है। इस ऑफर के तहत अशोका ब्रांड की कच्ची घानी सरसों तेल, वनस्पति घी और रिफाइंड तेल की खरीदारी पर अलग-अलग उपहार देने की घोषणा की गई है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत चांदी, सोना और कार जैसी बहुमूल्य चीजें जीतने का शानदार मौका दिया गया है। व्यापारियों को इस ऑफर के तहत 300 टन की खरीदारी पर 100 ग्राम चांदी, 600 टन की खरीदारी पर 10 ग्राम सोना, 800 टन की खरीदारी पर 30 ग्राम सोना, 1400 टन की खरीदारी पर मारुति स्विफ्ट डिजायर, 1900 टन की खरीदारी पर मारुति ब्रेजा और 2400 टन की खरीदारी पर इनोवा क्रिस्टा कार उपहार में दिए जाएंगे। यह ऑफर 1 अप्रैल 2023 से मार्च 2024 तक मान्य है। व्यापारियों को लकी ड्रॉ के तहत भी उपहार दिए जाएंगे। इस लकी ड्रॉ में तीन दिन दुबई की यात्रा शामिल होगी। जहां फ्लाइट टिकट के साथ होटल में तीन दिन और दो रात की सुविधा होगी। लकी ड्रॉ के जरिये 9 टन का हर ट्रक अपने आप लकी ड्रॉ का हिस्सा बन जाएगा। इसके जरिए 5 विजेताओं का चयन किया जाएगा। डाटा ग्रुप के प्रबंध निदेशक श्री अजय डाटा ने कहा कि यह ऑफर व्यापारियों के लिए है, जिन्होंने वर्षों से अशोका सरसों तेल को चुना है। कंपनी लोगों के स्वास्थ्य को देखते हुए सर्वश्रेष्ठ श्रेणी का सरसों का तेल प्रदान करती है। यही कारण है कि खाद्य तेल के रूप में इसने अपनी अलग पहचान स्थापित की है।

### मैजिक मोमेन्ट्स म्युजिक स्टूडियो और 8 पीएम पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर लखनऊ में ला रहे हैं किंग का लाईव शो




**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** रेडिको खेतान की ओर से मैजिक मोमेन्ट्स म्युज़िक स्टुडियो और 8 पीएम पैकेज्ड ड्रिंकिंग वॉटर 10 दिसंबर 2023 को लुलु मॉल, लखनऊ में जाने-माने गायक किंग के साथ दर्शकों को संगीत की धुनों से लुभाने के लिए तैयार हैं। बुकमायशो के साथ साझेदारी में दोनों ब्राण्ड्स देश के विभिन्न शहरों में म्युज़िक टूर- 'किंग न्यू इंडिया टूर 2023' को को-पावर कर रहे हैं। रेडिको खेतान, सनबर्न म्युज़िक फेस्टिवल के साथ साझेदारी और हाल ही में बॉलीबूम के सहयोग से संगीत एवं कलाकारों को समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करता रहा है। इस साझेदारी पर बात करते हुए अमर सिन्हा, चीफ़ ऑपरेटिंग ऑफिसर, रेडिको खेतान लिमिटेड ने कहा, ''रेडिको खेतान प्यार की युनिवर्सल भाषा के माध्यम से संगीत की क्षमता के द्वारा सीमाओं को पार करने और लोगों को एकजुट करने की ताकत को समझता है। संगीत की दुनिया के दिग्गजों जैसे सनबर्न म्युज़िक फेस्टिवल, प्रतीक कुहाड़ और रोनन कीटिंग के साथ सफल साझेदारी के बाद, हमें खुशी है कि इस प्रतिष्ठित म्युज़िकल टूर के लिए हमें बुकमायशो के साथ पार्टनरशिप का मौका मिला है। किंग को संगीत की समृद्ध विविधता के लिए जाना जाता है और इस साझेदारी के माध्यम से हम ऐसा मंच बनाना चाहते हैं जो उनकी कला के जादू से हमें देश भर के दर्शकों के साथ जोड़ेगा।

### हिंद महासागर टूना आयोग-वैज्ञानिक समिति की बैठक मुंबई में शुरू

**नई दिल्ली।** भारत में आयोजित होने वाले हिंद महासागर टूना आयोग-वैज्ञानिक समिति की बैठक सोमवार को मुंबई में शुरू हो गई। इस 5 दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर केंद्रीय पशुपालन, मत्स्य और डेरी मंत्री परषोत्तम रुपाला ने साझा की है। इस मौके पर रुपाला ने कहा है कि हिंद महासागर टूना आयोग की बैठक के इस महत्वपूर्ण सत्र से महत्वपूर्ण परिणाम सामने आएंगे।

### कई अन्य विमानों की 33 उड़ानें बेंगलुरु की ओर डायवर्ट

**बेंगलुरु।** 'मिगजॉम' चक्रवात के चलते तमिलनाडु में भारी बारिश के बीच सोमवार को 33 उड़ानें चेन्नई से यहां केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) की ओर मोड़ दी गईं।. केआईए का संचालन करने वाली बेंगलूर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा लिमिटेड (बीआईएएल) के अधिकारियों ने बताया कि इंडिगो, स्पाइसजेट, एतिहाद, लुफ्थांसा और गल्फएयर की घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को चेन्नई से बेंगलुरु की ओर मोड़ दिया गया है। चेन्नई में कई उड़ान रद्द की जा चुकी हैं।बता दें कि चक्रवात मिगजॉम के तमिलनाडु तट के करीब पहुंचने से चेन्नई के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई. कई पेड़ उखड़ गए हैं. कांचीपुरम में भी तेज बारिश हुई. बारिश की वजह से सड़कों पर जलभराव हुआ। चेन्नई के अधिकांश हिस्से पानी में डूबे हुए हैं, निचले इलाकों में भारी बाढ़ आ गई है। चक्रवात के कल दोपहर नेल्लोर और मछलीपट्टनम के बीच टकराने की आशंका है।

# मणिपुर के कुछ इलाकों को छोड़कर मोबाइल इंटरनेट सेवा हुई बहाल

एजेंसी

**इंफाल।** मणिपुर सरकार ने एक बार फिर आम जनता को होने वाली असुविधाओं और मौजूदा कानून व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए राज्य के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में इंटरनेट/मोबाइल डेटा, एमएमएस सेवाओं के निलंबन में तत्काल प्रभाव से ढील देने का फैसला किया है।

सरकार द्वारा रविवार को जारी किए गए नवीनतम आदेशों में घोषणा की गई है कि मणिपुर राज्य के क्षेत्रीय अधिकार क्षेत्र में इंटरनेट/मोबाइल डेटा, एमएमएस सेवाओं के निलंबन में ढील दी गई है। सेवाओं में 18 दिसंबर तक 15 दिनों के लिए कुछ विशेष जिलों के निकटवर्ती क्षेत्रों के 2 किलोमीटर के दायरे में मोबाइल टावरों की खानपान सेवाओं को छोड़कर छूट दी गई है। अधिसूचना के अनुसार चंदेल और काकचिंग, चुराचांदपुर और बिष्णुपुर जैसे जिलों के बीच के क्षेत्रों में दो किलोमीटर के दायरे में सेवाएं प्रदान करने वाले मोबाइल टावर की सेवाओं पर प्रतिबंध जारी रहेगा। इसके अलावा चुराचांदपुर और काकचिंग, कांगपोकपी और इंफाल पश्चिम, कांगपोकपी और इंफाल पूर्व, कांगपोकपी और थौबल तथा तेंगनौपाल और काकचिंग जैसे जिलों के बीच के क्षेत्रों में दो किलोमीटर के दायरे में यह प्रतिबंध रहेगा।

मणिपुर में तीन मई को जातीय हिंसा भड़कने के बाद से सितंबर में कुछ दिनों को छोड़कर, मोबाइल इंटरनेट पर प्रतिबंध लगा हुआ है। राज्य में मेइती समुदाय द्वारा अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा देने की मांग के विरोध में पहाड़ी जिलों में आदिवासी एकजुटता मार्च के आयोजन के बाद जातीय हिंसा भड़क गई थी, जिसमें अब तक 180 से अधिक लोगों की जान जा चुकी है। मणिपुर की आबादी में मेइती समुदाय की हिस्सेदारी लगभग 53 प्रतिशत है और वे ज्यादातर इंफाल घाटी में रहते हैं।

## आप सांसद राघव चड्ढा का निलंबन वापस

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने सोमवार को आम आदमी पार्टी के सदस्य राघव चड्ढा का विशेषाधिकार हनन के मामले में उच्च सदन से निलंबन वापस ले लिया है। पंजाब से आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने 11 अगस्त को मानसून सत्र के दौरान 5 सदस्यों की बिना अनुमति के उनका नाम दिल्ली से जुड़े एक विधेयक को प्रवर समिति को भेजे जाने के प्रस्ताव में शामिल किया था। इन सदस्यों ने राघव चड्ढा के खिलाफ शिकायत की थी। मामला संसद की विशेषाधिकार समिति को भेजा गया था और उन्हें सदन की कार्रवाई से समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित कर दिया गया था। आज सदन की कार्रवाई के दौरान भारतीय जनता पार्टी के सांसद जीवीएल नरसिम्हा राव ने सदन को जानकारी दी कि विशेषाधिकार समिति ने उन्हें मामले में दोषी पाया है। हालांकि दंड स्वरूप उनके निलंबन का कार्यकाल काफी है और इसे देखते हुए वे उनका निलंबन हटाए जाने का प्रस्ताव रखते हैं।

# 2024 में तेलंगाना की सभी लोकसभा सीटें जीतेगी भाजपा : जी किशन रेड्डी

एजेंसी



**नई दिल्ली।** तेलंगाना विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद केंद्रीय मंत्री और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किशन रेड्डी ने दावा किया कि 2024 में भारतीय जनता पार्टी सूबे की सभी लोकसभा सीटों पर जीत हासिल करेगी।

उन्होंने सोमवार को नई दिल्ली में कहा कि इस विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पहले से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 8 सीटें जीती। साल 2018 में भाजपा ने सिर्फ एक सीट जीती थी। उन्होंने कहा कि भाजपा का वोट प्रतिशत 6.9 प्रतिशत से बढ़कर 14 प्रतिशत हो गया है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में हार के कारणों की हम समीक्षा करेंगे और राष्ट्रीय नेतृत्व और तेलंगाना के साथ राज्य नेतृत्व के साथ चर्चा की जाएगी, ताकि कमियों को दूर कर लोकसभा चुनाव में उतरें और सभी लोकसभा सीटें जीतें। उन्होंने कहा कि कटिपल्ली वेंकट रमण रेड्डी ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

उन्होंने केसीआर और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष रेवंत रेड्डी को हराकर भाजपा का झंडा फहराया है। उल्लेखनीय है कि तेलंगाना की 119 विधानसभा सीटों में कांग्रेस ने 64 सीटों पर जीत हासिल कर भारत राष्ट्र समिति को सत्ता से बाहर कर दिया है। बीआरएस को 39 सीटों से संतोष करना पड़ा है। इस चुनाव में भाजपा ने 8 सीटें जीती है।

## संस्कृति मिश्र के कविता-संग्रह को मिला पुरस्कार

**नयी दिल्ली।** साहित्य अकादेमी ने सोमवार को मैथिली भाषा के लिए कवयित्री संस्कृति मिश्र की कृति 'कहबाक अछि हमरा' (कविता-संग्रह) को साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2023 देने की घोषणा की। साहित्य अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने यहां बताया कि साहित्य अकादेमी ने मैथिली में साहित्य अकादेमी युवा पुरस्कार 2023 की घोषणा कर दी है। यह पुरस्कार मैथिली भाषा के लिए कवयित्री संस्कृति मिश्र की कृति 'कहबाक अछि हमरा' (कविता-संग्रह) को प्रदान किया जाएगा।

# हमीरपुर में 600 साल पुराने ऐतिहासिक गुदरिया मेले की चल रही है तैयारी

**हमीरपुर।** जनपद के एक बड़े कस्बे में छह सौ साल पुराने गुदरिया बाबा के मेले की तैयारियां अब शुरू हो गई है। सात दिनों तक चलने वाले इस एतिहासिक मेले में खेल, तमाशा समेत अन्य कार्यक्रमों की धूम मचेगी। हिन्दु मुस्लिम एकता के प्रतीक एक मेले में टूटी फूटी बोली भाषा में रामलीला का मंचन भी होगा जिसे देखने के लिए लोगों की भीड़ भी उमड़ती है।

जिले के मुस्करा कस्बे में हिन्दु मुस्लिम एकता का प्रतीक गुदरिया बाबा रौरों मेला का इतिहास छह सौ साल पुराना है। जो हर साल अगहन सुदी छठ से खेल तमाशों के साथ शुरू होता है। पांच दिनों तक गांव की हर अस्थायी में प्रतिदिन अलग-अलग खेल तमाशे खेले जाते है। छठवें दिन कोतवाली नामक मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। मुस्करा कस्बा निवासी व राष्ट्रीय ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हरस्वरूप व्यास ने बताया कि अमावस्या के बाद सुदी छठ से एतिहासिक मेले का आगाज होगा। जो लगातार सात दिनों तक टूटी फूटी भाषा में कलाकार कार्यक्रम करेंगे उन्होंने बताया कि एतिहासिक गुदरिया बाबा रौरों मेले में अलग-अलग किरदारों में हिन्दु और मुस्लिम लोगों बड़ी भूमिका निभाते है। बताया कि कस्बे की 10 अस्थायी जगहों पर कार्यक्रमोंका आयोजन किया जाता है। इसके बाद दो दिनों तक विराट दंगल का आयोजन होगा। एक सप्ताह तक चलने वाले मेले में रात्रि में रामलीला का आयोजन हर साल होता है जिसे देखने के लिये आसपास के तमाम गांवों के लोगों की भीड़ उमड़ती है।

ग्राम प्रधान संगठन के राष्ट्रीय महासचिव हरस्वरूप व्यास ने बताया कि मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की अमावस्या को एतिहासिक मेले को लेकर शोधन होता है। फिर गांव के सभी जमींदार अस्थायी मालिक एक जगह एकत्र होते है। बताया कि शुक्ल पक्ष की चतुर्थी को चिटियां चुनाई जाती है फिर गुदरी में खेल होते ही छठ से तमाशें शुरू हो जाते है। बताया कि एतिहासिक मेले के पहले दिन छठ को नटबिड़िया सप्तमी को चोर, दीवारी, धुबियाई, पमारों के बाद एकादशी के दिन मुख्य कार्यक्रम कोतवाली होगा।




मुस्करा के सरपंच महेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गुदरिया बाबा रौरों का मेला बुन्देलखंड का प्रमुख मेला है जिसे लेकर पूरे क्षेत्र में बड़ा उत्साह लोगों में रहता है। उन्होंने बताया किसात दिवसीय एतिहासिक मेले को लेकर पूरे गांव के लोग मदद करते है। गुदरिया बाबा के मेले में खेल तमाशे के साथ ही बनरा, नागा, कालीस वहकटा, कोतवाली समेत तमाम कार्यक्रमों की धूम मचती है। इसके अलावा रामलीला की टूटी फूटी नकल के रूप में खेल और तमाशे हर साल की तरह इस बार भी होंगे।

# तीन दिन में एनिमल 350 करोड़ के पार, रणबीर की फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर उड़ाई गर्दा

संदीप रेड्डी वांगा निर्देशित फिल्म एनिमल लगातार तीसरते दिन भी बॉक्स ऑफिस पर गरजती नजर आई। रणबीर कपूर, अनिल कपूर, बॉबी देओल और रश्मिका मंदाना की इस फिल्म ने रविवार को यानी तीसरे दिन सिनेमाघरों में गर्दा उड़ा दिया है। एनिमल ने बॉलीवुड के कई रेकॉर्ड्स ध्वस्त कर डाले हैं। इस फिल्म ने रविवार को बॉक्स ऑफिस पर सुनामी ला दी है। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक ये फिल्म जवान से बस 4 करोड़ ही पीछे रह गई है। बस थोड़े से आंकड़ों के लिए ये फिल्म बॉलीवुड की अब तक सबसे बम्पर कमाई करने वाली फिल्म बनने से चूक गई है। इस साल बॉक्स ऑफिस सबसे पहले शाहरुख की पठान ने, फिर सनी देओल की गदर 2 ने, फिर शाहरुख की जवान और सलमान की टाइगर 3 ने बम्पर कमाई की है। लंबे समय के सूखेपन के बाद इन बॉलीवुड फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर जो कहर गिराया है उसने न जाने कितने रेकॉर्ड्स तोड़े, जिसमें साउथ की भी कई फिल्में हवा हो गई। अब साल जाते-जाते रणबीर कपूर और बॉबी देओल की एनिमल ने गरजना शुरू कर दिया है और ऐसा बवाल मचा डाला है जो शायद पहले किसी ने सोचा भी न हो। दरअसल फिल्म के ट्रेलर के बाद से ही लोग इस फिल्म को देखने के लिए उत्साहित दिखे और उसका रिजल्ट बॉक्स ऑफिस पर भी खूब दिख रहा है। फिल्म ने शानदार ओपनिंग तो की है, अब तीसरे दिन रविवार को इसने छप्पर फाड़कर कमाई कर डाली है। रिपोर्ट के मुताबिक एनिमल ने रविवार को अब तक की सबसे अधिक कमाई की है।

इस फिल्म ने तीसरे बॉक्स ऑफिस पर 71.46 करोड़ रुपये की कमाई की है, जो जबरदस्त है। रणबीर की इस फिल्म ने 63.8 करोड़ रुपये की शानदार ओपनिंग की थी और दूसरे दिन इसकी कमाई में और अधिक उछाल आया।



# सपेरों में दुल्हन के बदले देनी पड़ती है दुल्हन



दीपांशु यादव

**ककवन, समृद्धि न्यूज।** हमारे देश में तरह-तरह की परम्पराएं प्रचलन में है। कुछ परंपराएं तो ऐसी हैं। जिनके बारे में आप कल्पना भी नहीं कर सकते हैं। परंपराओं के नाम पर अक्सर हो हल्ला सुनाई पड़ता है, लेकिन उसके बाद भी अनूठी परंपरा कायम है। आज हम आपको एक अनूठी परंपरा के बारे में बताने जा रहे हैं। जिसे सुनकर आप निश्चित तौर पर चौंक जाएंगे। सपेरा जनजाति के लोगों की शादी में दुल्हन के बदले दुल्हन देने का रिवाज है। इस अनूठी परंपरा के चलते इस कबीले में कभी कन्या भ्रूण हत्या नहीं होती है। ककवन विकासखंड मनावां ग्राम पंचायत के जोगिनडेरा मजरे में रहने वाले सपेरा समुदाय के लोगों को पूर्वज लगभग 6 दशक पूर्व इस ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान स्व मेवालाल यादव ने बसाया था। उस समय इस समुदाय के लोग भिक्षावृत्ति करके व बीन की धुन पर विषैले कोबरा का नचाकर दिखाकर लोगों का मनोरंजन करते थे। मनोरंजन के बदले मिली बक्सीस से अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। सरकार द्वारा सांप पकड़ने पर पाबंदी लगा देने के बाद कुछ लोग चोरी-छिपे आज भी सांप दिखाकर अपने परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे हैं। इन सपेरा समुदाय के लोग वर्तमान समय में नागिन बैंड की दुकानें खोलकर, कृषि, मेहनत मजदूरी करके अपनी जीविका चलाने लगे हैं। लेकिन फिर भी इस समुदाय के लोग अपने पूर्वजों द्वारा कबीले के बनाए गए नियमों को आज भी संजोए रखे हैं। वही दूसरी ओर कबीले द्वारा शादी में दुल्हन के बदले दुल्हन देने का रिवाज है। इस प्रथा को साटा-पल्टा कहा जाता है, यदि देने के लिए दुल्हन न हो तो इस समुदाय में शादी नहीं होती है। यदि किसी के पास देने के लिए दुल्हन नहीं है तो लड़के को लड़की के घर जमाई बनकर रहना पड़ता है। सपेरा समुदाय के रीति-रिवाज भी अनोखे है शादी की तिथि तय होने पर मुखिया पंचायत बुलाता है और सभी को शादी का न्योता देता है। दहेज में महुअर झोली देना अनिवार्य है। साथ ही दुल्हे को सांप पकड़ने की कला आनी चाहिए। सपेरा समुदाय के मुखिया भगवान नाथ बताते हैं कि हमारे कबीले के रीति-रिवाज भले ही कठोर है लेकिन इससे आपस में भाईचारा कायम रहता है। जहां लोग लड़कियों को गर्भ में ही मार देते है वहीं इस प्रथा के चलते हमारे कबीले में कभी भ्रूण हत्या नहीं होती है।

**अनूठी प्रथा के चलते इस समुदाय में कभी नहीं होती है भ्रूण हत्या**

# अच्छे से ब्रश करने पर भी दांत क्यों हैं पीले?

हर व्यक्ति चाहता है कि उसके दांत सफेद हो। सफेद दांत ही चेहरे की खूबसूरती पर चार चांद लगता है। सफेद दांतों से पर्सनालिटी खिलती और हंसते हुए चेहरे पर अलग ही नूर दिखता है। लेकिन कई लोग अच्छे से रेगुलर ब्रश करने के बाद भी पीले दांत से निजात नहीं मिलती, तो उसके पीछे ये वजहें हो सकती हैं....

## दातों के पीलापन की ये हो सकती है वजह

**पोषण की कमी**

छोटे बच्चों में अक्सर पीले दांतों की समस्या नजर आती है। इसका सबसे बड़ा कारण न्यूट्रिशन की कमी हो सकती है। पोषण की कमी के कारण दांतों के एनामेल का ठीका से विकास नहीं हो पाता है और दांतों पर स्ट्रेन और पीलापन नजर आने लगते हैं। उम्र बढ़ने के साथ- साथ दांतों से एनामेल हटने लगता है और उसके नीचे की पीली डेंटिन नजर आने लगती है, जिससे दांतों पर पीलापन नजर आने लगता है।



### स्मोकिंग या टैबको

स्मोकिंग और टैबको की आदत भी दांतों के पीलेपन का बड़ा कारण होती है। सिगरेट पीने या टैबको चबाने के कारण दांतों पर धीरे- धीरे पीली परत चढ़ने लगती है। इससे साफ करना आसान नहीं होता है। कुछ ड्रग्स भी दांतों के पीलेपन का कारण हो सकते हैं। इसमें हाई ब्लड प्रेशर की दवा और एंटीबायोटिक्स शामिल है।

### टी, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक ज्यादा पीने से

जिन लोगों को चाय, कॉफी या कोल्ड ड्रिंक पीने की बहुत ज्यादा आदत होती है, उससे सफेद दांतों को बहुत नुकसान पहुंचता है। चाय और कॉफी के कलर से दांतों के सफेद रंग को नुकसान होता है। सोडा में ऐसे कैमिकल्स होते हैं, जो एनामेल को हार्म पहुंचाते हैं।

## अन्य बीमारियां भी हो सकती हैं वजह

**कैल्शियम की कमी और कुछ बीमारियों के कारण भी दांतों में पीलापन आ जाता है। मसूड़ों में इंफेक्शन के कारण होने वाले जिंजीवाइटिस से भी दांत पीले नजर आने लगते हैं। ओरल बीमारियों और लीवर संबंधी बीमारियां के कारण भी दांतों पर पीलापन नजर आता है।**